करे जैसे, तीर्थङ्कर, केवली, अवधिज्ञानी, मनः पर्यवज्ञानी, चतुर्दश पूर्व, दशपूर्व, उत्कृष्ट लब्धी वाले चारित्रीयोंको जिन कहते हैं, जिनकी वैयावृत्ति करे तथा उनके परिवार जैसे आचार्य, उपाध्याय, साधु, बाल, वृद्ध, ग्लान, तपस्वी, चैत्य, श्रमणसंघ ये सब जिनाज्ञाके आराधक हैं, बड़े गुणी हैं, इससे जिन पदमें इन्हींकी वैयावृत्ति करना हमारे मनुष्य भवका लाभ है, जो जिनको आराधन करे वो जिन होवे, वह धन्य है, कृत्य पुण्य है, जिन्होंने उक्त दश पदकी वैयावृत्ति की वही आराधक है, अल्प संसारी हैं श्री जिनजीके सेवन वैयावृत्ति का अजब तमाशा हैं जैसे अन्य हरिहरादि देव सातिशय भक्तिसे प्रसन्न होते हैं और आसातना बेअदबीसे अप्रसन्न होते हैं । वैसे श्री जिनदेव रीझते खीजते नहीं है, जैसे अन्यदेव अपराधीको जलाबला कर भस्म कर देते हैं

१४ कायगुप्ति रूप०
१५ मनोदण्ड विरताय चारित्रधराय नमः
१६ वचनदण्ड रहिताय०
१७ कायदण्ड विरताय०

इस प्रकार वन्दना करके १७ लोगस्स का काउस्सग करे पीछे चारित्र पदकी स्तुति करे जैसे–चारित्रधरसाधु पांच समिति तीन गुप्तिसे गुप्त स्वरूपमें रमता, इन्द्रियगण को दमन करता, सकल परभाव वमन करता, ध्यान ज्ञानसे कर्मबन्धनको जलाता, सर्व उपसर्ग परीषहोंको क्षमासे सहन करता, नवीन २ अभिग्रह रूप तपका अनुष्ठान करके चारित्र धर्मको निभाता हुआ सदा गुरुचरणमें नमता. कदापि समताको नहीं छोड़ता, यथावत शुद्ध आहार के लिये भ्रमण करता नव २ शास्त्र को पढ़ता, प्रतिक्षण शुद्धोपयोग रखता प्रतिक्षण तीर्थ श्रद्ध

३९ श्री निशीथच्छेद सू०
४० „ महानिशीथच्छेद सू०
४१ „ दशाश्रु तस्कन्धच्छेद सू०
४२ „ जीतकल्पच्छेद सू०
४३ „ पंचकल्पच्छेद सू०
४४ „ नन्दीचूलिका सू०
४५ „ अनुयोगद्वार चूलिका सू०
४६ „ स्यादस्तिरूपायस्याद्वाद सू०
४७ „ स्यादनास्तिभङ्ग प्ररूपकायस्या
४८ „ स्यादस्तिनास्तिभङ्ग प्ररूपकाय
द्वाद सू०
४९ „ स्याद् वक्तव्य भङ्गप्ररूपकाय
५० „ स्यादस्ति अवक्तव्य भङ्ग प्ररू
५१ „ स्यादनास्तिभंग प्ररूपकाय स्
५२ „ स्यादस्ति अव्यक्त भंग प्ररूप
इस प्रकारसे वन्दना करके ५२
का काउस्सग करें पीछे ज्ञानगुणकी

करे. जैसे—जगत्में ज्ञान उपकारी है, ज्ञान ही जगत्में निष्कारण बान्धव हितकारी सुखकारी है, ज्ञान मिथ्यात्व रूप अन्धकारको नाश करने को सूर्य है, संसार समुद्र तिरनेको जहाज है, ज्ञान मनुष्य भवका रत्न है, कुरूपका रूप ज्ञान है, ज्ञान परम देव है, ज्ञान अनन्त नेत्र हैं, ज्ञान देश विदेश सर्वत्र पूज्य है, ज्ञान से सब दुख छूटता है, छठ अट्ठम दशम प्रमुख उग्र तपस्याकारी अज्ञानीकी जो शुद्धता होती है उससे अनन्त गुण अधिक ज्ञानीकी शुद्धता होती हैं करोड़ों भवमें अज्ञानीको तपस्या करके जितनी निर्जरा नहीं होती उतनी ज्ञानी एक क्षणमें निर्जरा करता हैं पेय अपेय खाद्य अखाद्य कर्तव्य अकर्तव्य, सेव्य असेव्य, हित अहित, लोक, अलोक, स्व—पर, गुण अवगुण इहलोक परलोक, सत्य असत्य, द्रव्य,भाव कारण कार्य निश्चय व्यवहार, द्रव्य गुणपर्याय

ध्यान ध्येय ध्याता ज्ञान ज्ञेय त्राता दान देव
दाता सम्यग् असम्यग् स्वभाव परभाव ये सब
सम्यग् स्याद्वाद शैलीमय आगम ज्ञान विना
कोई तत्व नहीं पाता सर्व क्रिया का मूल
श्रद्धा और श्रद्धाका मूल ज्ञान है प्रथम ज्ञा
हो तो श्रद्धा होती है इस लिये ज्ञानीका
जीना सफल है, अज्ञानीका जीवन भव पूर्ण
है इससे जो सम्यग् ज्ञानका अभ्यास करे
वो धन्य हैं ॥ इसकारण सम्यग् ज्ञानीको हमारे
नित्य वन्दना हो हमारा सुखदाता ज्ञान
इत्यादि स्तुति करके पीछे पारणेमें सम्यक्
ज्ञानदाता गुरुको वन्दना अंग पूजा करे, ध
र्माचार्यका यथोचित् बहुमान करे, पुस्तक दें,
ज्ञानका उपकरण दें, नूतन पुस्तक छपावें ओली
पर्यन्त नूतनशास्त्र सुने, आगम सूत्रका अर्थ
सुने जिन भण्डारकी रक्षा करें, प्रतिक्षण आत्म

पदका है. उससे सब ज्योतिष शास्त्रस्वरुप पुरुष
को आश्रय करके चतुर्विध देवताका कल्याण
जो पुण्यफल दायक है उसका स्वरुप है । बारहवां
प्राणवायु पूर्व १३ कोटि पद प्रमाणका है
उसमें आयुर्वेदकी प्रक्रिया कही है और प्राणादि
१० वायुका स्वरूप प्राणायामादि योगका स्व
रूप कहा है । तेरहवां क्रिया विशाल नाम पूर्व
९ कोटि पद प्रमाणका है, उसमें छन्दशास्त्र
शब्दशास्त्र सर्व शिल्प सकलकला तात्विक
आत्मिक सब गुणोंका स्वरुप है । चौदहवां
त्रिलोकसार पूर्व १ कोटि ६० लाख पद प्रमाण
का है. उसमें काल स्वरूप अष्ट व्यवहार विधि
और गणितका परिकर्म विधि, निःशेष श्रुत स-
म्पदा इत्यादि स्वरूप हैं ॥ ये चौदह पूर्व हैं.
इनमें ४ अधिकार और भी दृष्टिवादमें हैं । इस
प्रकारका श्रुत सर्वांग स्याद्वादकी शैली चार
अनुयोग. [illegible] सप्त नय मानसो नयका उत्तर

भेद, दो मुख्य प्रमाण अनेक प्रमाणान्तर अनेक निक्षेप सप्तनय भंगी इत्यादि अनेक द्वार सहित एक एक पदकी व्याख्या है. जिसमें ऐसे श्रुतधारीकी तुलना कौन कर सकता है. श्री जैनागमरूप श्रुत जलधि गुणरत्नसे भरा है. वह आगमाज्ञा हमारा परम तत्व है. उसका श्रवण पठन हमारा साध्यका दाता है इसलिए श्रुतको हमारी त्रिकाल वन्दना हो इसप्रकार स्तुति करके श्रुताराधन निमित्त २० लोगस्स-का काउस्सग करें पारणेमें श्रुतधारीकी अंग पूजा करे वस्त्र आहारादि दे सेवा करे. नयी पुस्तकोंका भण्डार करे. पुस्तकोंकी कर्पूरसे पूजन करे. धूप दें. पुराने ज्ञान भण्डारके पुस्तकोंकी वस्त्र प्रमुखसे रक्षा करे. नवीन रुमाल पाठा ठवणी माला कापी पाटी कलम स्याही प्रमुख ज्ञानोपकरण करावे. आप पढे पढावे. सुने सुनावे, आगमका बहुमान करें

यथा शक्ति क्रिया करे, कुछभी आगम विरूद्ध न करे, अन्तरंग भक्ति करे वहीभाव भक्ति हैं. इस भक्ति करनेसे अनन्य चर्तुष्टयीको प्राप्त होता है, और बहुमानसे ओली पर्यन्त नये २ शास्त्र पढे, इसप्रकार श्रुतपदके आराधनसे मनुष्यको ज्ञान प्राप्त होता है ॥ श्रुत पदके आराधनसे रत्नचूड़ तीर्थंकर हुए ॥

॥ इति एकोनविंशतितम पदाराधन विधि ॥

॥ अथ विंशतीतम पदाराधन विधि ॥

"ॐ णमो तित्थस्स" इस पदकी २० माला जप करके साधुके तथा श्रावकके गुण प्रमाण प्रदिक्षणा देते हुवे नीचे का दोहा बोलते हुवे खमासमणा देवे।

॥ दोहा ॥

तीर्थ यात्रा प्रभाव है, शासन उन्नति काज।
परमानंद विलासता, जय जय तीर्थ जहाज॥

१ सर्वतः प्राणातिपात विरमणव्रते श्री साधु तीर्थाय नमः
२ सर्वतो मृषावाद विरमणव्रते श्री०
३ सर्वतोऽदत्तादान विरमणव्रते श्री०
४ सर्वतो मैथुन विरमणव्रते श्री०
५ सर्वतः परिग्रह विरमणव्रते श्री०
६ समस्त पृथ्वीकाय जीवरक्षकाय श्री०
७ समस्त अप्पकाय जीवरक्षकाय श्री०
८ समस्त तेजस्काय जीवरक्षकाय श्री०
९ समस्त वायुकाय जीवरक्षकाय श्री०
१० समस्त वनस्पतिकाय जीव रक्षकाय श्री०
११ समस्त त्रसकाय जीव रक्षकायश्री०
१२ समस्त क्रोध दोष रहिताय श्री०
१३ समस्त मान दोष रहिताय श्री०
१४ समस्त माया दोष रहिताय श्री०
१५ समस्त लोभ दोष रहिताय श्री०
१६ समस्त रागांश विरताय समता युक्तायश्री

१७ समस्त द्वेष असुयादि दोष रहिताय सह-जौदासिन्य गुणयुक्ताय श्री साधु तीर्थाय नमः ॥ इति साधु गुणाः ॥

॥ अथ श्रावक गुणाः ॥

१ समस्त सम्यग्गुणजननी गात्र लज्जा गुण युक्ताय सम्यग् देशविरति रूप श्री तीर्थ गुणाय नमः ॥

२ दयागुण युक्ताय सम्यग् देशविरति रूप तीर्थ गुणाय नमः

३ कुमति कदाग्रह कुयुक्ति पक्षपात रहित ताय मध्यस्थ गुण युक्ताय०

४ मन वचन कायैः क्रूरता रहित सौम्यगुण युक्ताय देश०

५ समस्त विद्या सम्यग् गुण रूप राग सम्यग् देश०

६ क्षुद्रता रहित अति गम्भीरता उदारता सहित स्वपर भेद रहित सर्व जनोपकारक रूप अक्षुद्र तीर्थ गुणाय नमः

७ पूर्व भवकृत दयाधर्म फल सर्वत्र दर्शनीय संघ प्रभावना हेतु रूप तीर्थ०

८ वर्जित पाप कर्म जगन्मित्रसुखोपासनीय परमो परम कारण रूप सौम्य प्रकृति तीर्थगुणाय नमः ।

९ देश क्षेत्र काल लोक धर्म विरुद्ध वर्जन रूप जन प्रिय तीर्थ०

१० मलिनक्लिष्ट भाव रहित सरल हृदय मनोयोग अक्रूर तीर्थ०

११ इह लोके परलोके वा रोग शोक जन्म जरा मरण दुर्गति पतन भयात् सदा धर्माधिकारी रूप पापकर्म भीरु तीर्थ०

१२ परावंचक सर्वजन विश्वसनीय प्रसंशनीय भावेकतान धर्मोद्यम रूप तीर्थगुणाय नमः

१३ [illegible]
[illegible] तीर्थ०
१४ [illegible] अनर्थ
[illegible] तीर्थ०
१५ [illegible] ज्ञापक [illegible] निंदक
गुणोद्दीपक [illegible] कथा वर्जक रूप
सत्कथा तीर्थ०
१६ स्वयं धर्मशील सदानुकूल परिवार विघ्न
रहित धर्म साधन रूप तीर्थ०
१७ अतीतानागत वर्तमान हित हेतु कार्य-
दर्शक सर्वथा स्वविहित कार्य करण रूप
दीर्घदर्शि तीर्थ०
१८ सर्व पदार्थ गुण दोष ज्ञापक सुसंगति
बोधक रूप विशेषज्ञ तीर्थ०
१९ वृद्ध परम्परा ज्ञापक सुसंगति रूप वृद्धा-
नुगत तीर्थ०
२० सर्व गुण मूल रत्नत्रयी तत्वत्रयी शुद्धता
प्रापक विनय रूप तीर्थ०

२१ धर्माचार्यस्य बहुमान कर्ता स्वल्पोपकार-मपि अविस्मर्ता परगुण योजनोपकार करण सदा परहितोपदेशककरण कारण रूप परहितकारि तीर्थ०

२२ अल्प बहुश्रुत तप क्रियादि योग्यता ज्ञापक यथानुकूल धर्मप्रापक. सर्व स्वकार्य साक्षि-रूप लब्ध लक्ष तीर्थ०

इत्यादि प्रकारसे स्तुति करके वन्दना करे, पीछे २५ लोगस्सका काउस्सग एकाग्र चित्त से करें पुनः पदकी स्तुति करें, जैसे तीर्थ किसको कहते हैं बड़ी नदी अगाध बहती हो उसमें सब जगह नहीं उतरा जाता किन्तु जिस जगह घाट होता है वहां उतरा जाता है उसीको घाट या उतारा कहा जाता है, वह घाट व्यन्तराधिष्ठित होवे अथवा कोई देव किसीपर प्रसन्न हुआ हो तो वह घाट तीर्थ कहा जाता है और वहां मिथ्यात्वी सं

सारी लोग स्नानादि क्रिया करते हैं और
अनेक प्रकारके मूढ क्रिया करते हैं सो द्रव्य
तीर्थ है ॥ और चतुर्विध संघ भावतीर्थ है. क्यों
कि कर्म संसाररूपी बड़ा समुद्र है उसको पार
उतरनेका घाट सुखोत्तार है अनादि संसार
भ्रमणजनित श्रम तापकी हानि होती है और
अनन्तानुबन्धी प्रमुख कषायरूप अति तृष्णा
(प्यास) लगी है वो शान्त होती है और
कर्मफल धुल जाता है. विशुद्ध अध्यव- सा
रूप नौकापर जो चढता है सो क्षणमा
उस समुद्रके पार पहुचता है नहीं तो जि
जगह गहरापानी हो वहां नाव भी हो तोभ
जाना मुश्किल होता है यहां भावतीर्थ घ
में अनुक्रम अध्यवसायवानको तारनेके लि
सर्व विरति देशविरति नाव है उसके अवल
बनसे मनुष्य पार हो जाता है इसमें संसा
रूपी समुद्रके पार पहुचानेको यही नाव

और सुरासुरसे वन्दित चरण ऐसे यतितीर्थ हैं और इसी यतिरूप तीर्थका सेवन हमारा परम साधन हैं यही तीर्थ सुखका स्थान हैं, इसी के संगसे सर्व कर्म नष्ट होवेगे, इसीके संग से सर्व अध्यात्मिक सम्पदा मिलेगी इसवार तो हमको तीर्थका सेवन परम धर्म करणीय हैं। इत्यादि स्तुति करके श्री तीर्थ प्रभाव पूर्व पुरुष साधक श्रावकोंको भोजन कराकर अनुमोदन करे, पारणेंमें स्वामी वत्सल प्रभावना करे, अमारीका पटह बजावे, श्री संघ सहित तीर्थ यात्रा रथयात्रा करे, अथवा १७ प्रकारी २१ प्रकारी १०८ प्रकारी यथाशक्ति पुजा करावे जिस प्रकार जीव धर्म को अनुमोदन करे, धर्मको स्वीकार करे. वैसी उन्नति करे अथवा जिन बिम्ब भरावे प्रतिष्ठा करावे सातो क्षेत्रकी उन्नति करे, संघमे दुखी को सहाय करे ४५ आगम सूत्रका मूल अथवा अर्थ

चैत्यवंदन ६

॥दोहा॥

वीस स्थानक साधना, साधे जो नरनार।
तीर्थंकर पदवी वेर, वन्दूं वारंवार ॥

(हरिगीत)

ाव पंथ सारथवाह श्रीअरिहंत पद पहिले नमूं,
ाव अचल और अनंत,अव्यावाध सिद्ध सुपद
मूं। वर ज्ञान दर्शन चरण भूमि संघ प्रवचन
द नमूं,ज्ञानादि पंचाचार युत आचार्य पद अनु-
म नमूं ॥सद्धर्म में थिर-करण, कारण थिविर पद
विनय नमूं, निज पर समय पाठक वहुश्रुत
क्तिभर भावे नमूं। इच्छा सुरोधन घोर तप सा
क तपस्वी पद नमूं, सर्व ज्ञभाषित दिव्य आग-
ज्ञान पद पावन नमूं॥ तत्त्वार्थ में शंका अशं-
केत,भाव दर्शन पद नमूं, शुभ ज्ञान दर्शन चरण
ायक वर विनय पद को नमूं। चरण करणादि
क्रिया चारित्र पद निर्भय नमूं, शील व्रतादिक
ाधना पद, ब्रह्मचर्य सदा नमूं ॥

प्रति समय उपयोग आदिक भावना हित
नमूं. बारह प्रकारे बाह्य अभ्यंतर सुतप गहकि
नमूं । सतपात्र में शुभदान गुणी कराय त्याग
सुपद नमूं, दश विध महागुण भाव वैयावच्च
पद गतमद नमूं. ॥ औषध प्रमुख से साधुजन
सुखकर समाधिपद नमूं अक्षर पद श्लोकादि ग्र
अपूर्व श्रुत पद नित नमूं । गुरु ज्ञान पठि
मनादि श्रुत बहुमान पद सादर नमूं, प्रवच
प्रभावन पद धरम उन्नति करण कारक नमूं

॥दोहा॥

सुखसागर भगवान 'जिन- हरि' पूजित पद सार
लट-भंवरी के न्याय से ध्याउं धन अवतार ॥

चैत्यवन्दन- ७

(रामगिरि रागेण- गीयते)

विंशति स्थानकाराधनायोगतः
संभवेत्तीर्थंकर-नामकर्म
तीर्थकृन्नाकर्म-प्रभावादहो
जायेतऽनन्तगुणसिद्धि शर्म ॥ विंश ॥

जे भवियण सेवे सदा, भावे स्थानक वीस ।
ते तीर्थंकर पद लहे, वंदे सुरनर ईस ॥२॥
अरिहंतादिक पद सदा, भजिये तप करि शुद्ध
अति निर्मल शुभ योगता, करिये तसु गुण लुद्ध ।
॥३॥

॥ श्री वीस स्थानक स्तवन ॥

स्तवन —१

(तर्ज सिद्ध चक्र पद वंदा....)

ीस थानक जयकारी रे सेवो उपकारी अवि-
कारी
ीर्थंकर पद हेतु भवोदधि तारण सेतु सुखकारी
रे सेवो वीस थानक ॥टेर॥
अरिहंत सिद्ध सुपावन प्रवचन आचारज गुण-
धामी
थिविर बहुश्रुत दिव्य ततस्वी ज्ञान परम अभि-
रामी रे सेवो०॥१॥
दर्शन विनय चरण शीलव्रत क्रिया करम पावे

सुख सागर भगवान जिन, हरि पूजित जगदीश।
तन्मय वंदू तीर्थ पति, उपकारी चौवीस ॥५॥

चैत्यवन्दन ९

विजयि देव जिनेश्वर विश्व में,
भव भयंकर दुख हर सदा।
विशद वीस सुथानक सेवना,
विधि दिखाइ नमूं शुभ भावसे ॥१॥
जगत मे जितने पद और हैं,
परम आतम उन्नति के लिए
विलसते सब थानक वीस में,
प्रभु दया नित सेवन मै करूं ॥२॥
सुखनिधे भगवन् हरिपूज्य हैं,
सुखद शक्ति कृपा कर दीजिये।
कर्म शत्रु हटाकर मैं करूं,
तव पदाम्बुज पावन सेवना ॥३॥

चैत्यवन्दन १०

ज्ञान अंगे भाखिया, जप तप विविध प्रकार।
विंशतिपद तप सारखा अवर न कोई उदार ॥१॥

जे भवियण सेवे सदा, भावे स्थानक वीस ।
ते तीर्थंकर पद लहे, वंदे सुरनर ईस ॥२॥
अरिहंतादिक पद सदा, भजिये तप करि शुद्ध
अति निर्मल शुभ योगता, करिये तसु गुण लुद्ध ।
॥३॥

॥ श्री वीस स्थानक स्तवन ॥

स्तवन —१

(तर्ज सिद्ध चक्र पद वंदा....)

ीस थानक जयकारी रे सेवो उपकारी अवि-
कारी
ीर्थंकर पद हेतु भवोदधि तारण सेतु सुखकारी
रे सेवो वीस थानक ॥टेर॥
अरिहंत सिद्ध सुपावन प्रवचन आचारज गुण-
धामी
थिविर बहुश्रुत दिव्य तपस्वी ज्ञान परम अभि-
रामी रे सेवो०॥१॥
दर्शन विनय चरण शीलव्रत क्रिया करम पावे

तप पद त्याग विराग वैरागी शुद्ध समाधि
जगावे रे सेवो०॥२॥

अपूर्वश्रुत अभ्यास ज्ञान बहु मान अबोध निवारे
तीर्थ प्रभावना करते आतम, परमातम पद धारे
रे सेवो०॥३॥

प्रति पद महिमा अनुपम अद्भुत श्री सद्गुरु
परतंत्र

सरल अशठ थिर भावे साधक विचरे भाव स्व
तंत्र रे सेवो०॥४॥

प्रतिपद व्रत छठ अट्ठम भाषे वीस वीस जिनराया
ज्ञाताधर्म कथादिक पावन सूत्रे भेद बताया रे
सेवो०॥५॥

तप पद में अधिक तप तपते आठ करम तप जावे
कनकोपलवत आतम निर्मल, ज्योति आप जगावे
रे सेवो०॥६॥

था विरहित जीवन पावन विषय विकार
विहीना

बीस थानक शिव थानक सेवा दाता सच्चित
आनंदपीना रे सेवो०॥७॥

प्रातः संध्या आवश्यकविधि प्रतिक्रमण शुभ भावे
पदगुण माला ध्याने पूरब संचित पाप हटावे
रे सेवो०॥८॥

देववंदन गुरुवंदन सविनय तन्मय तद्गुणयोगी
अविराधक साधक हो अव्याबाध परमसुख भोगी
रे सेवो०॥९॥

चउ शत व्रत छठ अट्ठम तपसे आराधन हो पूरा
तीर्थंकर पद नूर प्रगट हो, कर्मों का चकचूरा
रे सेवो०॥१०॥

उद्यापन अधिकारी होते सुखसागर भगवाना
हरि पूजित जिन भाषित साधन साधे पुण्य
प्रधाना रे सेवो०॥११॥

स्तवन २

(तर्ज-बिना प्रभु पासके देखे—)

नमूं जिन देव जयकारी, हृदय शुद्धभाव लाकरके

अनुपम आतम दर्शन योगे, परमातम पद ध्याने
जल में कमल रहे ज्यों जीवन, साधक पद सन्माने ॥ रे तीर्थ ॥१॥
महा मोह मति मूढ जगत में जन हो जिन शासन रागी
आधि व्याधि उपाधि मुक्त हो, भाव सुखी बड़ भागी ॥२॥
तीन भुवन उपकार भाव कल्याण मित्र जयकारी
पुण्य महोदय गुणी महाशय, अविकारी अवतारी ॥३॥
बीस स्थानक महासाधना साधक निज भव तीजे
उत्तरोत्तर सुकृत सुखभोगी, प्रभुता गुण रस भींजे ॥ ४॥
संघ चतुर्विध तीर्थ थापते, अद्भुत अतिशय धारी
तीर्थंकर वर नाम कर्म को सफल करे बलिहारी ॥ ५॥
जनम मरण जीवन कल्याणी जग कल्याण विधाता

ीर्थंकर दर्शन धन पाऊं, धन दिन पुण्य
प्रभाता ॥६॥

ाभु दर्शन परमातम पूरण जो कर पावे प्राणी
ज्योतिर्मय जग में वह पावन खोले निज गुण
खाणी ॥७॥

अरिहंतादिकबीस पदों की,सेवा शिव सुखकारी
अप्रमत्त भावे कर भविजन. पावे पद अविकारी,
॥८॥

ाष्ट सिद्धि नवनिधि निज घर में,प्रगटे परमोदारी
ोन लोक साम्राज्य सम्पदा, दासी बने विचारो
॥९॥

ीस स्थानक विधि जिन आगम, गुरु गम से
नरनारी
ाराधे साधे निज सिद्धि,अजरामर पदधारी ॥१०॥

ुखसागर भगवान महोदय, जिनहरि पूजित
स्वामी
ोस स्थानक गुणी गुण गाउं,सादर सदा नमामि
रे तीर्थंकर वन्दो ॥११॥

(...)

स्तवन ...

तर्ज-(मुनि ... मनुं ... न पन्नाग्गे मीनथी।)

चित्त हरख धरी,अनुभव अंगे वीस पदपद वंदि
शिवरमणि वरि केवल गुणिंग महाग कगी निर्म
दिये (अनुभव.

ये वीस चरण अशरण शरणाचिर संचित दुरित
तिमिर हरणा

नित चित्त ये पद समरण करणा ॥१॥

ये पद समरण जिण चित धरिया,तरिया तरसे तरे
भव दरिया

सदनंत भविक सहु भयहरिया॥चित्त॥२॥

ये पदगुण सागर मनुहारा, वर्णन तरणा ये बहुहारा

इन्द्रादिक सुर न लह्यो पारा॥चित.॥३॥

ये पद अतिशय महिमा धारा अमृत पद कमला
भरतारा

[illegible] ॥चित.४॥

ननहर्ष सूरीन्दके शिव करणा चन्द्रामल गुणविं.
शति करणा
यज्यो प्रभु अरजये अवधरणा ॥ चित.॥५॥

स्तवन—६

(चाल-कंद किरण शशि ऊजलो रे देवो)
नुभव परमानंदशु रे वाला. परमातम पद वंदो रे
रम निकंदो वंदी ने रे वाला लहि जिनपद चि
नन्दो॥१॥
गन पएसंतर वली रे वाला.समयान्तर अणफरसी रे
व्य सगुण परजायना रे वाला एक समय विध
दरसी रे ॥२॥
क समय ऋजु गति करी रे वाला, भए परमपद
रामी रे
भांगे सादि अनंतमा रे वाला, निरूपाधिक
सुखधामी रे ॥३॥
अखिल करममल परिहरी रे वाला, सिद्ध सकल
सुखकारी रे

विमल चिदानन्द घन थया रे वाला, वरइकतिम
गुणधारो रे ॥४॥
उत्पन्नता वाल विगमता रे वाला, ध्रुवता त्रिप
दी संगे रे
प्रभु में अनन्त चतुष्कना रे वाला, मोहे शमकम
भंगे रे ॥५॥
पनर भेदै ए सिद्ध थया रे वाला, सहजानंद
स्वरूपी रे
परम ज्योति में परिणम्या रे वाला अव्याबाध
अरूपी रे ॥६॥
जिनवर पण प्रणमे सदा रे वाला, एहने दीक्षा
अवसरे रे
तिण प्रभुपद गुणमालिका रे वाला, कंठे धरिये
सुपरे रे ॥७॥
हस्तिपाल भवि भगतिशु रे वाला, सिद्ध परम
पद भजिने रे
पद श्री जिनहरखे लह्यो रे वाला, परगुण
परिणति तजि ने रे ॥८॥

॥ स्तवन ७॥

(श्री सिद्धाचल भेटीये ए देशी)

वीस थांनक तपसेवीए। थक्कर शुभ परि-
म लालरे। तीजे भव सेव्यो थको। बांधे
र्थं कर नाम लालरे॥ वी० ॥१॥ तपरत्नना
थकी कही। ज्ञाता अङ्ग मझार लालरे।
ण जो भवि तुमे भावसुं। चित्तसे करिये
त्वार लालरे॥ वी० ॥२॥ सुविहित गुरु पासे
हे। वीसथानक तप गृह लालरे। निरएहपण
भ महुरते। उचरीजे ससनेह लालरे। वी०
३॥ अरिहंत सिद्ध प्रवचन नमूं. सूरिथिवर
वझाय लालरे। साधु नांण दंसण अरु. विन-
नमूंउल्साय लालरे॥ वी० ॥४॥ चारित्र बंभ
क्या पदे तप गोयम जिन इस लालरे।
ारित्रज्ञानने श्रुत भणी नमूं तीर्थ पद वीस
ालरे ॥ वी० ॥५॥ वीसदिवसमें एकही पद
ुणनो करसेव लालरे। अथवा दिन वीसां-

कर, तिसके गुण चित्तधार लालरे । काउसग्गा पर दक्षण, मुख गणिए नवकार लालरे ॥वी०॥ ॥१३॥ जिस पदकी स्तवना सुणे, कीजे जिन पद भक्ति लालरे । पूजन शुभमन साचवे दिन दिन चढ़ती शक्ति लालरे ॥ वी० ॥१४॥ सूतक जनम ऋतु कालमें, करि धार्योउपवास लालरे। सो लेखे नहिं लेखवो, नकेवल तप जास लालरे वी० ॥१५॥ सावज्जत्याग पणो करे शोक न धारे चित्त लालरे। शील आभूषण आदरे, मुख सुं बोले सत्य लालरे, ॥ वी० ॥१६॥ जेठ, आषाढ वैशाखमें, मिगसर फागुण मांह लालरे। इनषट मास मांहिने, व्रत ग्रहिये वड़ भाग लालरे ॥ वी० ॥१७॥ तपपूरण हुवांथकां. उजमणो निरधार लालरे। कीजे शक्ति विचारने, उच्छवविविध प्रकार लालरे ॥वी०॥१८ वीस वीस गिणती तणा, पुस्तक पुठा आदि लालरे । ज्ञान तणी पूजा

करे, मुक्ति जो चावे नित्य लालरे ॥वी०॥
॥१९॥ फलवर्धी नगरनी श्राविका कीधी विधि
चित्त लालरे । जनम सफल करवा भणी ओहि
जमोक्ष उपाय लालरे ॥ वी० ॥२०॥ (कलश)
इमवीर जिनवरतणी आज्ञाधार चित्त मझारए।
सहुदेव आगम तणी स्तवनाकरी तपविधि सा
रए ॥ वसुनंद सिद्धि चंन्द वरसे चैत्र मांस सुहंक
र । मुनि केशरि शशिगच्छ खरतर भणी स्त
नामनहक ॥२१॥

(आदि जिणंद मया करो—एदेसी)

बीस स्थानक पद ध्याइये, जगनायक पद
[illegible]। अरिहंतादिक पद नमो. सकल जं
[illegible] करे ॥वी०॥१॥ सिद्धि प्रवचन आचा
[illegible], स्थविर पाठक पद मोहरे। साधु ज्ञान
[illegible]. विनय सदा मन मोहरे ॥वी०॥
[illegible] मन नम्यो. गुणिजन कां
[illegible] क्रिया तप गौतम. भवि

श्री विंशति स्थानक पद साधु
स्फूर्जत्सुरेन्द्रादिक तत्पवित
ये तन्मयत्वं दधते जगत्यां,
तन्नौमि सिद्धान्निज रूपसिद्धान् ॥२॥
श्री विंशतिस्थानक सन्निधानं,
जैनागमे प्रोक्तमगम्य रूपम् ।
रत्नत्रयं सत्य मुक्ताभिरामं,
भव्या भजन्तां भवरोगमुक्त्यै ॥३॥
श्री विंशतिस्थानक साधकानां,
प्रेक्षत्पदं स्यादृहरि पूज्यमेव ।
समेऽपि देवाः सततं समन्तात्
साहाय्यमिद्धं ददते स्वयं वै ॥४॥

खरतरगच्छीय श्रीमज्जैनाचार्य श्री जिनकृपा चन्द्र सुरीश्वर जी० म० का बनाया चैत्यवंदन

श्री अरिहन्त अनंत कांति, सिद्ध निजगुण रामी ।
प्रवचन आचारिज स्थविर, उवज्झाया हित कामी ॥१॥
साधु नाण दंसण नवम, विनय चारित्र वखाणो ।
ब्रह्मक्रिया तप गोयम, जिन वेयावच्च जाणो ॥२॥
समाधि अपूर्वज्ञान ग्रहे, श्रुत भक्ति नित सार ।
तीर्थ प्रभावन वीसमो, निरूपम का दातार ॥३॥

मथन नाण जगदीस, सकल सेवा करो सदा।
इक दो त्रण पद जपो, बावीस जिनवर पद-मुदा ॥४॥
एवीशति थानक कहियाजे, ज्ञाताजे जिनचन्द।
ए, सेवनथी भवी लहै, त्रिभुवनपति 'कृपाचंद' ॥५॥

पू. प्रवर्तिनी विचक्षण श्री जी म. सा. द्वारा बनाये हुवे चैत्यवंदन व स्तवन व स्तुति

(१) अरिहन्त पद का चैत्यवन्दन

जय जय श्री जिनराज मैं, शरणे आज आयो।
चिन्तामणि वर कल्पतरु, महापुण्ये पायो ॥१॥
दर्शन ज्ञानावरण युग, अन्तराय मोह जान।
घातिचतुष्क विनष्ट कर, पायो केवल ज्ञान ॥२॥
सम्प्रति विंशति जिन नमो, प्रथम पदे जयकार।
वाणीगुण पैंतीस वर चौतिस अतिशय धार ॥३॥
देवपाल राजा हुए पूजी जिनवर देव।
होंगे श्रेणिक तीर्थ पति, महावीर पद सेव ॥४॥
सुख सागर भगवद् विभो, पुण्य पुञ्ज जगन्नाथ।
'स्वर्ण' विचक्षण को शरण, देकर करो सनाथ ॥५॥

(२) श्री सिद्ध पद का चैत्यवन्दन

सिद्ध बुद्ध परमातमा, अलख अगोचर ईश।
अजर अमर अविनाशि प्रभु, धारक गुणइकतीस

जम्बुघात की द्वीप है, पुष्कर अर्द्ध प्रमाण।
लख पैंतालिस मनुजलोक सिद्ध शिला वरठाण ॥२॥
सहजाकृति निरुपाधि सुख, भोक्ता पूर्णानन्द।
निर्मल निस्सङ्गो प्रभू नीरुज निरवायन्द ॥३॥
हस्तिपाल नृप पालिया, द्वितीय पद महन्त।
वर्ण गन्ध रस स्पर्शविन, गुण चतुष्क अनन्त ॥४॥
सुख सिन्धो। भगवान पद दीजे त्रिभुवनवास।
कहे "विचक्षण" विनय युत, मांगू यही त्रिकाल ॥५॥

(३) श्री प्रवचन पद का चैत्यवन्दन

जय जय प्रवचन पद बड़ो, विंशतिपद तप माँहि।
तीर्थंकर जितने हुए, आराधे उच्छांहि ॥१॥
जिन प्रवचन शाश्वत नमो, नहीं आदि नहिं अन्त।
जीव अनन्ते तिरगये, और तिरेंगेऽनन्त ॥२॥
देश सर्व विरती धरें, सङ्घ चतुर्विध रूप।
भरत प्रमुख आराध कर, दूर करे भवकूप ॥३॥
धर्म का मार्ग है यही, मोक्ष बीज यह सार।
'हर्ष' आगम 'भव भव' चहे, सुविचक्षण हितकार ॥४॥

(४) श्री आचार्य पद का चैत्यवन्दन

तीजे पद सुहाना है, शासन थंभ समान।
जिनवर सूर्य अभाव में सूरि प्रदीप सुजान ॥१॥

दर्शन ज्ञान चारित्र तप,-वीर्य सुपञ्चाचार ।
इनके पालक मुनिवरा, आचारज गणधार ॥२॥
छत्तीसी छत्तीस के, किन्तु बारसत भेद ।
विसहद संड गुणधरा धरे हरे भवखेद ॥३॥
गुणवर का मूरत सिन्धु है, सूरीश्वर सम्राट ।
इनसे शोभित नित रहे, वीर प्रभु का पाट ॥४॥
पुरुषोत्तम नृप सूरि पद धरे हरे अगत अघताप ।
'स्वर्ण' विचक्षण के सदा, सूरीश्वर मां बाप ॥५॥

(५) श्री स्थविरपद का चैत्यवंदन

ज्ञानवृद्ध पर्यायवृद्ध, वयोवृद्ध गुणगान ।
लौकिक लोकोत्तर थविर, कहे दसविध ठाणांग ॥१॥
तीर्थङ्कर गणधर सभी, नवदीक्षित मुनि होय ।
सौंपे स्थविर मुनीन्द्र को, देते शिक्षा दोय ॥२॥
शिथिल बने मुनिमार्ग से, दृढ़ करदे उपदेश ।
पंचमपद आराधना, प्रेम से करो हमेश ॥३॥
पद्मोत्तर नरपति बने, सुखसागर भगवान ।
सुवरण ज्योति प्रकट हो, मिटु 'विचक्षण' ज्ञान ॥४॥

(६) श्री उपाध्यायपद का चैत्यवन्दन

पाठकपद छट्ठे नमूं, ज्ञानाकर गुणवन्त ।
द्वादशाङ्ग गणिपिटक धर, गुण पच्चीस महन्त ॥१॥

अंग इग्यार द्वादशउपांग, छेद पयन्ना मूल ।
पैंतालिस आगम भरे, जिन शासन अनुकूल ॥२॥
श्रमणसंघ को वाचना, दें अप्रमत्त हमेश ।
पाठकपद से जिन बने, महेन्द्रपाल नरेश ॥३॥
श्रुतसागर सुवर्णधर उपाध्याय भगवान ।
[illegible] ॥४॥

(१०) श्री विनय का चैत्यवन्दन

विनयमूल जिनमत है, [illegible] ।
[illegible] करो, [illegible] ॥१॥

सर्व गुणों में प्रथम गुण, विनय कहा भगवान ।
विनय विना समकित नहीं न फले चारित्र ज्ञान ॥२॥

अर्हत सिद्ध मुनि थविर, कुलगण संघ महन्त ।
धन्ना सदृश विनय कर, शीघ्र करो भव अन्त ॥३॥

सुख का सागर विनय है, विनय स्वर्ण रस जान ।
ज्ञान रत्न सह विनय गुण, चढ़े 'विचक्षण' दान ॥४॥

(११) श्री चारित्रपद का चैत्यवन्दन

ग्यारमपद चारित्र जय, शिवपद सुख दातार ।
सात आठ भव से अधिक, रहे नहीं संसार ॥१॥

समृद्धि षट् खण्ड की, तृणवत् करके त्याग ।
सर्वविरति स्वीकारते, चक्रवृत्ति महाभाग ॥२॥

अन्तर्मुहूर्त्त साधना, शुद्धभाव से होय ।
अनन्तकाल की कर्मरज, रिक्त करे मलधोय ॥३॥

चारित्र बिन नहीं मोक्ष है, रुलड़े काल अनन्त ।
पापी अधर्मी दुष्ट भी, शिव गये बन मुनि सन्त ॥४॥

वरूणदेवनृप पालिया, सुख स्वरूप शिवराज ।
स्वर्ण विचक्षण [illegible]

(१२) श्री ब्रह्मचर्यपद का चैत्यवन्दन

नमो संभवय धारका, द्वादशपद ओकार।
करण योग देवनर, भेद अठारह धार ॥१॥
सभी व्रतों में व्रत बड़ो, ब्रह्मचर्यव्रत सार।
सुर सुरेन्द्र भी नमत है, ब्रह्मचारि नरनार ॥२॥
विषय विजयी स्थूलि भद्र, किया सुदुष्कर काम।
चौराशी चौवीशि तक, विजयवन्त जसु नाम ॥३॥
कोशा वेश्या भवन में ध्यान धरें चउमास।
द्वादशवर्षी स्नेह तज करी श्राविका खास ॥४॥
विजयसेठ विजयासती, अटल ब्रह्मव्रतिमान।
दान सहस चौराशि मुनि, फल कहे श्री भगवान ॥५॥
वर न सके सुरराज भी, इक दिन भी ब्रह्मचर्य।
शीलव्रतधारी नमो, श्रावक औ मुनिवर्य ॥६॥
चन्द्रवर्म सुखपद लियो, ब्रह्मव्रत सुवर्णस्नान।
'विचक्षण' हार्दिक प्रार्थना, दो ब्रह्मव्रत दान ॥७॥

(१३) श्री क्रियापद का चैत्यवन्दन

क्रियाप्रवर्त्तन रहित घन, प्रतिदिन नमूं मुनीश।
कर्मबन्ध कारण क्रिया, कहि प्रभु ने पचवीस ॥१॥
दान शील तप भाव वर, आवश्यक प्रणिधान।
ये सब कर अक्रिय बनो, लहो चवदम गुणथान ॥२॥

[illegible] ।

[illegible] ॥३॥

[illegible] ।

[illegible] ॥४॥

(१४) श्री तपपद का चैत्यवन्दन

वीरप्रभु आराधियो, तप कर विविध प्रकार ।

कर्म निकाचित छेदन करे, क्षमा सहित अणगार ॥१॥

लब्धी आमोसहि प्रमुख, प्रकटे तप सुप्रभाव ।

कल्पवृक्ष चिन्तामणी, है तप शिवसुखदाव ॥२॥

नन्दन मुनि भव वीर प्रभु, तपोमूर्ति साक्षात ।

लख ग्यार पैंताल सहस, मासक्षमण [illegible] सात ॥३॥

नन्दिषेण मेतार्यमुनि, सुभद्रा शालिभद्र ।

दृढ़प्रहारि खंधक प्रमुख, तप कर तिरे मुनीन्द्र ॥४॥

कनक केतु नृप जिन बने, सुखसागर तपधार ।

स्वर्णोपम तप आचरण, चढ़े 'विचक्षण' सार ॥५॥

(१५) श्री गौतमपद का चैत्यवन्दन

वीर प्रभु के प्रथम शिष्य, गणधर गौतम स्वाम ।

सर्व लब्धि सम्पन्न को- पनरम पदे प्रणाम ॥१॥

पृथ्वि मात वसुभूति सुत, चौदह विद्या निधान ।

वीरचरण रज मधुप बन, पाया केवलज्ञान ॥२॥

प्रभु को सुवरण शासन पायो ।
यत्न से टालो भव दुख को ॥ भवि० ॥९॥
अनुपम वीसस्थानक तप सेवा ।
भव भव मिले 'विचक्षण' को ॥भवि०॥१०॥

स्तवन नं० २

(तर्ज-अर्ज सुनो गुरुदेव)

तप वीसस्थानक जयकार, आराधोपूरण प्रेम धरी (भविजनहर्षधरी)
करलो सफल अवतार, तप जप संयम शुभ भाव भरी ॥टेर॥
तीजे भव में अरिहन्त सबही, इस तप को आराधे ।
तीर्थंकर शुभ नाम कर्म को, यही महाताय बांधे ॥तप०॥१॥
पद पहले अरिहन्त प्रभु है, चौतीस अतिशय धारी ।
बारह गुण शोभे भगवन्ता, विश्व सकल उपकारी ॥तप०॥२॥
सिद्ध आठ इकतीस गुणधारी, प्रवचन गुण सत्तावीसा ।
सूरीश्वर छत्तीस छत्तीसी, स्थविर दश गुण ईशा ॥तप०॥३॥
पाठक गुण पचवीस अलंकृत, सत्ताईस मुनिराजा ।
ज्ञान इकावन समकित सड़सठ,बावन विनय गुणराजा॥तप०॥४॥
चारित्र सित्तर ब्रह्मचर्य गुण, अष्टादश स्वीकारो ।
क्रिया पचीस रहित हो करके, द्वादशविधतप धारो ॥तप०॥५॥
गौतम पद बारह विध वन्दो, विचरत वीस जिनन्दा ।
[illegible]त्तरे बावन्न अभिनव, धारोज्ञान दिनन्दा ॥तप०॥६॥
[illegible]स भेद श्रुत सीखो, अज्ञान अनादि निवारो ।
[illegible]मो तीर्थ पद को, नित अट्ठतीस विचारो ॥तप०॥७॥

प्रभु को सुपाप शासन पायो ।
मरण से टालो भव दुःख को ॥ भवि० ॥९॥
अनुपम बीसस्थानक तप सेवा ।
भव भव मिले 'विचक्षण' को ॥भवि०॥१०॥

स्तवन नं० २

(तर्ज-अर्ज सुनो गुरुदेव)

तप बीसस्थानक जयकार, आराधोपूरण प्रेम भरी (भविजनहर्षधरी)
करलो सफल अवतार, तप जप संयम शुभ भाव भरी ॥टेर॥
तीजे भव में अरिहन्त सबही, इस तप को आराधे ।
तीर्थंकर शुभ नाम कर्म को, यही महातप बांधे ॥तप०॥१॥
पद पहले अरिहन्त प्रभु है, चोतीस अतिशय धारी ।
बारह गुण शोभे भगवन्ता, विश्व सकल उपकारी ॥तप०॥२॥
सिद्ध आठ इकतीस गुणधारी, प्रवचन गुण सत्तावीसा ।
सूरीश्वर छत्तीस छत्तीसो, स्थविर दश गुण ईशा ॥तप०॥३॥
पाठक गुण पच्चीस अर्हन्त, सत्ताईस मुनिराजा ।
ज्ञान इकावन समकित सड़सठ,बावन विनय गुणराजा॥तप०॥४॥
चारित्र सित्तर ब्रह्मचर्य गुण, अष्टादश स्वीकारो ।
क्रिया पचीस रहित हो करके, द्वादशविधतप धारो ॥तप०॥५॥
गौतम पद बारह विध वन्दो, जिनरत बीस जिनन्दा ।
संयम सत्तर बावन अभिनव, धारोज्ञान दिनन्दा ॥तप०॥६॥
चौदह बीस भेद श्रुत सीखो, अज्ञान अनादि निवारो ।
पूजो प्रणमो तीर्थ पद को, नित अट्ठतीस विचारो ॥तप०॥७॥

उभय काल आवश्यक, पाप कर्म सब हरिये।
प्रातः शाम मध्यान्ह समय में, देववन्दन विधि करिये॥तप०॥८॥
एकासन नीवी आंबिल, उपवास छट्ठ से सेवा।
जघन्य मध्यम उत्कृष्टो तप, कर सुखसागर लेवो॥तप०॥९॥
एक एक पद का आराधन भी, त्रिभुवन पति बनावे।
सुवर्ण अवसर मिला यतन से, "विचक्षण" ज्योति जगावे॥१०॥

स्तुति न० १

अरिहन्त सिद्ध प्रवचन सूरीश्वर, स्थविर पाठक मुनि वन्दो जी। ज्ञान सुदर्शन विनय चारित्र पद ब्रह्मचर्य सुखकन्दोजी। शुभ क्रिया महातप गोयम जिन, संयम धर आनन्दोजी। अभिनय थी श्रुत ज्ञान तीर्थ पद ध्यान हर्ष आमन्दो जी॥१॥ तीर्थंकर अरिहन्त बने जो और बनेंगे अनन्तेजी। विंशति पद अथवा एक एक पद, आराधे मन खन्ते जी। भरते रावत महा विदेहे, कर्म भूमि प्रसिद्धोजी अनन्त कालगत अनन्त तीर्थपति, वन्दु भाव-विशुद्धाजी॥२॥ अंग इग्यारह चौदह पूर्व, दृष्टिवाद बखाणो जी। अरिहन्त भाषित गणधर गुम्फित, द्वादशांगी श्रुत जाणोजी। श्रुत ज्ञानो ही सर्वाराधक भगवती सूत्र विचारो जी। आतम ज्ञान अमृत रसपोयो, जन्ममरण दुःख टारोजी॥३॥ अनुभव दृष्टि सम्यग् दृष्टि, देव देवी जयकारीजो। वीसस्थानक महातप कारक, रोग सोग दुःखहारीजो। खरतरगच्छ सुखसागर भगवन, त्रैलोक्या नन्द दाता जो। सुवर्ण ज्ञानसुयत्न से पावे, "विचक्षण" प्रभु पद त्राताजी॥४॥

वली भगवान के पास जाकर चारित्रग्रहण किया। दो दिन क निरतिचार संयम पाल कर सौधर्म स्वर्ग में देवता हुआ।

अरे! दो दिवस मात्र चारित्र पालने से सिंहरथ राजा अनुपम देवता के सुख भोगने वाला हुआ। इसलिये जो दीर्घकाल पर्यन्त सम्यक प्रकार से निरतिचार संयम पालन करता है उसे क्या प्राप्त नहीं होता है? जो एक दिन भी मोह रहित, समभाव पूर्वक निरतिचार चारित्र का पालन करता है उसे कदाचित मोक्ष न भी मिले, परन्तु देवलोक का सुख तो अवश्य मिलता है। इसीलिये कहा है कि :—

प्रतिहन्तिक्षणार्द्धेन, साम्यमालंब्य कर्म तत्।
यन्न हन्यान्नरस्तीव्रतपसा जन्म कोटिभिः ॥१॥

अर्थः—'जिन कर्मों को मनुष्य करोड़ों जन्म पर्यन्त किये हुए तप से भी दूर नहीं कर सकता, उन कर्मों को सिर्फ मन के साम्य अवलम्बन से आधे क्षण में दूर कर सकता है।'

अब देवपाल राजा हो गया परन्तु मंत्री वगैरह कोई उसकी आज्ञा को नहीं मानते थे। इससे देवपाल विचार करने लगा कि 'यदि मंत्री आदि नये बनाता हूँ तो बिना कारण ये सब शत्रु बन जायगे। अब क्या करना चाहिये? सेठ जिनदत्त को बुला-कर उनकी सलाह लेना चाहिये। ऐसा विचार कर सेठ को बुलाया परन्तु सेठ भी अभिमान वश नहीं आया। तब देवपाल चितायुक्त होकर सरिता तट पर जहां युगादिदेव पर्ण कुटी में थे

वहाँ जाकर भाव पूर्वक दर्शन कर स्तुति करने लगा—'हे प्रभु! हे जगन्नाथ! हे कृपानिधान! आप जयवन्ता हो! हे दीनेश! आपने मुझे राज्य दिया परन्तु विना घी के भोजन व्यर्थ है उसी प्रकार ऐश्वर्य और प्रताप विना राज्य भोगना भी वेकार है। इसलिये हे प्रभु! जब आपने राज्य दिया है तो उसके साथ र दसों दिशाओं में मेरी कीर्ति और प्रताप फैले और सब मेरी आज्ञानुसार काम करे ऐसा उपाय करें नहीं तो जिस प्रकार होली का राजा केवल हँसी के लिये होता है उसी तरह मैं भी प्रताप रहित वैसा ही गिना जाऊँगा।'

इस प्रकार देवपाल की स्तुति सुनकर चक्रेश्वरी प्रगट हुई और कहने लगी—हे राजा तू जरा भी दिल में खेद मत और मैं कहूँ वैसा कर जिससे सब तेरे आधीन हो जायँगे। मिट्टी का हाथी बनाकर उस पर तू सवारी करना और देव प्रभ से वह हाथी जीवित होकर सब जगह फिरेगा। यह देखकर स लोग तेरी आज्ञा मानेंगे तथा अभिमान छोड़कर नमस्कार करेंगे परन्तु राज्य लक्ष्मी से उन्मत्त होकर कामधेनु के समान इच्छि फल देने वाले भगवान की सेवा मत छोड़ना। यह कहकर दे अदृश्य हो गई।

देवपाल ने पुनः भगवान की हर्ष पूर्वक स्तुति कर रा महलमें आकर कुम्हार को बुलाकर सुन्दर आकृति वाला ऐराव हाथी के समान मिट्टी का हाथी तैयार कराया। उस पर अम्बा

बाड़ी लगाकर आरूढ़ होते ही देव प्रभाव से मिट्टी का हाथी मेघ समान गर्जना करता हुआ शहर के बाहर भगवान के दर्शन करने चला। यह आश्चर्य जनक घटना देखकर सब मन में डरने लगे और सोचने लगे कि वास्तव में इसका कोई देव सहायक है। यह सामान्य आदमी का कार्य नहीं है, इसे देव सहायता करता है इसी से यह मन इच्छित कार्य कर सकता है। यह जिस पर प्रसन्न हो उसे ऐश्वर्यवान बना सकता है और रुष्ट हो जाय तो सर्व लक्ष्मी लूट कर हाथ पैरों में हथकड़ी डालकर कारागृह में डाल सकता है। इसलिये अपने अभ्युदय के लिये इसे प्रसन्न रखना चाहिये। यह विचार कर सर्व सामन्तगण और पुरजन देवपाल राजा के पास आकर दोनों हाथ जोड़कर कहने लगे-हे कृपानाथ। हे पृथ्वीपति। हमारे सब अपराध क्षमा करना। हम अज्ञानियों ने आपकी अवज्ञा की है वह हमारी वास्तव में मूर्खता है। हे कृपालु। विशेष क्या कहें? आपतो समुद्र समान गम्भीर हैं इसलिए हम अज्ञानियों पर प्रसन्न होकर हमारे अपराध क्षमा करो। हम सब आपकी आज्ञानुसार कार्य करने को तैयार हैं। इस प्रकार सबको अपने आधीन हुए जानकर देवपाल ने अपने परमोपकारी जिनदत्त सेठ को आदर पूर्वक बुलाकर बहुत सम्मान पूर्वक प्रधान मंत्री की पदवी प्रदान की। अहो। जगत में वही पुरुष धन्य है जो अपने पर किये उपकार को नहीं भुलता। दूसरे सब सामन्तों को भी अपने २ पद पर कायम रखा। इस प्रकार राज्य का सारा काम मंत्री के सुपुर्द कर निश्चित

होकर राजसुख भोगने लगा और हर्ष पूर्वक भगवान की भक्ति में दिन व्यतीत करने लगा।

इस प्रकार कुछ दिन बीतने पर नगर के उद्यान में, अनेक ग्राम, नगर में विहार करते हुए बहुत मुनियों सहित केवली भगवान दमसार मुनि पधारे। सूचना मिलते ही राजा भी मंत्री, सामन्त और रानी सहित अत्यन्त हर्ष पूर्वक वन्दना करने गया। तीन प्रदक्षिणा देकर, पाँच अभिगम पूर्वक गुरु के सन्मुख उचित आसन पर बैठ गया। सुवर्ण कमल पर विराजमान होकर गुरु महाराज भवभ्रमण रूपी व्याधि से पीड़ित जीवों को अमृत की धारा के समान कल्याणकारी देशना देने लगे।

"हे भव्य जीवों! जैसे समुद्र जल का आधार है वैसे तीनों लोक के जन्तुओं के कल्याण के लिये भी जिनेश्वर प्ररूपित धर्म ही आधार रूप है। इससे चिंतामणि रत्न, कामधेनु और कल्पवृक्ष वश में होते हैं और मोक्ष सुख भी सुलभ होते हैं। इसलिए ऐसे धर्म का आदर करो। वह धर्म दो प्रकार का कहा है। एक श्रमण धर्म और दूसरा श्रावक धर्म। श्रावक धर्म सम्यक्त्व मूल बारह व्रत सहित है। श्री जिनेश्वर की उल्लासपूर्वक भक्ति करने से सम्यक्त्व निर्मल होता है। जिनपूजा के द्रव्य और भाव ये दो भेद हैं। श्री जिनेश्वर देव की आज्ञा का पालन करना—अष्ट प्रकारी आदि पूजा करना यह प्रथम द्रव्य पूजा है और उनकी स्तुति स्तवनादि गुणगान करना भाव पूजा है। द्रव्य पूजा से उत्कृष्ट देवलोक के सुख प्राप्त होते हैं और भाव पूजा से अनन्त सुखमय मोक्ष लक्ष्मी प्राप्त होती है। इसीलिये कहा है कि—

सरलता से कर सकते हैं परन्तु सात्विकी भक्ति तो कोई महा भाग्यशाली व पुण्यशाली ही करते है; क्योंकि सात्विकी भक्ति सर्वोत्कृष्ट है, राजसी मध्यम है और तामसी जघन्य है। इसलिए पंडित लोग तो पिछली दो प्रकार की भक्ति नहीं करके सर्वोत्तम सात्विकी भक्ति का ही विशेष आदर करते हैं।

इसके अलावा जिनेश्वर को पांच तरह की पूजा भी बताई गई है। १-पुष्प वगैरह सेवा करना २-जिन द्रव्य की वृद्धि करना ३-यात्रा करना ४-महोत्सव करना और ५-वीतराग की आज्ञा पालन करना। इसके सिवा और दो प्रकार से भक्ति होती है। एक आभोग से दूसरी अनाभोग से। जो जिनेश्वर के गुणों को [illegible] प्रकार से जानकर उनका यथार्थ वर्णन कर विधि पूर्वक भगवान की पूजा [illegible] आभोग से द्रव्य स्तव भक्ति मानी जाती है। इससे [illegible] का नाश होता है और इससे संसार [illegible] [illegible] कर्मों का नाश होकर [illegible] होता है।

[illegible] गुणों [illegible] और पूजा विधि से अज्ञान [illegible] [illegible] भक्ति करना अनाभोग [illegible]

[illegible]

सार में अतिशय निबिड़ कर्मबन्ध करते हैं। जिस तरह मृत्यु के समय किसी रोगी को अपथ्याहार की इच्छा होती है यह अशुभ को सूचित करने वाला है उसी तरह कल्याणकारी जिन बिम्ब को देखकर जो प्राणी अशुभ भाव धारण करता है, यह उसके अनन्त संसार भ्रमण की सूचना देने वाला है। इसलिये अपना भला सोचनेवाला मनुष्य जरा भी जिन बिम्ब पर द्वेष नहीं करता है।

अब आठ दृष्टि का स्वरूप कहता हूँ सुनो

१-मित्रा-इस दृष्टिवाले को तृण की अग्नि के समान बहुत अल्पज्ञान होता है। अहिंसादि पांच यम की प्राप्ति, शुभ कार्य में खेद रहित प्रवृत्ति, भावाचार्य की सेवा वगैरह क्रिया वाला होता है और मिथ्यात्व की स्थिति तथा रस मंद होता है।

२--तारा--मित्रा से तारा दृष्टिवाले का मिथ्यात्व विशेष मंद होता है इसलिये उसका ज्ञान छाणे की अग्नि की तरह धीरे धीरे बढ़ता है। वह संतोष, तप, ईश्वर प्रणिधान, अष्टांग योग की कथा में प्रीति और गुणाजनों का विनय आदि क्रिया करनेवाला होता है।

३--बला-- इस दृष्टि वाले का तारा दृष्टिवाले से मिथ्यात्व विशेष मंद होता है इसलिये उसका ज्ञान लकड़ी की अग्नि के समान होता है। वह तत्व श्रवण करने में अत्यन्त प्रीतिवाला, चपल परिणाम रहित होता है और योग की सब क्रिया करता है।

[illegible]

[illegible] होती। इसका ज्ञान प्रदीप की प्रभा के समान होता है।

५—स्थिरा—इस दृष्टिवाले का सम्यग्दर्शन नित्य होता है। [illegible] ज्ञान रत्न की प्रभा के समान होता है। वह भ्रांति रहित [illegible] ज्ञानयुक्त, पंचेन्द्रिय के विषय में अनासक्त होता है। और सं[illegible] के सब भावों को उपाधिरूप समझकर तत्वज्ञान को ही सार समझता है। वह सम्यक्त्व में स्थिर चित्तवाला, रोग रहित मधु[illegible] वाला, सुन्दर आकार वाला अनिष्ठुर तथा धर्मध्यान को पुष्ट [illegible] वाला, मैत्री आदि भावना युक्त होता है।

६—कान्ता—इस दृष्टिवाले का ज्ञान तारे के प्रकाश के स[illegible] होता है। इसलिये जिस तरह तारे का अभाव नहीं होता, [illegible] तरह इस दृष्टि वाले को भी ज्ञान का अभाव नहीं होता। [illegible] निरन्तर तत्व ज्ञान की विचारणा, संसार में रहते हुए भी उ[illegible] आसक्ति रहित, अर्हत प्रणित धर्म के विषय में निबिड़ राग और आत्मज्ञान होने से संसार से डरता रहता है।

७—प्रभा—इस दृष्टिवाले का ज्ञान सूर्य की प्रभा के स[illegible] होता है। जैसे सूर्य के प्रकाश से अन्धकार का नाश हो[illegible] उसी तरह इस दृष्टिवाले से अज्ञान रूप अंधकार का नाश

है। वह विशेषकर ध्यान में ही प्रवृत्त रहता है और बाह्य तथा अभ्यन्तर रोग रहित प्रवर ध्यान से उत्पन्न परमानन्द सुख का अनुभव करनेवाला होता है ।

८—परा—इस दृष्टिवाले का ज्ञान चन्द्रमा के समान निर्मल शांत प्रकाश के समान होता है। निरतिचार पद में प्रवर्तमान, आत्मवीर्योल्लास से अभ्यारूढ़, हरेक क्रिया आत्मगुण को पुष्ट करने वाली होती है। उसे ही करता है, और अनुक्रम से अपूर्व-करणादि गुणस्थान पर पहुँच कर अन्त में केवलज्ञान प्राप्त कर अनेक भव्य जीवों का उपकार करता है।

इस प्रकार केवली भगवान की देशना सुनकर देवपाल श्रावक व्रत अंगीकार कर अपने महल में आया। उसके बाद बड़े उत्साह पूर्वक एक अत्यन्त मनोहर देवताओं के भवन से भी अधिक शो-भायमान, जिसका ध्वजदंड और कलश बहुत ऊर्ध्व भाग में रहकर शोभा दे रहा है ऐसा जिन मंदिर उसने तैयार कराया। उसमें सुरधेनु और कल्पवृक्ष से भी अधिक सौख्यदाता ऐसे सुवर्णमय जिन बिम्ब की स्थापना की। महोत्सव पूर्वक केवली ने उसकी प्रतिष्ठा की। दूसरे भी अनेक जगह कैलाश समान देदीप्यमान चैत्य कराकर व प्रचुर द्रव्य व्यय कर, मन, वचन और काया से विधि पूर्वक प्रथम पद का आराधना निर्मल भाव से करने लगा। रत्न और माणिक्य के बहुमूल्य आभूषण कराकर विधि भक्ति से स्नात्रोत्सव कर अपना जन्म सफल करने लगा।

विश्वास नहीं हुआ। जिससे राजा ने उसे अयोग्य समझ कर छोड़ दिया और स्वयं रानी सहित राजमहल को लौट गया।

इस प्रकार कुछ समय व्यतीत होने पर रानी के देवसेन नामका पराक्रमी पुत्र उत्पन्न हुआ युवावस्था प्राप्त होने पर उसका सुन्दर राजकुमारी के साथ ब्याह कर दिया। इसके बाद पुत्र को राज्य देकर राजा और राणी ने चन्द्रप्रभु गुरू के पास उल्लासपूर्वक चारित्र अंगीकार किया राजा निरतिचार संयम आराधना व दुष्कर तप करता हुआ ग्यारह अंग व नवपूर्व का अध्ययन कर नित्य स्वाध्याय करता हुआ कर्मरज को दूर करने लगा। संयमाराधन करते हुए भी निरन्तर भाव युक्त अरिहँत पद की भक्ति भी करता था। इस प्रकर तीनों लोकमें सब शास्वत जिनेश्वरों को भावपूर्वक वंदना कर व उनके गुणगान कर अपने कर्ममल दूर करने लगा। इसके सिवाय जहां २ श्री जिनेश्वर के कल्याणक हुए वहां २ की यात्रा करता हुआ प्रथम पद की आराधना कर अंत समय में अनशन कर प्राणतकल्प में देव हुआ। मनोरमा भी निरतिचार संयम पाल कर कठिन तपस्या कर स्त्री वेद का उच्छेदकर उसी कल्पमें देवांगना हुई और उसके साथ मित्र रूप में रहने लगी राजा का जीव वहां से चवकर महाविदेह क्षेत्र में तीर्थंकर पद प्रप्त करेगा। रानी का जीव भी वहां से चवकर उन्हीं तीर्थंकर के गणधर होकर मोक्ष प्राप्त करेगा।

—

दूसरी कथा

राजा हस्तिपाल

दूसरे सिद्ध पद की आराधन से तीर्थंकरहुये

इस भरतक्षेत्र में इन्द्रपुरी के समान ऐश्वर्यवाला साकेतपुर नाम का नगर था। वहां का राजा हस्तिपाल था। जो इन्द्र के समान तेजस्वी लक्ष्मीवान था जिसका यश सूर्य की किरणों की तरह दसों दिशाओं में फैला हुवा था। वह निष्कंटक होकर न्याययुक्त प्रजा का पालन करता हुआ राज्य करता था। उसके चैत्र नाम का बुद्धिमान मंत्री थो एक वार राज्य के लिये राजा को आज्ञा से चंपापुरी नगरी के राजा भीम के पास गया। वहां नगर की शोभा को देखता देखता वीतराग प्रभु श्री वासुपूज्य जिनेश्वर के मंदिर में गया। वहाँ भगवान की स्तुति वंदना कर हर्षपूर्वक बाहर आया। वहां मनोहर कामदेव के समान रूपवान धर्ममूर्ति धर्मघोष मुनि कोअपने शिष्यों सहित देख, प्रसन्न होकर विनय पूर्वक वंदना कर उनके सम्मुख बैठ गया। गुरू ने ज्ञानोपयोग से उसकी योग्यता जानकर संसार का नाश करनेवाली अमृतके समान देशना दी

हे भव्य जीवों! इस संसार रूपी अटवी में भ्रमण करते २ अमृत के तालाब के समान धर्म पूर्व पुण्य से ही प्राप्त होता है।

विश्वास नहीं हुआ। जिससे राजा ने उसे [illegible] कर छोड़ दिया और स्वयं रानी सहित राजमहल को लौट गया।

इस प्रकार कुछ समय व्यतीत होने पर रानी के देवसेन नामका पराक्रमी पुत्र उत्पन्न हुआ युवावस्था प्राप्त होने पर उसका सुन्दर राजकुमारी के साथ ब्याह कर दिया। इसके बाद पुत्र को राज्य देकर राजा और राणी ने चन्द्रप्रभु गुरू के पास उल्लासपूर्वक चारित्र अंगीकार किया राजा निरतिचार संयम आराधना व दुष्कर तप करता हुआ ग्यारह अंग व नवपूर्व का अध्ययन कर नित्य स्वाध्याय करता हुआ कर्मरज को दूर करने लगा। संयमाराधन करते हुए भी निरन्तर भाव युक्त अरिहँत पद की भक्ति भी करता था। इस प्रकर तीनों लोकमें सब शाश्वत जिनेश्वरों को भावपूर्वक वंदना कर व उनके गुणगान कर अपने कर्ममल दूर करने लगा। इसके सिवाय जहां २ श्री जिनेश्वर के कल्याणक हुए वहां २ की यात्रा करता हुआ प्रथम पद की आराधना कर अंत समय में अनशन कर प्राणतकल्प में देव हुआ। मनोरमा भी निरतिचार संयम पाल कर कठिन तपस्या कर स्त्री वेद का उच्छेदकर उसी कल्पमें देवांगना हुई और उसके साथ मित्र रूप में रहने लगी राजा का जीव वहां से चवकर महाविदेह क्षेत्र में तीर्थङ्कर पद प्रप्त करेगा। रानी का जीव भी वहां से चवकर उन्हीं तीर्थङ्कर के गणधर होकर मोक्ष प्राप्त करेगा।

—

दूसरी कथा

राजा हस्तिपाल

दूसरे सिद्ध पद की आराधन से तीर्थंकरहुये

इस भरतक्षेत्र में इन्द्रपुरी के समान ऐश्वर्यवाला साकेतपुर नाम का नगर था। वहां का राजा हस्तिपाल था। जो इन्द्र के समान तेजस्वी लक्ष्मीवान था जिसका यश सूर्य की किरणों की तरह दसों दिशाओं में फैला हुवा था। वह निष्कंटक होकर न्याययुक्त प्रजा का पालन करता हुआ राज्य करता था। उसके चैत्र नाम का बुद्धिमान मंत्री था एक बार राज्य के लिये राजा की आज्ञा से चंपापुरी नगरी के राजा भीम के पास गया। वहां नगर की शोभा को देखता देखता वीतराग प्रभु श्री वासुपूज्य जिनेश्वर के मंदिर में गया। वहाँ भगवान की स्तुति वंदना कर हर्षपूर्वक बाहर आया। वहां मनोहर कामदेव के समान रूपवान धर्ममूर्ति धर्मघोष मुनि कोअपने शिष्यों सहित देख, प्रसन्न होकर [illegible]नय पूर्वक वंदना कर उनके सम्मुख बैठ गया। गुरू ने [illegible]नोपयोग से उसकी योग्यता जानकर संसार का नाश करनेवाली [illegible]मृतके समान देशना दी

हे भव्य जीवों! इस संसार रूपी अटवी में भ्रमण करते २ [illegible]मृत के तालाब के समान धर्म पूर्व पुण्य से ही प्राप्त होता है।

सब जीवों पर दया करना यह सबसे उत्कृष्ट धर्म कहा है मनुष्य को अपने प्राण के सिवा अन्य कोई अधिक प्यारा नहीं है। जो एक जीव की रक्षा करता है वह त्रिभुवन की रक्षा करता है और जो एक जीव की हिंसा करता है वह त्रिभुवन की हिंसा करता है। ऐसा समझना चाहिये। जीव चौदह प्रकार के हैं—सूक्ष्म एकेन्द्रिय बादर एकेन्द्रिय बेइन्द्रिय, तेइन्द्रिय चौरिन्द्रिय संज्ञी पंचेन्द्रिय और असंज्ञी पंचेन्द्रिय। सात पर्याप्त और सात अपर्याप्त मिलकर जीव के चौदह भेद होते है ऐसा जिनेश्वर भगवान ने कहा है। इन सबकी धर्मात्मा पुरुष रक्षा करते है। अपनी आत्मा और दूसरों की आत्मा में जरा भी फर्क नहीं समझते है। आत्मवत् सर्व भूतेपु इस प्रकार सबको अपनी आत्मा के समान देखते हैं। दुसरे शास्त्रो में भी कहा है कि —

> यत्र जीवः शिवस्तत्र, न भेदः शिवजीवयो ।
> न हिंस्यात्सर्वभूतानि, शिवभक्तिसमुत्सुक ॥१॥

अर्थ—जहाँ जीव है वहाँ शिव है। शिव और जीव में भेद नहीं हैं। इसलिये शिव की भक्ति करनेवाले को सर्व जीवों की हिंसा नहीं करनी चाहिये।

इस प्रकार जीवो पर दया करने से आत्मा निर्मल होती है और धीरे २ वह आत्मा जन्म जरा मृत्युआदि क्लेशो से मुक्त होकर अनन्त ज्ञान, दर्शन चारित्र और वीर्य को धारण करने वाला शुद्ध चिदानन्दमय सर्वदा कर्मरहित होकर लोक के अग्र भाग वाले सिद्ध क्षेत्र में जहाँ सब सिद्ध भगवान रहते है वहाँ पहुँचता है

उन सिद्ध जीवो केसुख का वर्णन करोड़ो मुख
भी नहीं किया जा सकता है। सुर और मनुष्य सम्बन्धी
जो उत्तम प्रकार के सुख है उन सबको इकट्ठा किया जाय
भी उस सुख की तुलना नहीं हो सकती अर्थात, उन सब सुख
से भी मोक्ष का सुख अनंतानंतगुणा अधिक है। जिसने अमृ
रस का पान किया हो उसे अन्य रस कैसे अच्छे लग सकते
अर्थात नहीं लगते। जिसने मोक्ष के अद्वितीय के सुख
जान लिये है उसे मनुष्य सम्बन्धी पौद्गलिक सुख की इच्
किस तरह हो सकती है। सभी सिद्धात्मा अमूर्त होने से परस्
बाधा रहित मोक्ष स्थान में रहते है। सिद्ध के जीवों की उत्कृ
अवगाहना ३३३ धनुष से थोड़ी अधिक है। मध्यम अवगाह
तीन हाथ से थोड़ी कम होती है और जघन्य अवगाहना ए
हाथ और आठ अंगुल होती है।

जैसे अमृत के एक बिन्दु मात्र से तीव्र विष की व्याधि ना
होती है, वैसे सिद्ध भगवान् के ध्यान से जीवों के दुष्कृत्यों
परंपरा नाश होती हैं और तीनों लोकों को पूज्य ऐसी उत्कृ
पदवी तत्काल मिलती है।

इस प्रकार गुरू की देशना सुनकर मंत्री बोला—'हे प्रभु
सिद्ध की भक्ति से संसार का नाश करने वाले श्रावक के
मुझे दीजिये। गुरू ने योग्य जानकर उसे व्रत दिये व्रत लेकर गुरु
वंदना कर मंत्री राज्य का कार्य पूरा कर अपने नगर में आया।
राजा को प्रणाम कर योग्य स्थान पर बैठ गया। तब राजा

पूछा 'हे मंत्री ! तुमने चंपापुरी में जो कोई आश्चर्य देखा हो वह कहो

तब मंत्री ने कहा—'हे राजा ! उस नगरी के मंदिर देव भवन समान अतिशय मनोहर हैं जिसे देखकर मन को तृप्ति नहीं होती । जगह जगह पर दाता और भोक्ताओं के घर हैं । उस शहर के मध्य में तीनो लोक को आल्हाद पैदा करनेवाला अद्भुत शोभायमान श्री वासुपूज्य स्वामी का मंदिर है । उस मंदिर में सबके नेत्रो को मोहनेवाली, दिव्य आभूषणों से विभूषित वासुपूज्य स्वामी की मणिमय प्रतिमा है। मैंने मेरे पुण्योदय से उन जिनेश्वर की प्रतिमा के दर्शन कर अपने नेत्र सफल किये । भाव सहित भक्ति पूर्वक नमस्कार कर लौटते समय धर्मघोष मुनि मिले । उनको नमस्कार कर मैं बैठा । गुरुदेव ने उपकार दृष्टि से सिद्ध का स्वरूप बताया । मैंने भी उसी प्रकार अंगीकार किया । इस प्रकार मंत्री के मुख से बात सुनकर राजा मन में विचारने लगा कि – अहो ! वे उपकारी मुनिराज यहाँ कब पधारेंगे और कब उनके दर्शनकर मैं अपने मन का मनोरथ पूर्ण करूंगा । ' इतने में धर्मघोष मुनि शिष्यो सहित उपवन में आ पहुँचे । राजा को उनके आने की सूचना मिलते ही प्रसन्न होकर मंत्री सहित गुरुदेव की वंदना करने गया । वहाँ जाकर बिधि पूर्वक गुरूदेव को वंदना कर यथोचित स्थान पर बैठ गया । इतने में गुरु महाराज सिद्ध का स्वरुप बताने लगे :–

'हे भव्यजीवों ! धर्म दो प्रकार का है एक श्रमण धर्म दूसरा श्रावक धर्म। उस धर्म का सम्यक्त्व सहित आचरण करने से सिद्ध पद प्राप्त होता है। गुरु महाराज की देशना सुनकर राजा बोला — हे करुणा समुद्र ! जो दृष्टि से अगोचर है, जिसकी रुपरेखा व काया अगोचर हैं, ऐसे सिद्ध भगवान की सेवा भक्ति किस प्रकार की जाय ? वह आप कृपा कर हमको बताइए। गुरू महाराज ने कहा 'हे राजन् ! जो सिद्ध स्थान में रहनेवाले निरंजन–निराकार, निःकषायी, जितदेह, शुद्धात्मा, सिद्ध स्वरूप का ध्यान करता है और उनकी मूर्त्ति की द्रव्य भाव से पूजा करता है वह प्राणी घातिया कर्मों का क्षय कर अनंतानंत सुख देनेवाली तीन लोककी सम्पदा प्राप्त करता है। इस प्रकार स्वरुप सुन राजा विचारने लगा —अहो ! वह पुरुष धन्य है जो भव भ्रमण को दूर करने वाले जिन धर्म को अराधना करता है। मैं भी उसी को ग्रहण करुं। इस विचार से सिद्धपद के अराधना का व्रत ग्रहण कर अपने घर आया। पीछे निरंतर बहुत भावपूर्वक स्थिर चित्त से "णमो सिद्धाणं" पद से सिद्ध परमात्मा का ध्यान करता हुआ मंत्री सहित सम्मेत शिखर, शत्रुंजय' आदि सिद्धों के पवित्र स्थानो की यात्रा कर अपनी आत्मा को निर्मल करने लगा। अनुक्रम से निर्मल ध्यान से सिद्ध पद की अराधना कर मोक्ष सुख के निधान स्वरुप तीर्थंकर नाम कर्म बांधा। इसप्रकार दीर्घकाल तक राज्य ऋद्धि और सिद्ध पद की अराधना कर मंत्री सहित गुरुके पास चारित्र ग्रहण किया।

[illegible]
[illegible] और [illegible]
करता हुआ [illegible] मुनि महाराज की आज्ञा
लेकर सम्मेत शिखर की यात्रा के लिये गया। मार्ग में उन्होंने यह
अभिग्रह किया कि जब तक सिद्ध परमात्मा की मूर्ति के दर्शन न
होंगे तब तक आहार नहीं लूंगा। ऐसा दृढ़ अभिग्रह देख
इन्द्र महाराज ने मुनि महाराज की सभा में प्रशंसा की। उसके
वचन पर विश्वास न कर एक अग्नि कुमार देव उस मुनि की
परीक्षा के लिये वहाँ आकर अनेक प्रकार के क्लिष्ट उपसर्ग करने
लगा। तीव्र भूख और प्यास की ऐसी वेदना पैदा की कि सामान्य
मनुष्य तो क्षण भर में प्राण रहित होजाये। ऐसी वेदनाको माह
तकसहन करने से मुनि की काया अत्यन्त क्षीण होगई फिर भी
उन्हें जरा भी क्रोध नहीं आया। तब देवता ने प्रगट होकर सारी
व्यथा दुर करदी और मुनि के चरणो में नमस्कार कर कहने लगा।
महाभाग्य! हे करुणा सागर! समता सिंधु! मेरे सारेअपराधक्षमा
करो। इन्द्र महाराज ने सभा में आपके अभिग्रह की प्रशंसा की
उसपर मुझे विश्वास नहीं होने से मैने आपके साथ यह कार्य
किया है। अत: आप क्षमा करे। ऐसा कह देव वापिस देवलोक
में चला गया। राजर्षि मुनि ने दो मास तक उपसर्ग सहन कर
सम्मेत शिखर पर पहुँच कर सम्पूर्ण सिद्ध प्रतिमाओ को बन्दन कर
पीछे पारणा किया। इस प्रकार निरतिचार चारित्र पालकर अन्त
समय में अनशन कर मंत्री तथा राजर्षि दोनो अच्युत

कल्प में देवहुए। वहां से चवकर राजा महाविदेह क्षेत्र में तीर्थंकर पदवी पाकर मोक्ष जायेगे और मंत्री वहां से चवकर उनही तीर्थंकर के गणधर होकर केवलज्ञान प्राप्त कर मोक्ष प्राप्त करेगे।

तीसरी कथा

श्री शेठ जिनदत्त और हरिप्रभा जो तीसरे प्रवचन पद के आराधन सेतीर्थंकर हुवे

भरतक्षेत्र में वसंतपुर नामका एक बहुत ही रमणीक नगर था। वहां समकित धारी जिनदास नाम का एक व्यापारी रहता था। उसके शीलवान पतिवृता जिनदासी स्त्री तथा रूपवान, विनयी और विवेकी जिनदत्त नामका पुत्र था। उसकी चन्द्रातप विद्याधर के साथ मित्रता थी। उस विद्याधर ने जिनदत्त को बहुरुपिणी विद्या सिखा दी थी। एक दिन वे दोनो मित्र उद्यान में गये वहां मनोहर नाटक कराकर आनन्द से बैठे थे, इतने में एक पुरुष हाथ में चित्र लेकर जिनदत्त को प्रणाम कर, चित्र जिनदत्त को देकर एक तरफ खड़ा हो गया। जिनदत्त चित्र को देख प्रफुल्लित हो कहने लगा—हे चित्रकार अप्सरा के रुप को भी मात करने वाली यह युवती कौन है। चित्रकार—हेभाग्यशाली चंपापुरी में परोपकारी व धनाढय धनावाह सेठ रहता है। उसके घर में दो अमूल्य वस्तु हैं। एक बहुमूल्य मुक्ताफल का एकावली हार और

दूसरी रुपवती और गुणवती कन्या हरिप्रभा हैं। उस कन्या के रूप गुण और सौन्दर्य का मैं क्या वर्णन करुँ वह साक्षात रति और सरस्वती के समान चन्द्रवदनी सुभलोचनी हस्ति के सामान गतिवाली व अप्सरा के रुप को भी पराजय करनेवाली है। उसी कन्या का यह चित्र हैं। मैंने देवकृपा से अपनी आजीविका के लिये बनाया हैं।

चित्रकार के मुख से यह सुनकर जिनदत्त ने एक लाख मुल्य वाली रत्नों से जड़ी हुई करधनी देकर वह चित्र खरीद लिया। चित्र की सुन्दरता देख दिग्मुढ़ हो घर आया परन्तु उसका मन किसी काम में नहीं लगा। यहां तक कि खाना पीना सोना बैठना, चलनाफिरना सब छोड़ दिया और रात दिन उसी चित्र पर ध्यान लगाकर बैठा रहता। इस बात का पता उसके पिता जिनदास को लगा, तो उसने आकर कहा – बेटा। किसी धुर्त के कपट जाल में फसकर एक लाख रुपये पर पानी फेरनेवालाव काम धन्धो को छुड़ाने वाला यह तूने चित्र क्यों लिया ? द्रव्योपार्जन में कितना परिश्रम करना पड़ता है। उसका तुझे क्या पता ? कठिन परिश्रम से एकत्र किया हुआ धन यदि इस प्रकारव्यय कर देगें तो थोड़े समय में दरिद्री हो जायेगें। परन्तु तुझे विना परिश्रम के पिता से मिले हुए धन को क्या परवाह ? इस तरह उलाहना देकर सेठ अपने काम पर चला गया।

उपरोक्त चुभनेवाले वचन सुन जिनदत्त चमका और मन में विचारने लगा – ओ हो पिता को मुझ से अधिक प्रेम धन से है इस विचार से जिनदत्त की आंखों से आंसू की धारा

निकलने लगी। थोड़ी देर इसी अवस्था में रहा और फिर सोचने लगा। अरे इसमें पिता का क्या दोष सारा संसार स्वार्थी है। माता भी यदि पुत्र कमाता है तो प्रीति करती है। स्त्री भी यदि पति नाना प्रकार के आभूषण लाकर देता है तो प्रेम करती है मित्र भी यदि स्वार्थ नहीं निकलता है तो उसे छोड़ देता है और राजा भी धनवान की ही इज्जत करता है। वास्तव में सब जगह स्वार्थ का ही स्नेह है जहां तक स्वार्थ होता है वहां तक ही स्नेह है इसलिये इस में पिता का क्या दोष है! पिता के द्रव्य की एक कोड़ी भी काम में नहीं लेनी चाहिए। विदेश जाकर धन पैदाकर के ही पिता के घर में प्रवेश करूंगा। ऐसा निश्चय कर उसी दिन रात्रि को जब सब सो रहे थे व सब जगह शान्ति का साम्राज्य था तब जिनदत्त बिना किसी को कहे घर से निकल कर चला गया। चलते चलते चंपापुरी में धनावाह सार्थवाह के घर पहुंचा। सार्थवाह ने रात को स्वप्न में कल्पवृक्ष देखा था इसलिये आगन्तुक को देखते ही अत्यन्त हर्ष पूर्वक आदर से जगह दी। कहा है कि

सज्जन आव्या पाहुणा, आपे चार रत्न।
पाणी, वाणी, बेसणुं, आदरसेंतीअन्न ॥

खरे खर। भाग्यशाली पुरुष जहां जहां जाता है वहां वहां उसका आदर सत्कार होता है। कहा है कि—

पान पदारथ नर सुगुण, वण तोल्यां वेचाय।
जिम जिम चंपे भुंमडी त्युं त्युं मूल मोंघेरा थाय ॥

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

गुणी जन जहाँ जाता है वहाँ अपने गुणों से सबको अपना ही परिवार कर सबका प्रिय बन जाता है। जिनदत्त ने भी अपने गुणों से सार्थवाह के सारे कुटुम्ब को धर्म का उपदेश कर धर्म पर श्रद्धावान् बनाया। इस तरह कुछ दिन व्यतीत होने पर सार्थवाह ने जिनदत्त के गुणों से मुग्ध हो पूछा—"हे महाभाग! तुमको यहाँ रहते कुछ दिन व्यतीत हो गये हैं परन्तु हम सबको तुम्हारे गांव, नाम और कुल का पता नहीं है। तथा आप किस कारण से देशाटन कर रहे हैं? यदि आपको कहने में कोई आपत्ति नहीं हो तो हमें बता कर कृतार्थ करो।

जिनदत्त—श्रेष्ठीवर्य मुझे कहने में कोई आपत्ति नहीं है। ऐसा कह उन्होंने अपना सारा वृतान्त बताया। सार्थवाह ने उसका वृतान्त सुन हृदय में प्रसन्न हो विचारने लगा—"वास्तव में यह उत्तम कुल में उत्पन्न हुआ है और गुणवान है। इसलिये मेरी पुत्री हरि-प्रभा के लिये यह योग्यवर है" ऐसा विचार कर बड़े उत्साहपूर्वक जिनदत्त के साथ अपनी पुत्री का विवाह कर कन्यादान में अपार धन दिया। वास्तव में पुण्यशाली पुरुष जहाँ जाता है वहां वह सुखी ही होता है। कहा है कि—

सर्वत्र वायसाः कृष्णाः सर्वत्र हरिताः शुकाः ।
सर्वत्र दुखीनां दुःखं, सर्वत्र सुखीनां सुखं ॥१॥

अर्थ—जिस तरह कौए सब जगह काले और तोते सब जगह हरे होते हैं । इसी तरह सुखियों को सब जगह सुख और दुखियों को सब जगह दुख मिलता है ।

इस तरह जिनदत्त पूर्व पुण्योदय से सुख पूर्वक श्वसुर के यहाँ कुछ समय रहकर सबकी आज्ञा लेकर अपने नगर की ओर चलने को तैयार हुआ, तब सेठ ने दहेज में अपना अमूल्य एकावली हार तथा अपार धन दिया । साथ में नौकर रथ, पालकी आदि भी देकर हर्षपूर्वक विदा किया ।
अनेक नौकरों के साथ चलते चलते मार्ग में एक सरोवर के पास मुकाम कर सब विश्राम करने लगे । वहाँ से थोड़ा दूर वृक्षों की कुञ्ज में विद्याधर मुनि को कायोत्सर्ग में स्थित देख दोनों स्त्री पुरुष चारण मुनि के पास आकर विनय पूर्वक वंदना कर उनके सामने बैठ गए । इतने में मुनि ने कायोत्सर्ग पूरा कर धर्म लाभ कहा और उनको योग्य समझ धर्मदेशना देने लगे ।

'अहो भव्य जनों, इस अनादि और दुःख से भरपूर संसार समुद्र में डूबते प्राणी को धर्म के सिवाय किसी का सहारा नहीं है । धर्म से सब प्रकार का सुख, वैभव और ऐश्वर्य प्राप्त होता है । उत्तम कुल में जन्म होता है और मोक्ष भी प्राप्त होता है । धर्म कई प्रकार से होता है—जैसे १—सब जीवों पर दया करने से, २—ज्ञान व क्रिया से, ३—ज्ञान, दर्शन और चारित्र से, ४—दान, शील तप और भावना से, ५—पंच महाव्रत से, ६—षट् आवश्यक से,

७–सप्तनय से, ८–अष्ट प्रवचन से, ९–नव तत्व से और १०- क्षमादि दश विधि यति धर्म से, इस तरह धर्म के भिन्न-भिन्न स्वरूप हैं। उनकी आराधना करने से प्राणी सुर नर सम्बन्धी अनेक प्रकार के सुखों को प्राप्त कर अन्त में कर्म मल रहित हो निरंजन निराकार हो परमानन्द को प्राप्त करता है।

यह देशना सुन विनय पूर्वकप्रणाम कर जिनदत्त बोला– हे भगवन्! ऐसा उत्तम प्रकार का धर्म किसने बताया वह कृपा कर कहो? मुनि –हे महाभाग्य। यह धर्म प्राणी मात्र का उपकार करने वाले श्री जिनेश्वर भगवान ने बतलाया है। जिनदत्त – हे भगवन्! ऐसे उत्कृष्टा पद का लाभ किस पुण्य के उदय से प्राप्त किया जा सकता है? मुनि – सौभाग्यशाली त्रैलोक्यवंद्या तीर्थंकर पद की प्राप्ति के लिये अरिहंतादिक बीस स्थानककी निज शक्तिनुसार आराधना करने और उसमे भी तीसरे पद –अर्थात् श्री संघ की भक्ति भावपूर्वक करने सेउत्कृष्ट पद प्राप्त होता है। इसलिये कहा है कि –

गुणानामिह सर्वेषां रत्नानामिव रोहणः।
श्रीमान्. श्रमणसंघोयं आधारः परमो भुवि॥

अर्थ – जैसे इस पृथ्वी पर सब रत्नों का आधार रुप रोहणाचल है वैसे सर्व गुणों का आधार रूप श्री श्रमण संघ है।

इसे तीर्थंकर भगवान भी धर्मोपदेश समय "णमो तित्थस" कहकर नमस्कार करते है। श्री संघ की भक्ति परम पद को देनेवाली है। श्री संघ की भक्ति करनेवाले विशाख नामके सेठ को उसी भव में किसी सम्यग्दृष्टि देव ने प्रसन्न होकर चिन्तामणि

दान दिया था। बाद में उस सेठ ने श्रीसंघ की अतिशय गौरव पूर्वक भक्ति कर और सम्यक्त्व शुद्ध कर तीर्थङ्कर पद प्राप्त किया। इसलिये हे सौभाग्यशाली ! सब क्लेशों को दूर करने के लिये उत्साहपूर्वक श्री संघ की अत्यंत भाव से भक्ति कर।

इस प्रकार श्री संघ की भक्ति का महत्त्व सुन भावपूर्वक तीसरे पद की आराधना का नियम गुरु से ग्रहण कर पुनः विनय पूर्वक वंदना की। पीछे परिवार सहित अपने नगर में गया। स्वजन सम्बन्धी उसको आगमन आदि को देख मिलने आये। इसके बाद निरंतर भावपूर्वक तपस्वी ग्लान, वृद्ध आदि सुपात्रों को वस्त्र, पात्र, आहार, औषधि आदि देने लगा। इसी तरह निरन्तर जिनेश्वर भगवान की सनात्र कर सर्वों का नाश करनेवाली गुरु देशना सुनकर सम्यक्त्व में निश्चला चित्त वाला हो चतुर्विध संघ की यथाशक्ति भक्ति करने लगा। कहा है कि जो भी श्री संघ की भक्ति कर अपना द्रव्य सुपात्रों में व्यय करता है। वह सर्व ऋद्धि सम्पत्तियों से अपना गृह भरता है और जो कुपात्रों में अपना धन खर्च करता है वह जिस प्रकार रोगी को कुपथ्य देने के परिणाम में दुःखी होता है। उसी तरह कुपात्र में व्यय किया गया द्रव्य कष्ट को देने वाला होता है। कुछ समय बीतने पर उस नगर के राजा को बहुमूल्य भेंट की। उसे पाकर राजा अत्यन्त प्रसन्न हुआ और बड़े आदर से जिनदत्त को बुलाकर राज्य सभा में उसे नगर सेठ की पदवी प्रदान की।

बिना मेरी प्रार्थना को अस्वीकार न कर एकावली हार मुझे देंगे — ऐसी आशा है ।

इस प्रकार के करुणामय वचन सुनकर जिनदत्त ने कहा — हे स्वामी ! यह सब द्रव्य स्वधर्मियों के लिये ही है । मैं तो सिर्फ उनका खर्च करने वाला हूँ । ऐसा कह तुरन्त अत्यन्त मूल्यवान एकावली हार निकाल कर उसके सुपुर्द किया । उसकी ऐसी उदारता देख देव प्रसन्न हो अपने असली रूप में प्रगट हो उसके सिर पर फूलों की वृष्टि कर उसकी स्तुति करने लगा । — हे सेठ ! आपको धन्य है, आपने श्रावक धर्म का यथार्थ पालन किया है तथा प्रवचन की और श्री संघकी भक्ति कर जिन शासन की प्रभावना की और अपने कुल को उज्वल किया है इस प्रकार स्तुति कर चिन्तामणि रत्न देकर देव अपने स्थान को लौट गया । चिन्तामणि रत्न के प्रभाव से जिनदत्त श्री संघ के इच्छित कार्य पूरे करने लगा । फिर चार ज्ञान को जानने वाले रत्नप्रभु गुरू के पास अपनी भव स्थिति पूछी । तब गुरू ने कहा, "हे देवानुप्रिय ! तू यहाँ से मृत्यु पाकर पहले देवलोक में देवता होगा, वहाँ से चवकर महाविदेह क्षेत्र में तीर्थंकर पद प्राप्त कर मुक्ति को प्राप्त करेगा । इस प्रकार गुरू के वचन सुनकर अत्यन्त हर्ष पूर्वक सात क्षेत्रों में खूब द्रव्य खर्च करता हुआ शुभ भावना पूर्वक अपनी स्त्री और दूसरे बहुत श्रावकों सहित गुरू महाराज के पास से चारित्र लिया । मुनि अवस्था में भी उल्लास पूर्वक प्रवचन की भक्ति करता मुनियों को गोचरी

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

चतुर्थ कथा

राजा पुरुषोत्तम

जो चतुर्थ आचार्यपद की भक्ति से तीर्थङ्कर हुए

इस भरतक्षेत्र में पद्मावती नाम की नगरी थी। वहाँ इन्द्र के समान ऐश्वर्यवान् पुरुषोत्तम राजा निष्कंटक हो प्रजा का पालन करते हुए सुख पूर्वक राज्य करते थे। उसके बुद्धिमान तत्वातत्व का जाननेवाला, सम्यक्त्व आदि गुणों से विभूषित, अर्हंत धर्म को माननेवाला सुमति नाम का मंत्री था। एक दिन राजा सर्व सामन्तों सेठों और मंत्रीओ सहित सभा में बैठे हुए थे कि इतने में एक कपटी, रौद्र नाम का कपाली, योगी राजा को आशीर्वाद देकर सभा में आकर बैठ गया। राजा ने आदर पूर्वक कुशल क्षेम पूछ आने का कारण पूछा। योगी बोला—हे नरेन्द्र तेरे प्रताप से तेरी सम्पूर्ण प्रजा सुख से रहती है तो फिर मुझ योगी की कुशल क्षेम का क्या पूछना? अर्थात मैं आनन्द पूर्वक हूँ। परन्तु

आज छः माह से एक विद्या सिद्ध कर रहा हूँ किन्तु वह उत्तर साधक बिना सिद्ध नहीं होती। इसलिये हे परोपकारी पुरुषोत्तम नरेन्द्र मेरे पर अनुग्रह कर मेरा उत्तर साधक बन विद्या सिद्ध करने में सहायता कर मेरे श्रम को सफल कर, यही मेरी प्रार्थना है।

योगी की बात सुन राजा ने कहा—योगीन्द्र! मैं खुशी से आपका उत्तर साधक बनूगा, आप सर्व होम की सामग्री तैयार करो मैं आपके साथ हूँ। राजा की यह बात सुनकर सम्यक त्व का जाननेवाला मंत्री कहने लगा—हे नृपति! वीतराग धर्म को जाननेवाले को मिथ्यात्वी का साथ नहीं देना चाहिये क्योंकि शंका कांक्षा, विचिकित्सा पाखण्डी की प्रशंसा और उनका साथ ये समकित के पांच अतिचार हैं। इससे समकित मलीन होता है और समय पर कष्ट होने की संभावना है। इसलिये जिनेश्वर ने इन पाँच अतिचार का त्याग करने को कहा है।

राजा—मंत्रीश्वर! आपका कहना सत्य है, परन्तु इस क्षण भंगुर देह से यदि किसी का उपकार नहीं हुआ तो यह जीवन किस काम का? क्योंकि अन्त में तो देह भस्मीभूत होने वाला है। मेरे कुछ भी हो, उसको मुझे कोई चिन्ता नहीं। यदि मेरे कारण इसका कार्य सिद्ध हो जायगा तो मुझे प्रसन्नता ही होगी।

इस प्रकार मंत्री के मना करने पर भी योगी के साथ तलवार लेकर राजा सूर्यास्त होने पर भयंकर वन में योगी के स्थान पर पहुँचा तब योगी ने कहा हे राजा एक मनुष्य के शव

नगर को रवाना हुआ। कुछ ही दिनो में वे पद्मावती नगरी के उधान में आकर ठहरे। वहां से संध्या को चुपचाप स्त्री वेष छोड़कर पुरुषोत्तम राजा महल में गया। राजा के आगमन की सूचना मिलने पर नगर के सेठ, सामंत, मंत्री वगैरह नमस्कार करने आये। पीछे राजा ने सारा वृतान्त मंत्री को बतलाया और शुभ मुहुर्त देख उत्तम लग्न में राजकुमारी पद्मश्री के साथ बडे ठाटबाट के साथ शादी की।

कुछ समय आनन्द सहित विषय सुख भोगते हुए रानी ने सिंह स्वप्न सूचित गर्भ धारण किया। नौ मास पूरे होने पर पुत्र हुआ। राजा ने बडे हर्ष पूर्वक जन्मोत्सव किया। पुत्र का नाम पुरुषसिंह रखा। बडे लाड़ प्यार से पालित विद्याभ्यास कर सब शास्त्रों का ज्ञान प्राप्त कर यौवन अवस्था में पहुचा। इसलिये राजा ने उत्साह से आठ राजकुमारियों के साथ राजकुमार की शादी कर दी। इस प्रकार राजा अपने आपको सुखी मानने लगा परन्तु सब की स्थिती कभी एक समान नहीं रहता है। अब धीरे २ राजा का भाग्य चक्र उलटा चलने लगा। पूर्व कर्मवश रानी के शरीर में दाहज्वर की महावेदना उत्पन्न हुई। उसी वेदना से रानी की मृत्यु हो गई। रानी पर अधिक स्नेह होने के कारण राजा खाना पीना, राजकाज छोड़कर रातदिन रोने लगा। उस समय उस नगरी के उधान में चार ज्ञान को धारण करने वाले परमोपकारी श्रीदेव मुनिश्वर पधारे। उनको नमस्कार करने के लिये नगर के सब लोग जानेलगे। राजा भी मंत्री सहित आकर गुरु वंदन कर

नय पूर्वक उचित स्थान पर बैठ गया। उस समय करुणासागर निराज धर्मदेशना देने लगे।

"हे भव्यजीवों! मनुष्य जन्म, आर्य क्षेत्र, उत्तम कुल और र्मश्रवण का योग मिलने पर भी जो प्राणी अनन्त सुख देनेवाले र्म में चित नहीं लगाता वह बारबार दुःख से भरे चौरासी लाख ोनियों में भ्रमण करता है। संसार में एक भी ऐसी योनि नहीं जिसमें यह जीव अनन्त बार जन्मा व मरा न हो। यह जीव कर्म श मनुष्य जन्म प्राप्त कर पौद्गलिक सुख की इच्छा में आसक्त ाकर मनुष्य जन्म ऐसे ही खो देता है। इस जीव ने पौद्गलिक ुख को अनन्त बार भोगा है फिर भी इसको तृप्ति नहीं हुई। ास्तविकता में इस पौद्गलिक सुख को सच्चा सुख नहीं कह ाकते क्योंकि जिस तरह किंपाक का फल खाने में मीठा होता है रन्तु अन्त में दारुण दुःख देनेवाला होता है। ऐसे दुखगर्भित ुख में गुणीजन क्यों आसक्त होता है? संसारिक सुख क्षणिक ौर असार है इसलिये उसका त्याग कर अनन्त सुख को देने ाले जैन धर्म में रुचि रखना चाहिये। धर्म दो प्रकार का है— क पंच महाव्रत रूप श्रमण धर्म जिससे मोक्ष सुख प्राप्त होता है। ूसरा सम्यक्त्व मूल श्रावक के बारह व्रत रूप धर्म है जिससे उत्कृष्ट बारहवे देवलोक का सुख प्राप्त होता है। इस तरह अनेक भवोपार्जित कर्म का नाश कर अक्षयसुख को देनेवाले धर्म का चिंतन करो।"

कीर्तन करते हुए उत्कृष्ट पुन्योपार्जन कर तीर्थंकर नाम कर्म का बंध किया।

एक दिन देवसभा में इन्द्र महाराज ने पुरुषोत्तम मुनि की प्रशंसा कर कहा कि—वर्तमान संसार में भरत क्षेत्र में मुनि गुणों में विभूषित पुरुषोत्तम राजर्षि के समान गुरु भक्ति करने वाला दूसरा नहीं है। इस प्रकार मुनि की प्रशंसा सुन कोई इर्षालु मिथ्या दृष्टि देव उन मुनि की परीक्षा करने के लिये मुनि का रूप धारण कर पुरुषोत्तम मुनि के पास आकर उनके अनेकों दोष बताने लगा और कटु वचन से वाक्य प्रहार कर भर्त्सना करने लगा। फिर भी समता सिंधु राजर्षि मुनि जरा भी खेद नहीं करते हुए अपनी निंदा सुनते हुए गुरुभक्ति भाव से जरा भी विचलित नहीं हुए। इस प्रकार दृढ़ चित्तवाले मुनि को देख देव प्रगट होकर मुनि की तीन प्रदक्षिणा नमस्कार कर अपने अपराध की क्षमा माँग कर देवलोक में चला गया। राजर्षि मुनि अभिग्रह का पालन करते हुए अन्त मे एक मास का अनशन कर अच्युत कल्प में महा समृद्धिवाले देव हुए। वहाँ से चव कर महाविदेह क्षेत्र में तीर्थंकर पद प्राप्त कर मोक्ष प्राप्त करेंगे।

एक दिन राजा राज्य सभा में बैठा हुआ था। उस समय इन्द्र शर्मा नाम का इन्द्रजालिया मनोहर देव समान रूपधारण कर साथ मे एक अनुपम स्वरूपवान लावण्यमयं नवयौवना युवती को लेकर सभा में आया और प्रणाम क[र] खड़ा रहा। उसको राजा ने आदर पूर्वक कहा—हे वी[र] पुरुष! तू कौन है? तेरे साथ यह सुन्दरी कौन है यहाँ आने का क्या प्रयोजन है?

इन्द्रजालिया सिर झुका कर कहने लगा—हे राजन मै मणि प्रभ विद्याधर हूँ और यह मेरे प्राणों से अधिक प्रिय मे[री] पत्नि है। यह एक दिन अपनी सखियों के साथ क्रीडा करने [illegible] रही थी उस समय मेरे शत्रु वज्रदाह विद्याधर ने इसका ह[रण] किया। मुझे खबर होते ही उसके साथ युद्ध कर अपनी स्त्री लेकर यहाँ आया हूं। परन्तु वह दुष्ट फिर अत्यन्त क्रोधित हो [illegible] मारने के लिये आरहा है। इस लिए मै अपनी स्त्री को आप [illegible] शरण में रखने आया हूँ। लोगों के मुंह से सुना है आप पर न[illegible] [illegible] है इस लिए आप के पास छोड़ने आया हूँ। मैं जब [illegible] पीछा नहीं आऊँ तब तक इसको [illegible] [illegible] है। मैं थोड़ी ही देर में आपकी कृपा [illegible] आऊँगा। ऐसा कह [illegible] में वह [illegible] हो गया और सब सभासद [illegible] [illegible]

थोड़ी देर में आकाश से एकदम दो कटे हुए पैर राज
सभा में आकर गिरे। इसके बाद दो हाथ कटे हुए गिरे। इस
तरह शरीर के सब अवयव कटे हुए गिरपड़े। यह देखकर
सब चकित हो गए। उन अवयवों को पहचान कर विद्याधर
की स्त्री जोर जोर से रूदन करती हुई बोली—हाय! हाय
नाथ! मुझे अभागी के लिये आपने निर्दयी शत्रु से
लड़कर प्राण त्याग किये। अरे नाथ! दुष्ट के साथ लड़ने से
तो मुझ हत—भगिनी का ही नाश होने देते तो अच्छा होता।
हे प्राणनाथ! अब में आपके बिना जीकर क्या करू! मैं भी
आपके पीछे आती हूँ। इस तरह रोती हुई राजा से
कहने लगी—महाराज। मैं भी पति के साथ सती होना
चाहती हूँ। क्योंकि कुलीन और सती स्त्री का बाद में
जीना व्यर्थ है। इसलिये मेरे पति के अंग के साथ मेरा भी
अग्नि संस्कार करो जिससे मैं जल्दी अपने पति से जाकर मिलूँ।
राजा आदि सभासदों ने उसे बहुत समझाया परन्तु उसने
अपनी हठ नहीं छोड़ी। इस लिये राजा ने सबकी सलाह से
अवयवों के साथ स्त्री का अग्नि संस्कार कर दिया।
फिर शोक पूर्ण हृदय से सभा में आकर बैठा था कि इतने
में आकाश से प्रफुल्लित होता हुआ पूर्वोक्त विद्याधर
(इन्द्रजालिया) राज्य सभा में आकर राजा को नमस्कार
कर कहने लगा। हे सत्यमूर्ति नराधीश! मैं आपके

प्रताप से मेरे शत्रु का नाश कर निर्विघ्नता से आपके पास आया हूँ। अब आप मेरी प्राण प्रिया सुलोचना को वापिस मुझे दे दीजिये। इन्द्र जालिया को अचानक आया देख व उसके पूर्वोक्त वचन सुन राजा स्तब्ध हो कुछ भी उत्तर दिये बिना भूमि की तरफ दृष्टि कर बैठा रहा। राजा को इस प्रकार बैठे देखकर पुनः इन्द्र जालिया बोला—हे नरपति! आप बिना कुछ कहे उदास होकर क्यों बैठे हो? क्या मेरी सुन्दर स्त्री को देखकर आपके मन में पाप पैदा होगया है?

ऐसे कटु वचन सुनकर राजा मस्तक ऊँचा कर बोला—हे विद्याधर! आप ऐसा न कहें। आपकी स्त्री मेरी बहिन के समान थी वह आपके कटे हुए अवयवों को देखकर उसके साथ जलकर भस्म हो गई है।

राजा की बात सुन कर इन्द्रजाली पुनः कहने लगा-हे नृपति! सत्पुरुष प्राणान्त कष्ट होने पर भी सत्य से विचलित नहीं होते। यह पृथ्वी सत्यवान पुरुषों के सत्य पर ही टिकी हुई है। लोग आपको सत्यवादी कहते हैं। क्या आप अपने सत्य से भ्रष्ट हो गये हैं? अरे स्त्री को देखकर कौन चलाय मान नहीं होता? राजा आपकी बुद्धि भ्रष्ट होगई है।

इन्द्रजालिया के तीक्ष्ण तीर समान वाक्य सुनकर राजा का दिमाग घूमने लगा और मस्तक पर हाथ लगा नेत्र बन्द

कर चिन्ता करने लगा। इस तरह राजा को शोक पूर्ण देखकर जली हुई स्त्री अचानक प्रगट होकर अपने पति के पास खड़ी हो गई। उसे अचानक प्रगट हुई देकर सब विस्मित होगये। तब राजा ने इन्द्रजालिया से कहा कि आपने यह सब हमको दुःखी करने के लिये क्यों किया। तब उसने जवाब दिया कि हे राजा तेरे को प्रतिबोध देने के लिये इस इन्द्रजाल की रचना की थी। जैसे यह सब इन्द्रजाल असत्य है वैसे हो ये सारे पदार्थ जो दिखाई देते हैं वे सब क्षण भंगुर और नाशवान हैं। यह विशाल राज्य, अनुपम सौन्दर्य वाली मनोहर स्त्रियाँ सब नाशवान है। सब लोगों का त्याग ही सुख को देनेवाला है। यदि हम इनको नहीं छोड़ते तो ये किसी समय हमको छोड़कर दुःख देंगे। इसलिये इन पर मोह करना व्यर्थ है। इंद्रजालिया के ऐसे वचन सुन राजा को ज्ञान हुआ और उसे एक करोड़ सोना मोहर देकर बिदा किया।

दूसरे दिन उसी नगरी के उद्यान में आचार्य देवप्रभु बहुत मुनियों के साथ पधारे। नगर में खबर होते ही सब पुरवासी राजा वगैरह गुरु को वन्दना करने गये। उन में आकर राजा विनय सहित तीन प्रदक्षिणा दे गुरु को वन्दना कर उचित स्थान पर बैठ गया। पीछे गुरू महाराज ने धर्म देशना शुरू की।

'हे भव्य आत्माओं! जो कोई प्राणी लज्जा, भय, तर्क वितर्क, मात्सर्य स्नेह, लोभ, हठ, अभिमान, विनय, श्रृंगार,

कीर्ति, दुःख कौतुक, आश्चर्य, व्यवहार भाव, कुलाचार, और वैराग्य से धर्म का सेवन करता है, उसे अपार फल की प्राप्ति होती है। यदि धर्म श्रवण करा हो, देखा हो, किया हो, कराया हो और अनुमोदन किया हो तो अपार सुख प्राप्त करता है। इसलिये हे भव्य प्राणियों धर्म में रुचि रखो।

गुरु की देशना सुन राजा को वैराग्य भावना पैदा हुई और दोनों हाथ जोड़ मस्तक झुका गुरू से बोला—हे करुणा निधान मुझे यह, मनोहर स्वरुपावन स्त्रियाँ और प्रताप किस पुण्य के प्रभाव से प्राप्त हुए है कृपा कर बतलाइये। गुरू ने कहा—हे राजा तू पूर्व भव में नन्दनपुर नगर में शङ्ख नामक सेठ के यहाँ नन्दन नाम का नौकर था। एक दिन तू मनोहर खिला हुआ कमल लेकर सेठ के घर जारहा था कि इतने में किन्हीं चार कुमारियों ने उस कमल को देखकर कहा कि ऐसा सुन्दर फूल तो वास्तव में जिनेश्वर की पूजा के योग्य है। कन्याओं के ऐसे वचन सुन प्रसन्न होता हुआ कन्याओं से बोला कि जो तुम कहती हो वह सत्य है। यह कमल जिनेश्वर की पूजा के योग्य ही है। ऐसा कह स्नान कर शुद्ध वस्त्र पहन अत्यन्त भाव पूर्वक श्री देवाधि देव परमात्मा की पूजा कर वह कमल का फूल चढ़ाया। इसीलिये कहा है कि—

श्रेयस्तनोति दुरितानि निराकरोति,
लक्ष्मी करोति शुभ संचय मातनोति।

पूज्यत्वं मानयति कर्मरिपून्निहन्ति,
पूजा जिनस्य रचिता जिनभावसारं ॥

अर्थ—अपनी उत्कृष्ट भावना से की गई श्री जिनेश्वर की पूजा कल्याण करनेवाली है, पापों को दूर करनेवाली है, लक्ष्मी की वृद्धि करनेवाली है, पुण्य संचय में वृद्धि करती है, पूज्यता बढ़ाती है और कर्म रूपी शत्रुओं का नाश करती है। इस तरह भाव पूर्वक भगवान की पूजा अनेक उत्तम फल को देने वाली है। उन चारों कन्याओं ने भी जिनेश्वर भगवान की पूजा का अनुमोदन किया। उस पुण्य के प्रभाव से तू यहाँ राजा हुआ और वे सारी कुमारियाँ तेरी रानियाँ हुई।

गुरु से पूर्व भव सुनकर राजा को जातिस्मरण ज्ञानहुआ और वैराग्य भावना लेकर राजमहल में आकर अपने पुत्र पद्मशेखर को राजगद्दी दे नगर के सारे जिन चैत्यों में अट्टाई महोत्सव कर चारों स्त्रियों सहित गुरू से चारित्र अङ्गीकार किया। धीरे धीरे राजर्षि मुनि ने विधि सहित गुरू से ग्यारह अंगों का अध्ययन किया। एक दिन गुरू के मुंह से वृद्धों की भक्ति का महत्व सुना कि जो कोई वय, पर्याय और सूत्रार्थ से वृद्ध हो तथा तपस्वी हो ऐसे मुनि की निष्कपट और निरभिमान होकर जो भक्ति करता है वह अपनी आत्मा को निर्मल कर उच्च गोत्र का बन्धन कर तीर्थङ्कर पद को प्राप्त करता है। इस प्रकार गुरू से स्थविर की भक्ति का महत्व सुनकर राजर्षि मुनि ने यह अभिग्रह किया कि जब तक मैं जीऊँगा तब तक

[illegible]

करते हुए आदर सत्कार करने लगे ।

एक दिन देव सभा में इन्द्र महाराज ने राजर्षि मुनि [illegible] प्रशंसा सुन देवांगना सम्यग् दृष्टि देव भी प्रसन्न होकर इ[illegible] का अनुमोद करने लगा । परन्तु दूसरे देवांगना मिथ्या [illegible] देव को यह बात अच्छी नहीं लगी । इस पर वहाँ से दे[illegible] मनुष्य रूप धारण कर जहाँ राजर्षि मुनि थे वहाँ आये । [illegible] आकर उनमें से एक कहने लगा कि जगत में दुष्कर तप [illegible] वाले, ब्रह्मचारी तथा निर्मल जल में स्नान कर [illegible] में रहने वाले ममता रहित योगियों को देखकर हृदय प्रफु[illegible] होता है और इन शौचाचार रहित बाह्य और अभ्यन्तर से म[illegible] जैन मुनि को देखते ही अप्रीति उत्पन्न होती है । यह सुन कर [illegible] देव हंसकर बोला हे भाई ! तू मूर्ख मालूम होता है क[illegible] क्षमादिक गुणों से युक्त जैन मुनि को सम्पूर्ण रीति से [illegible] बिना अज्ञान कष्ट करनेवाले तपस्वियों को तू प्र[illegible] करता है, यह तेरी मूर्खता है । इस एक की निन्दा और [illegible] की स्तुति सुनकर भी राजर्षि मुनि दोनों पर रागद्वेष [illegible] समभाव से रहे—पीछे वे दोनों देव दूसरा रूप धारण कर शिव पंथी तपस्वी के पास आये । उनमें से एक बोला यह तपस्वी पशु की तरह भक्ष्याभक्ष्य का ख्याल नहीं रखता और

स्त्री रखता है इसलिये इसका तप मिथ्या है । उसके ऐसे वचन सुन तपस्वी क्रोधित हो उसे मारने को दौड़ा तब रत्नांगद देव हेमांगद से कहने लगा कि हे मित्र जैन और शैवई मुनि में कितना भेद है यह तुमने देखा । इतने पर भी मिथ्या-दृष्टि देव के हृदय में श्रद्धा नहीं हुई । इसलिये पुनः उन राजर्षि मुनि पर देवमाया से बहुत से उपसर्ग किये फिर भी करुणासागर मुनि अपने लिए हुए अभिग्रह से चलायमान नहीं हुए । तब वे दोनों देव प्रत्यक्ष प्रगट हो मुनि को नमस्कार कर अपने अपराध की क्षमा याचना कर अपने अपने स्थान पर गये । पद्मोत्तर मुनि ने वृद्ध साधुओं की भाव पूर्वक भक्ति करने से तीर्थङ्कर नाम कर्म का बँध किया । वहाँ से काल धर्म प्राप्त कर महा शुक्र देवलोक में देवता हुए । वहाँ से चलकर महा विदेह क्षेत्र में तीर्थङ्कर पद प्राप्त कर मोक्ष जावेंगे ।

छट्ठी कथा

राजा महेन्द्रपाल जो छट्ठे बहुश्रुत पद की आराधना से तीर्थङ्कर हुए

भरतक्षेत्र में सोपारकपट्टण नगर था, जहाँ सर्व कलाओं में कुशल महेन्द्रपाल राजा राज्य करता था । [illegible]

अभाव में मिथ्यात्वयों के बताए हुए रास्ते पर चलता था। वह यह मानता था कि यह आत्मा पंचभूत तत्वों से बनी है और पंचभूत का नाश होने पर आत्मा का भी नाश हो जाता है। कहा है किः—

विना गुरुभ्यो गुणनीरधिभ्यो, जानातिधर्मं न विचक्षणोऽपि।
आकर्णदीर्घोज्वलोचनोऽपि'दीपं विना पश्यति नोंधकारे॥

अर्थः—गुण के समुद्र गुरू बिना समझदार मनुष्य भी धर्म को नहीं जानता। जैसे कान तक लम्बी आँख वाला मनुष्य भी दीपक बिना अंधेरे में देख नहीं सकता।

राजा के एक बुद्धिमान मंत्री था। उस मंत्री के जिन तत्व को जाननेवाला श्रुतशील भाई था। राजा उसे बड़ा प्यार करता था।

एक बार अतिशय स्वरूपवान मातँग की स्त्री को पंचम नाद युक्त गान करती हुई देखकर राजा उस पर मोहित हो गया। राजा के भाव को जानकर श्रुतशील कहने लगा कि महाराज अपयश को देनेवाली पर नारी का जो संग करता है वह नीच गति को प्राप्त कर महा दुःख उठाता है। जैसे सुन्दर किंपाक फल को खाकर मनुष्य मरता है वैसे ही सुन्दर परस्त्रियों का संग करने से अनेक बार मर कर महान दुःख भोगने पड़ते हैं। यदि राजा ही अनीति के रास्ते पर चले तो दूसरों को कैसे रोका जा सकता है। इसलिये हे राजा! दोनों लोकों में दुःख देने वाली पर स्त्री के संग का विचार छोड़ दो। इस तरह

बहुत समझाने पर भी राजा ने अपना हठ नहीं छोड़ा। इसलिये मंत्री ने राजा का हित चिंतन कर राज्य की अधिष्ठायिका देवी का स्मरण किया जिससे देवी प्रगट हुई। मंत्री ने उसे सारा हाल बताया। तब देवी ने कहा कि जब यह अपने पाप का पश्चताप करे उस समय मेरा स्मरण करना। मैं उसे शाँत कर दूगी। ऐसा कह राजा के शरीर में व्याधि प्रगट कर देवी अदृश्य हो गई। पीछे व्याधि से व्याकुल हुआ राजा विलाप कर सोचने लगा कि वास्तव में मुझे मेरे दुष्कृत्य ही पीड़ा दे रहे है। मन से किये पाप से ही इतना कष्ट हो गया है तो जो पाप सेवन करता है उसका तो क्या हाल होता होगा। इस प्रकार मन में पश्चाताप कर फिर कभी पाप कार्य नहीं करने की प्रतिज्ञा कर व्याधि की शाँति के लिये प्रार्थना करने लगा। मंत्री ने सोचा कि अब राजा पूरी तरह पछता रहा है तो उसने देवी का स्मरण किया और देवी ने व्याधि को शाँत कर दी और राजा स्वस्थ हो गया। पीछे राजा ने मंत्री से पूछा कि मुझे जो मानसिक पाप लगा ने उसकी शुद्धि कैसे हो मंत्री ने कहा पंडितों को बुलाकर पूछो ताकि वे पाप निवारण करने का उपाय बतावेंगे। राजा ने मंत्री के कहने से दूसरे दिन सवेरे पंडितो को बुलाकर पाप से मुक्त होने का उपाय पूछा। पंडितों ने अलग २ रीतियां बताई। किसी ने कहा गंगाजल पीने से पाप दूर होता है। किसी ने कहा अड़सठ

[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]
से पाप दूर होता है। किसी ने कहा दान कर देने से पुराण की
कथा सुनने से पाप का नाश होता है। किसी ने कहा ब्राह्मणों
को दान देने से किये पापों का नाश जाता है। इस प्रकार
पंडितों ने पाप निवारण के उपाय बताये परन्तु राजा को उनमें से
कोई भी पसन्द नहीं आया। उस समय नगर के बाहर
उद्यान में श्रीयेश मुनिश्वर पधारे। राजा उनकी वंदना करने
परिवार सहित गया। गुरु को विनय पूर्वक वन्दना कर दोनों
हाथ जोड़ बोला—हे करुणानिधि! मन के पाप की शुद्धि किस
प्रकार की जाय, इसका उपाय बताओ।

गुरु ने कहा शुद्धि दो प्रकार की है, बाह्य और आभ्यन्तर। जलादिक से शरीर की बाह्य शुद्धि होती है और ज्ञान, ध्यान तथा तप से आभ्यन्तर की शुद्धि होती है। जिसका चित्त काम वश स्त्री के मोह में फँसा हुवा हो ऐसे मनुष्यों की जलादिक से कभी भी शुद्धि नहीं हो सकती। अन्तर की शुद्धि तो ज्ञान और क्रिया से ही हो सकती है ऐसा जिनेश्वर ने कहा है। कहा भी है कि—

आलोचया निंदनगर्हणाभिः,सम्यक् क्रिया बोध तपोभिरुग्रैः।
तत्पापकर्मा स्त्रमतस्त्रिधापि, स्माहुर्विशुद्धिं खलु दुष्कृतानां॥

अर्थ—मन, वचन और काया इन तीनों से पाप करनेवाले मनुष्य के दुष्कर्मों की शुद्धि आलोचना, निंदा और गर्हा तीन

ऐसी वैराग्य पूर्ण गुरु देशना श्रवण कर राजा ने जयन्त कुमार को राजसिंहासन पर बैठा मंत्री सहित गुरु के पास से चारित्र ग्रहण किया। धीरे २ गुरु के पास रहकर ग्यारह अंगों का अध्ययन किया। एक दिन गुरुमुख से बीस स्थानक की आराधना सम्बन्धी देशना श्रवण करते हुए ऐसा सुना कि बीस स्थानकों में से एक भी स्थानक की सम्यक् प्रकार से आराधना करने से तीर्थंकर पदवी मिलती है। वह गुरु वचन सुनकर राजर्षि मुनि ने अभिग्रह लिया कि जहाँ तक जीऊँगा वहाँ तक बहुश्रुत की सेवा करूँगा। ऐसा अभिग्रह लेकर बहुश्रुत मुनि की औषध भैषज आदि से वैयावच्च करते हुए अभिग्रह का दृढ़ता से पालन करने लगा।

देवसभा में इन्द्र महाराज ने उन मुनि की प्रशंसा की। उस पर शंकित हो धनददेव जहाँ मुनि थे उस नगर में आ सेठ बनकर रहने लगा। उस समय वे राजर्षि किसी बीमार साधु के लिये कोलापाक की तलाश में फिरते कि सेठ के घर आ धर्मलाभ देकर खड़े हुए। मुनि को देख कर सेठ खड़ा होकर प्रणाम कर मीठे वचनों से बोला कि यह मेरा धन्यभाग्य है कि आपने पधार कर मेरा घर पवित्र किया है पूज्य! कहिये आपको क्या चाहिये?

मुनि ने कहा—हे महाभाग मुझे कोलापाक की जरूरत है।

सेठ ने कहा—महाराज मेरे घर में कोलापाक है। आप ठहरिये मै अभी लाता हूँ। ऐसा कह अन्दर से कोलापाक लाकर मुनि को देने लगा। मुनि ने उसे अनिमेष नेत्रवाला देख सोचा कि यह तो कोई मायावी देव है और देवपिंड मुनि ग्रहण करते नहीं। ऐसा सोच पाक लिए बिना वहाँ से दूसरी जगह चले गए। इससे वह देव कोपित हो जहाँ २ मुनि जाते वहाँ २ पाक को अशुद्ध कर देता। फिर भी मुनि को खेद नहीं हुआ। बहुत घर फिरते २ सूरसार्थवाह के यहाँ मुनि गये। वहाँ उसे शुद्ध पाक मिला। वहाँ से पाक लेकर मुनि अपने स्थान पर गये। इस तरह मुनि को अपने अभिग्रह में निश्चल देख देव ने प्रगट हो मुनि की स्तवना कर सूर सार्थवाह के घर रत्नों की वृष्टि कर अपने स्थान पर गया। बहुश्रुत की भाव पूर्वक सम्यक् प्रकार से सेवा करने से मुनि ने तीर्थंकर नाम कर्म उपार्जन किया। वहाँ से काल धर्म प्राप्ति कर नवमें देवलोक में देवता हुए। वहाँ से चव कर महाविदेह क्षेत्र में तीर्थंकर पद प्राप्तकर मोक्ष प्राप्त करेंगे। श्रुतशील मुनि का जीव उन्ही तीर्थंकर का गणधर होकर मोक्ष प्राप्त करेगा।

इस प्रकार महेन्द्रपाल नृपति का चरित्र श्रवण कर हे भव्यजीवो तुम भी बहुश्रुत की भक्ति करने के लिये प्रयत्न

—

⟹⟹

राजकन्या के आग्रह से कृत्रिम कन्या वहाँ आनन्द पूर्वक विविध प्रकार से विनोद करती हुई रहने लगी। इस तरह दोनों का मन एक हो गया।

एक दिन कृत्रिम कन्या ने राजकुमारी से कहा कि हे सखी तू अब यौवनावस्था में पहुँच गई है इसलिये यदि तुझे तेरे रुप गुण समान पति मिल जाय तो अच्छा है।

राजकुमारी ने कहा–हे सखी सब को अच्छे वर की इच्छा होती है। कोई बुरे को नहीं चाहता। परन्तु इसमें अपनी इच्छानुसार होना कठिन है क्योंकि यह सब अपने २ शुभाशुभ कर्म के अधीन है कृत्रिम कन्या ने कहा कि हे सखी तेरा कहा सत्य है परन्तु तेरे रूप गुण के योग्य एक कुलवान पुरुष है। यदि तुझे पसन्द हो तो बताऊं।

राजकुमारी ने कहा यहाँ कैसे बतायेगी ?

कृत्रिम कन्या ने कहा– अरे यहाँ ही बताऊँगी। देख यह रहा। ऐसा कह अपना असली रूप प्रगट किया। यह देख राजकुमारी आश्चर्य चकित हो विचारने लगी कि यह क्या कोई देवमाया है या इन्द्रजाल है। राजकन्या को भय में पड़ी देख वीरभद्र बोला हे नृप कुमारी ! आप किस विचार में हो ? क्या यह पुरुष तुमको पसन्द है ?

राजकुमारी लज्जित हो सिर नीचा कर धैर्य पूर्वक बोली कि हे कुमार कृपा कर अपनी सच्ची पहिचान बताओ

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible] एक दिन वह एकान्त में बैठ विचारने लगा कि—

उत्तमाः स्वगुणैः ख्याता, मध्यमास्तु पितुर्गुणैः।
अधमा मातुलैः ख्याता, श्वशुरैश्चाधमाधमाः ॥१॥

अर्थः— अपने गुणों से जो विख्यात है वह उत्तम, पिता के गुणों से जो प्रसिद्ध है वह मध्यम, मामा के गुणों से जो जाना जाता है वह अधम और जो श्वसुर के कारण ख्याति पाता है वह अधमाधम है।

ऐसा विचार कर राजा की व शँख सेठ की आज्ञा ले अपने देश जाने की तैयारी की। शुभ मुहूर्त व अच्छे शकुन देख बहुतसे मनुष्यों के साथ नाव में बैठा। पीछे नाव समुद्र में चलने लगी। कुछ दिनों बाद समुद्र बीच पहुँची। इतने मे दुर्दैववश दसों दिशाओं में प्रचंड आँधी आई आकाश मेघों से आच्छादित हो गर्जन करने लगा, बिजली चमकने लगी और समुद्र हिलोरे लेने लगा। इससे नाव डाँवाडोल होने लगी। नाव के मनुष्य व्याकुल हो इष्टदेव का स्मरण करने लगे। प्रचण्ड तूफान के कारण अन्त में नाव के टुकड़े २ हो गये और

सब मनुष्य समुद्र में गिर गये। सत्वकर्म के कारण राजपुत्री अनंगसुन्दरी के हाथ मे लकड़ी का तख्ता आया। उसके आधार से तैरती २ तीन दिन में समुद्र के किनारे जा पहुँची वहाँ एक तापस दया कर उसे अपने आश्रम में ले गया और पुत्री की तरह रखने लगा। अनंग सुन्दरी की सुन्दरता देखकर तापस विचारने लगा कि ब्रह्मचारी को स्त्री संग लाभदायक नहीं है। इसलिए कहा है कि

मदिराया गुणाज्येष्ठा, लोकद्वय विरोधिनी॥
कुरुते दृष्ट मात्रापि, महिला महिलं जगत् ॥१॥

अर्थः—स्त्री मदिरा से भी ज्यादा गुण करनेवाली तथा इस लोक और परलोक को बिगाड़ने वाली है एवम् देखने मात्र से जगत को पागल कर देती है। अर्थात् मदिरा पीने के बाद मनुष्य मस्त होता है परन्तु दोनों लोक को बिगाड़ने वाली स्त्री तो मदिरा से भी अधिक मादक गुणवाली है कि जिसे देखते ही जगत पागल हो जाता है।

जिस तरह आग के पास रहने से लाख एक क्षण में नाश हो जाती है उसी तरह समीप रहने वाले ब्रह्मचारी का शील भी थोड़ी देर में नष्ट हो जाता है। ऐसा विचारकर वह तापस अनंग सुन्दरी से कहने लगा कि हे पुत्री मैं तुझे पास के पद्मिनी खंड नाम के नगर के पास छोड़ आता हूँ। वहाँ से तू तेरा उचित स्थान ढूंढ लेना। तेरे पुन्य से तुझे वहाँ अच्छा स्थान ही मिलेगा।

बैठकर सागर पार के लिये जाना हुआ। दुर्योग से नाव टूट गई और सब समुद्र में गिर पड़े। इतना कह चुप होगया। इतने में राजपुत्री गान्धर्वसुन्दरी बोली कि हे कथाकार जल्दी बताओ पीछे कुमार का क्या हुआ। इस तरह दूसरी स्त्री को बोलती देख वामन ने सभासदों से कहा कि देखो दूसरी स्त्री भी बोल गई। अब बाकी बात कल बताऊँगा।

तीसरे दिन पुनः सब उपाश्रय में इकट्ठे हुए। वामन ने कहना शुरू किया कि नाव टूट जाने पर वीरभद्र के हाथ एक लकड़ी का तख्ता लगा। उसके सहारे सात दिन में वह समुद्र के किनारे पहुँचा। वहाँ से रत्नवल्लभ विद्याधर नगर में लेगया और अपनी पुत्री रत्नप्रभा का विवाह उसके साथ कर दिया और दो विद्या उसे सिखाकर विद्याधर बनाया। एक दिन अपनी स्त्री रत्नप्रभा को लेकर वीरभद्र इस नगर में आया और उसे किसी जगह छोड़ कहीं चला गया। इतना कह वह चुप होकर बैठा रहा। इतने में रत्नप्रभा अधीर होकर पूछने लगी कि हे वामन जल्दी बताओ पीछे क्या हुवा और वे कहाँ गये और तुझे यह सारा हाल कैसे मालूम हुवा। वामन बोला कि मैं यह हाल अपने ज्ञान से जानता हूँ। उस ज्ञान से स्वर्ग, पाताल और मनुष्य लोक की सब बातें जान सकता हूँ।

रत्नप्रभा ने कहा कि यदि तू ज्ञानी है तो कृपा कर हमारे पति को बता, तेरा कल्याण होगा।

वामन बोला कि मेरी शक्ति से उसे अभी हाजिर करता हूँ। अभी यहाँ एक कपड़े की कुटी बना कर उसमें जाप करने के लिये एक आसन रक्खो और फिर देखना एक क्षण में क्या होता है!

पीछे वामन के कहे अनुसार कपड़े की एक कुटि बनाई और उसमें आसन रखा। सब लोगों को आश्चर्य में डालने के लिये वह जाप करने के बहाने अन्दर जा अपना असली रूप प्रकट कर तुरन्त बाहर आया। उसे देख सब आश्चर्य करने लगे। प्रियदर्शना के माता पिता को खबर मिलते ही वे हर्षित होकर आये व बड़े स्नेह पूर्वक मिले। इसके बाद वीरभद्र तीनों स्त्रियों सहित वहीं रहने लगा।

कुछ समय बाद नगर के उद्यान में त्रैलोक्यपति अठारहवें तीर्थंकर श्री अरहनाथ प्रभु पधारे। देवों ने समवसरण की रचना की। उसमें बारह पर्षदाएँ भगवान की देशना सुनने के लिये योग्य स्थान पर बैठीं। इनमें वीरभद्र भी अपनी स्त्रियों और सास श्वसुर के साथ आकर विनय पूर्वक प्रदक्षिणा दे उचित स्थान पर बैठ गया। भगवान ने सर्वभाषानुगामी वाणी से अमृतधारा के समान धर्म देशना दी। भगवान की देशना सुन कुछ हलु कर्मी जीव सर्व विरति हुए और कुछ देश विरति हुए। देशना पूर्ण होने पर भगवान के चरणों में नमस्कार कर सागरदत्त सेठ बोला हे करुणा निधान! लोकालोक प्रकाशक, अनन्त ज्ञान को धारण करनेवाले! मिथ्यात्व रूप

नि आये, वे भूखे होंगे और नदी में बाढ़ आने से मैं पुण्यहीन हां नहीं जा सकता। पुण्य के योग से ही छत्तीस गुणों से शोभित, दुष्कर तप करनेवाले नवकल्पी विहार करने वाले, और धर्म देशना देनेवाले गुरू का संयोग मिलता है।

इस प्रकार मुनि शुभ ध्यान पूर्वक भावना कर रहे थे कि तने में वह देव वहाँ प्रगट हो नमस्कार कर कहने लगा क मुनि आपको धन्य है, तपस्वी साधुओं की अनन्य और नेश्चल भक्ति देख आपकी परीक्षा करने के लिये नदी में बाढ़ लाकर अपराध किया उसके लिये क्षमा करेंगे। ऐसा कह नदी के प्रवाह को दूर कर गुरू के पास आकर पूछने लगा कि हे भो इन मुनि को ऐसी भावना से क्या फल मिलेगा। गुरू ने कहा इस भावना से यह मुनि आगामी काल में तीर्थंकर होंगे। इसलिये कहा है कि:-

मंत्रे तीर्थे गुरौ देवे, स्वाध्याये भेषजे तथा।
यादृशी भावना यस्य, सिद्धिर्भवति तादृशी ॥१॥

अर्थः- मंत्र, तीर्थ, गुरू देव, स्वाध्याय तथा औषध के बारे में जैसी जिसकी भावना होती है उसे वैसी ही सिद्धि होती है।

गुरू से यह सुन देव प्रसन्न हो देवलोक को चला गया। पीछे वीरभद्र मुनि ने आकर गुरुको आदरपूर्वक पारणा कराया। इस तरह निरन्तर तपस्वियों की भक्ति कर वहाँ से काल धर्म पा बारहवें अच्युत कल्प में महा समृद्धिवान देव हुए। वहाँ से चव कर महाविदेह क्षेत्र में तीर्थंकर पद प्राप्त कर अनेक जीवों का उपकार कर मोक्ष प्राप्त करेंगे।

एक दिन गुरु के मुँह से सुना कि जो विषय सुखों को त्याग करनेवाले तथा दुष्कर तपस्या करनेवाले तपस्वियों को भावपूर्वक भक्ति करता है उन्हें तीर्थंकर पद प्राप्त होता है।

इस प्रकार तपस्वियों को भक्ति का महत्त्व सुन वीरभद्र मुनि ने अभिग्रह लिया कि आज से मैं निरन्तर तपस्वियों की भक्ति करुँगा। इस प्रकार वह औषध भैषज्यादि से निरन्तर तपस्वियों की दृढ़ता पूर्वक भक्ति करने लगा।

एक समय गुरु के साथ विहार करते वे शालीग्राम में आये। वहाँ कोई देवता वीरभद्र मुनि की परीक्षा करने के लिये एक मास के उपवासी साधु का रुप बनाकर आया और पारणा करने की इच्छा प्रकट की। उसे तपस्वी समझ कर आसन दिया और गुरु के पास बिठाकर वीरभद्र मुनि उसके पारणे के लिये नदी को पार कर नगर में गोचरी लेने गये। गोचरी लेकर वापिस आये क्या देखते हैं कि नदी में प्रबल बाढ़ आई है। जल प्रवाह को देख मुनि स्थिर हो किनारे खड़े रहे। इतने में लोगों ने कहा महाराज इस नदी का जल प्रवाह अभी एकदम कम नहीं होगा इसलिये आप कुछ देर किसी के घर में रहकर आहार करो। जल प्रवाह कम होने पर विहार करना।

लोगों के वचन सुन वीरभद्र मुनि मन में विचार करने लगे कि मासोपवासी मुनि और गुरू को आहार कराये बिना मैं कैसे आहार कर सकता हूँ। बड़े भाग्य से जो तपस्वी

मुनि आये, वे भूखे होंगे और नदी में बाढ़ आने से मैं पुण्यहीन वहाँ नहीं जा सकता। पुण्य के योग से ही छत्तीस गुणों से सुशोभित, दुष्कर तप करनेवाले नवकल्पी विहार करने वाले, और धर्म देशना देनेवाले गुरू का संयोग मिलता है।

इस प्रकार मुनि शुभ ध्यान पूर्वक भावना कर रहे थे कि इतने में वह देव वहाँ प्रगट हो नमस्कार कर कहने लगा कि मुनि आपको धन्य है, तपस्वी साधुओं की अनन्य और निश्चल भक्ति देख आपकी परीक्षा करने के लिये नदी में बाढ़ लाकर अपराध किया उसके लिये क्षमा करेंगे। ऐसा कह नदी के प्रवाह को दूर कर गुरू के पास आकर पूछने लगा कि हे प्रभो इन मुनि को ऐसी भावना से क्या फल मिलेगा। गुरू ने कहा इस भावना से यह मुनि आगामी काल में तीर्थंकर होंगे। इसलिये कहा है कि:-

मंत्रे तीर्थे गुरौ देवे, स्वाध्याये भेषजे तथा।
यादृशी भावना यस्य, सिद्धिर्भवति तादृशी ॥१॥

अर्थ:- मंत्र, तीर्थ, गुरू देव, स्वाध्याय तथा औषध के बारे में जैसी जिसकी भावना होती है उसे वैसी ही सिद्धि होती है।

गुरू से यह सुन देव प्रसन्न हो देवलोक को चला गया। पीछे वीरभद्र मुनि ने आकर गुरुको आदरपूर्वक पारणा कराया। इस तरह निरन्तर तपस्वियों की भक्ति कर वहाँ से काल धर्म पा बारहवें अच्युत कल्प में महा समृद्धिवान देव हुए। वहाँ से च्यव कर महाविदेह क्षेत्र में तीर्थंकर पद प्राप्त कर अनेक जीवों का उपकार कर मोक्ष प्राप्त करेंगे।

आठवीं कथा

श्री राजा जयानन्द जी

जो आठवें ज्ञान पद के आराधन से तीर्थङ्कर हुवे.

कौशाम्बी नगरी में महाप्रतापी राजा जयानन्द राज्य करता था। वह एक दिन रानियों के साथ उद्यान में क्रीड़ा करने गया। नाना प्रकार की क्रीड़ा करने के बाद में राजा हाथी पर सवार हो वापिस नगर लौट रहा था तब रास्ते में उसने सुवर्ण कमल पर विराजमान सुरा-सुरसेवित केवलज्ञान भास्कर यशोदेव मुनि महाराज को धर्मदेशना देते देखा। वह हाथी से उतर कर विनय-पूर्वक वन्दना कर गुरू सन्मुख अमृतमय देशना सुनने को बैठ गया। गुरू ने निम्न प्रकार कहना शुरू किया—

'हे भव्यजनो! दुःख से प्राप्त होने वाले इस मनुष्य जन्म, आर्य क्षेत्र, उत्तम कुल और निरोगी काया को पाकर ज्ञान की तरफ ध्यान लगाओ। ज्ञान से निरतिचार संयम पाला जा सकता है, आत्मा निरन्तर पवित्र होती है। इससे अस्थिरपन स्थिर होता है और अनन्त अव्याबाध मोक्ष प्राप्त होता है। जो ज्ञानवान होता है

उसका इस लोक में भी आदर होता है और अज्ञानी तो आँखों के होते हुए भी अन्धा ही होता है क्योंकि वह करने और नहीं करने योग्य काम को नहीं जानने से और कर्मों में लिप्त होने से चौरासी लाख योनियों में भ्रमण करता है जिसमे जन्म मरण के भयंकर दुःख भोगता है। ऐसा समझ हे भव्यात्माओ तुम ज्ञान की आराधना करने का प्रयत्न करो। यह सुनकर राजा खड़ा हो हाथ जोड़ बोला 'हे प्रभु मैं ज्ञानी हूँ या अज्ञानी ?

गुरू ने कहा—नरेन्द्र तू तो क्या प्रायः देव भी अज्ञानी होते हैं क्योंकि जो मृत्यु पाए हुवों को, मृत्यु पाने वालों को और बुढ़ापा एवम् व्याधित से दुःखी देह को देख दुःखी नहीं होते उनको ज्ञानी कैसे कहा जाय ? विषय कषाय वगैरह अगर ज्ञानी में हो तो फिर ज्ञानी और अज्ञानी में क्या फर्क ?

इस प्रकार गुरू के वचन सुन राजा वैराग्य भावना लेकर राजमहल में आया। राजकुमार जयवर्म को राज्या रूढ़ कर राजा ने उत्साहपूर्वक गुरू के पास चारित्र लिया। पीछे निरतिचार से चारित्र का पालन, कठिन तपश्चर्या व पारणे पर निरस भोजन, गुरू सेवा आदि करते हुए धीरे २ बार अङ्ग का अर्थ सहित अध्ययन किया।

एक बार मोहनीय कर्म के उदय से मुनि शातागारव में लुब्ध हुए जिससे चारित्र में शिथिलता और अस्थिरता

आठवीं कथा

श्री राजा जयन्त देव जो आठवें ज्ञान पद के आराधन तीर्थङ्कर हुवे.

कौशाम्बी नगरी में महाप्रतापी राजा जयन्तदेव करता था। वह एक दिन रानियों के साथ उ क्रीड़ा करने गया। नाना प्रकार की क्रीड़ा करने के में राजा हाथी पर सवार हो वापिस नगर लौट था तब रास्ते में उसने सुवर्ण कमल पर विराजमान सुरसेवित केवलज्ञान भास्कर यशोदेव मुनि महाराज धर्मदेशना देते देखा। वह हाथी से उतर कर वि पूर्वक वन्दना कर गुरू सन्मुख अमृतमय देशना सु को बैठ गया। गुरू ने निम्न प्रकार कहना शुरू किया—

'हे भव्यजनो! दुःख से प्राप्त होने वाले इस मनु जन्म, आर्य क्षेत्र, उत्तम कुल और निरोगी काया पाकर ज्ञान की तरफ ध्यान लगाओ। ज्ञान से निरतिचा संयम पाला जा सकता है, आत्मा निरन्तर पवित्र होत है। इससे अस्थिरपन स्थिर होता है और अनन्त अव्याबाध मोक्ष प्राप्त होता है। जो ज्ञानवान होता है

बैठ, क्षमा रूपी तलवार ग्रहण कर, कर्मरूपी शत्रु के साथ युद्ध करने लगा। ऐसी नोकोत्तर सेना और आयुध सहित युद्ध करते हुए देखमोह राजा की प्रबल सेना दसों दिशाओं में भाग गई और जयन्त मुनिराज की विजय हुई। इस समय मुनिराज की परीक्षा करने इन्द्र महाराज दिव्याभरण से विभूषित, विविध प्रकार के हाव भाव और विलासयुक्त अनुपम सौन्दर्य शालिनी सुन्दरी का रूप धारण कर मुनि को विचलित करने आया और उन्मादपूर्ण कामोद्दीपक वचन कहने लगा 'हे प्रभु! मैं आपके स्वरूप से मोहित हूँ मेरी इच्छा पूर्ण करने आपके पास आई हूँ इसलिये इस यौवन का स्वाद ले मानव जीवन सफल करो। मैं पूरी आशा से आपके पास आई हूँ। आशा है आप मेरी आशा भंग न कर, संसार सुख भोग कर मुझे संतुष्ट करेंगे। ऐसे अनेक प्रकार के अनुकूल कामोद्दीपक वचन कहे फिर भी धैर्यवान् जयंतमुनि मेरू पर्वत की तरह अचल रहे। इस तरह के उपसर्ग से भी वे श्रुत उपयोग से चलायमान नहीं हुए। तब इन्द्र ने एक वृद्ध ब्राह्मण का रूप बनाया और हाथ में लकड़ी पकड़ धीरे २ मुनि के पास आ नमस्कार कर पूछा हे ऋषीवर मेरा आयुष्य अब कितना बाकी है बताओ। मुनि ने कहा हे सुरेश आपका आयुष्य दो सागरोपम में थोड़ा सा कम है। इस प्रकार श्रुत उपयोग से उन्होंने इन्द्र को पहचान लिया।

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

यह खबर मिलने से राजा तथा [illegible] गुरु की वंदना करने आया। विनय भक्ति सहित गुरु को वंदना कर उचित स्थान पर बैठा। इतने में गुरु महाराज ने संसाररूपी व्याधि का नाश करने वाली धर्म देशना शुरू की।

हे भव्यजनो ! इस अनादि अनन्त संसार की चारों गति में यह जीव अनन्त बार जन्म व मर कर अनन्त दुःख भोग चुका है। नरक गति में अतिशय आरम्भ और परिग्रह के वश से छेदन, भेदन, ताड़न वगैरह असह्य दुःख सहने पड़ते हैं। तिर्यन्च गति में परवशता से क्षुधा, तृषा आदि अनेक प्रकार के दुःखों का अनुभव करना पड़ता है। यह मनुष्य जन्म बड़ी मुश्किल से प्राप्त होता है। यदि यह प्राप्त भी हो जाय तो उत्तम कुल और जिनोदित धर्म मिलना कठिन है। कदाचित् पूर्व पुण्य से यह प्राप्त भी हो जाय तो आगम श्रवण और उस पर श्रद्धा होना कठिन है, क्योंकि धर्मरूपी धन को चुराने वाले तेरह काठिये निशाचर की तरह निरन्तर प्राणियों के धर्मरूपी धन को लूट लेते हैं। इसलिये अधर्मी प्राणी संसार

भ्रमणकर अनेक प्रकार की व्यथा का अनुभव करता है। शुभ कर्मवशात् यह जीव मनुष्य और देवगति के उत्तम प्रकार के सुखों को प्राप्त कर उसी में फंस सच्चा सुख मान लेता है यह उसकी अज्ञानता है क्योंकि ऐसे पौद्‌गलिक सुख तो यह जीव अनन्तबार भोग चुका है, फिर भी उसे तृप्ति नहीं हुई क्योंकि कल्पित सुख में वास्तविक सुख हो भी नहीं सकता और वास्तविक सुख बिना आत्मा की तृप्ति हो नहीं सकती। ऐसी तृप्ति तो सब आशा तृष्णा का त्याग समतारस में लीन होने पर ही होती है। इसलिये समस्त ममता का त्याग कर समभाव में चित्त लगाओ।

इस प्रकार गुरू की देशना सुन वैराग्य पूर्ण हृदय से राजा ने हाथ जोड़कर पूछा—हे प्रभु! मैं इस संसार से भयभीत हो आपकी शरण ले व्रत ग्रहण करना चाहता हूँ। गुरु ने कहा जैसी तुम्हारी इच्छा। गुरू को वंदन कर राजमहल में जा अपने पुत्र विक्रमसेन को राजसिंहासन दे सब की आज्ञा लेकर महोत्सवपूर्वक संसाररूपी समुद्र को पार करनेवाली दीक्षा ग्रहण की। पीछे निरतिचार से दूषण रहित चारित्र का पालन करते हुए बारह अङ्ग का अध्ययन किया।

एक दिन गुरु से बीसस्थानक तप की महिमा सुनी उसमें नवमें दर्शन पद की महिमा सुन उस पद की आराधना

[illegible]

इस प्रकार धरण के कहने और उसकी कुक्रिया को नहीं मानकर भी धनदेव मातापिता की आज्ञा ले भाई के साथ परदेश रवाना हुआ। मार्ग में चलते २ धरण ने धनदेव से कहा कि हे भाई! संसार में सुख धर्म से होता है या पाप से? धनदेव ने कहा भाई सुख धर्म से ही होता है और सुख का कारण रूप धर्म का महत्व बतानेमें कौन समर्थ है। धर्म इच्छित अर्थ और भोग देनेवाला है तथा अन्त में स्वर्ग और मोक्ष की प्राप्ति भी धर्म से ही होती है।

धरण ने कहा—भाई! तेरा कहना झूठा है क्योंकि लोग अधर्म से सुखी होते हैं। यह बात प्रत्यक्ष है इस प्रकार विवाद करते हुए दोनों भाइयों ने यह शर्त की कि हम दोनों की बात किसी से पूछनेपर जिसकी बात सच बतावे वह दूसरे की आँख निकाल ले। यह शर्त कर एक गाँव में जाकर किसी अज्ञानी आदमी से पूछा प्राणियों को जो सुख होता है वह धर्म से होता है या अधर्म से। अज्ञानी ने उत्तर दिया कि अधर्म से सुख होता है। धर्म तो केवल

के लोगों को ठगने के लिए प्रपंच मात्र है । इस प्रकार धनदेव
ं हार गया । इसलिए पापात्मा धरण ने निर्दयता से उसकी दोनों
ंखें निकाल ली । पीछे दोनों वहां से चले । रास्ते में एक भयंकर
गल आया वहां धनदेव को छोड़ धरण चुपचाप घर आया और
ता-पिता को रुदन करते हुए कहने लगा कि हम दोनों भाई
रस्ते में जङ्गल आने से वहां विश्राम करने को ठहरे वहां एक विक-
ल बाघ ने आकर धनदेव का भक्षण कर लिया और मैं भय से
ापिस यहां चला आया ।

इस तरह धरण के मुंह से धनदेव की मृत्यु की बात सुन
ाता-पिता और धनदेव की स्त्री हृदय विदारक विलाप करने
गे । पुत्र मोह से माता मूर्छित हो गई । धनदेव की
त्री भी इस प्रकार विलाप करने लगी कि वज्र समान हृदय
ाले मनुष्य का दिल भी पिघल जाय । इस तरह सब स्वजन
ानदेव के वियोग से दुःखी हुए । परन्तु दुष्ट धरण को तो
प्रसन्नता ही हुई ।

पुण्यात्मा धनदेव को जंगल के वनदेवता ने पुण्यात्मा
समझ उस पर प्रसन्न हो दिव्य अंजन से उसके नेत्र निर्मल
किए जिससे हर्षित हो धनदेव वनदेवता की स्तुति करने
लगा । वनदेवता ने वह दिव्यांजन उसको देकर कहा कि यह
अंजन किसी भी अन्धे की आंख में लगाने से उसके नेत्र
निर्मल हो जायेंगे । ऐसा कह वह देव अदृश्य हो गया । पीछे

धनदेव को राज्य मिला इसकी सूचना उसके माता-पिता और स्वजनों को मिली इसलिए भरत सिवाय सबको खुशी हुई और भरत खेद पूर्वक विचारने लगा कि मै तो उसे जङ्गल में नेत्र विहीन कर छोड़ आया था और उसे इतना बड़ा विशाल राज्य कैसे मिल गया ? अब पुनः किसी उपाय से उसका नाश करूँ तभी मेरे मन को शान्ति होगी। ऐसा विचार कर नीच अपने पिता से कहने लगा कि हे तात! आपके पुण्य

पीछे माता-पिता को बुला सबसे हर्ष पूर्वक मिल मलय केतु पुत्र को पिता के सुपुर्द कर भुवनप्रभ मुनि के पास चारित्र लिया। धीरे २ सब अङ्ग उपाङ्ग पढ़ आम्यादि गुणों से विभूषित हो गुरू के पास विनयपूर्वक रह ग्राम नगरादि में विचरने लगा।

एक दिन धनदेव मुनि ने गुरू से देशना सुनी कि जो कोई सर्व गुणों में प्रधान विनय गुण से गुरूजनों को संतुष्ट करता है उसे शास्वत सुख प्राप्त होता है, क्योंकि विनय से ज्ञान और ज्ञान से शुद्ध समकित की प्राप्ति होती है, उससे सम्यक् चारित्र, चारित्र से संवर, संवर से तपस्या, तपस्या से निर्जरा, निर्जरा से अष्ट कर्म का नाश, कर्मनाश से केवलज्ञान और उस से अनन्त अव्याबाध मोक्ष प्राप्त होता है।

धनमुनि ने इस प्रकार गुरू से विनय की महिमा सुन गुरू आदि पंच परमेष्ठी का त्रिकरण शुद्धि से विनय करने का नियम लिया।

एक बार गुरू महाराज के साथ विहार करते २ सांकेतपुर नगर के उद्यान में आये। वहाँ आदित्य चैत्य में त्रैलोक्य बन्धु श्री जिनेश्वर की प्रतिमा को वन्दन करने धनदेव गये। वहाँ विनयपूर्वक शुद्ध भाव से स्थिर हो भगवान् की स्तुति करने लगे। उस समय धरणेन्द्र वहाँ भगवान् के दर्शन करने आया। उसने मुनि को निश्चल ध्यान से भगवान् की स्तुति

घरण की बात सुन राजा को क्रोध आया और बोला कि ठीक है अब मैं इसका उपाय करूँगा। ऐसा कह घरण को विदा किया और एकान्त में बैठ विचार करने लगा कि अब क्या करना चाहिये। यदि खुल्लम खुल्ला मरवाता हूँ तो लोक में निन्दा होगी और पुत्री को भी दुःख होगा। इसलिए किसी आदमी के द्वारा गुप्त रीति से मरवा डालना चाहिये। ऐसा विचार कर दूसरे दिन मध्यरात्रि को धनदेव को बुलाया और हत्या करनेवाले को कह दिया कि वह जब रास्ते में आवे तब उसे बिना कुछ पूछे मार डालना।

राजा के संकेत के अनुसार रात्रि को राजा का आदमी धनदेव को बुलाने आया। तब घरण ने कहा हे भाई तू यहीं रह मै ही राजा के पास जाता हूँ। ऐसा कह धनदेव की आज्ञा ले घरण हर्ष पूर्वक राजा के पास जाने को निकला। मार्ग में हत्यारे ने बिना कुछ पूछे उसे मार डाला। मर कर वह सातवीं नरक में गया। कहा है कि -

पड्भिर्मासैस्त्रिभिः पक्षैः षड्भिरेव दिनैः किलः।
अत्युग्रपुन्यपापांना-मिहैव जायते फलं ॥१॥

अर्थ—इस जगत में अति उग्र पुण्य पाप का फल छः मास तथा छः पक्ष या छः दिन में ही मिल जाता है।

बाद में धनदेव को सारी हकीकत मालूम हुई इसलिए उसे संसार से वैराग्य हुआ और चारित्र लेने को तैयार हुआ।

पीछे माता-पिता को बुला सबसे हर्ष पूर्वक मिल मलय केतु पुत्र को पिता के सुपुर्द कर भुवनप्रभ मुनि के पास चारित्र लिया। धीरे २ सब अङ्ग उपाङ्ग पढ़ क्षाम्यादि गुणों से विभूषित हो गुरू के पास विनयपूर्वक रह ग्राम नगरादि में विचरने लगा।

एक दिन धनदेव मुनि ने गुरू से देशना सुनी कि जो कोई सर्व गुणों में प्रधान विनय गुण से गुरूजनों को संतुष्ट करता है उसे शाश्वत सुख प्राप्त होता है, क्योंकि विनय से ज्ञान और ज्ञान से शुद्ध समकित की प्राप्ति होती है, उससे सम्यक् चारित्र, चारित्र से संवर, संवर से तपस्या, तपस्या से निर्जरा, निर्जरा से अष्ट कर्म का नाश, कर्मनाश से केवलज्ञान और उस से अनन्त अव्याबाध मोक्ष प्राप्त होता है।

धनमुनि ने इस प्रकार गुरू से विनय की महिमा सुन गुरू आदि पंच परमेष्ठी का त्रिकरण शुद्धि से विनय करने का नियम लिया।

एक बार गुरू महाराज के साथ विहार करते २ सकितपुर नगर के उद्यान में आये। वहाँ आदित्य चैत्य में त्रैलोक्य बन्धु श्री जिनेश्वर की प्रतिमा को वन्दन करने धनदेव गये। वहाँ विनयपूर्वक शुद्ध भाव से स्थिर हो भगवान् की स्तुति करने लगे। उस समय धरणेन्द्र वहाँ भगवान् के दर्शन करने आया। उसने मुनि को निश्चल ध्यान से भगवान् की स्तुति

ग्यारहवीं कथा

राजा अरूणदेव

जो ग्यारहवें आवश्यक पद की आराधना से तीर्थङ्कर हुवे

भरतक्षेत्र में शोभायमान विशाल मणिमन्दिर नगर में मणिशेखर राजा राज्य करता था। उसके शीलवान मणिमाला रानी थी। सर्व कला कुशल पराक्रमी अरुणदेव पुत्र था। कुमार यौवनावस्था में आया तब एक दिन प्रधान के पुत्र सुमति के साथ उद्यान में बसन्त क्रीड़ा करने गया। उस समय वहाँ विविध प्रकार की खिली हुई वनस्पति से चित्त में प्रफुल्लित हो उठा। प्रसन्न चित्त से उद्यान की प्राकृतिक सुन्दरता देखते २ कुमार ने उद्यान के एक भाग में वृक्षों की शीतल छाया में पेड़ की डाल पर बँधे हुए झूले पर झूलती हुई एक अनुपम सौन्दर्यशालिनी युवती को देखा। उस सुन्दरी को देख कुमार काम पीड़ित हो स्थिर दृष्टि से अतृप्त इच्छा से उसकी तरफ देखने लगा। इतने में एक विद्याधर ने आकाश मार्ग से आकर कुमार और उसके मित्र को वहां से उठाकर किसी अरण्य में छोड़ दिया। वहाँ उस विद्याधर के साथ कुमार ने युद्ध किया। इस युद्ध में कुमार ने तलवार के प्रहार से विद्याधर को निर्बल कर पृथ्वी पर पटका। वह

तीव प्रकार से रुदन करने लगा। उसके रुदन को सुन उसका भाई अश्वनीवेग खेचर अचानक आकाश मार्ग से उतर आया। उसने अपने भाई की दुर्दशा देख अत्यंत क्रोधित हो कुमार और उसके मित्र को उठाकर आकाश में उछाला। वहाँ से वे किसी अल्प जलवाले अन्धेरे कुए में गिर पड़े। बहुत कठिनाई से दोनों मित्र आगे चले।

चलते २ वे किसी अरण्य में पहुंचे। वहां लक्ष्मीदेवी के मन्दिर के पास किसी पुरुष को वृक्ष की डाल पर बंधा हुआ देखा और पास ही मनोहर आभूषणों से विभूषित सुन्दर स्त्री को विलाप करते देखा। उसके पास जाकर कुमार ने पूछा हे बहिन! यह पुरुष कौन है? और इसकी ऐसी हालत कैसे हुई? इसके पास बैठकर तू क्यों रो रही है?

कुमार के वचन सुन सुन्दरी बोली हे परोपकारी पुरुष! यह विद्याधरों का स्वामी मेरा पति है। हम क्रीड़ा करने के लिए इस लक्ष्मीदेवी के वन में आकर पुष्प एकत्र करते थे, इतने में लक्ष्मीदेवी ने कुपित हो मेरे स्वामी की यह दुर्दशा की है। यदि आप कृपा कर मेरे पति को बंधन से छुड़ा दें तो बड़ा उपकार मानूंगी।

विद्याधरी के करुणार्द्र वचन सुन कुमार विद्याधर को छुड़ाने के लिए लक्ष्मीदेवी की स्तुति करने लगा।

'हे भक्तवत्सल जगदेश्वरी, कमलादेवी तेरी जय हो! हे सुगुणभण्डार, जगदाधार, पद्मादेवी! तेरी जय हो। हे

नगा। गा कृपा से मूर्ख पंडित हो जाते हैं और अवगुणा णवान हो जाते हैं! हे सुरासुर सेवित परमेश्वरी! मुझ गीव की स्तुति सुन प्रसन्न हो मुझे दर्शन दे।

कुमार की स्तुति सुन लक्ष्मीदेवी प्रत्यक्ष हो प्रसन्न मुख कहने लगी—हे वत्स! मैं तेरे पर प्रसन्न हुई हूँ, तू इच्छित र माग, मैं खुशी से दूँगी।

कुमार ने कहा—हे माता! यदि आप मुझ पर प्रसन्न हुई हैं तो इस विद्याधर को बंधन से मुक्त कर दें। यही मेरी इच्छा है। तुरन्त देवी ने विद्याधर को बंधन मुक्त कर कहा कि हे खेचर! तेरे को बंधन मुक्त करा नवीन जन्म दिलानेवाले इस परोपकारी कुमार का पूर्ण आभार मान। बंधनमुक्त हो खेचरपति दोनों हाथ जोड़ नम्र वचन से कुमार को कहने लगा, हे परमार्थ वत्सल पुरुषोत्तम! आप जैसे पुरुषों से ही यह पृथ्वी रत्नगर्भा कहलाती है। यह सत्य है कि आज मुझे आपकी कृपा से नया जन्म मिला है। आपने जीवितदान दिया इसके बदले में मैं आपको कुछ भी दे सकूँ इस योग्य नही हूं फिर भी मेरे पास यह प्रज्ञप्ति आदि दस विद्याएं हैं इन्हें ग्रहण कर मुझे कृतार्थ कीजिये।

खेचरपति के आग्रह से कुमार ने विद्यायें ग्रहण की। पीछे विद्या के प्रभाव से दोनों मित्र आकाश मार्ग से आगे चले। आगे जाते २ वृक्षों की श्रेणियों से भरपूर और फल फूलों से

विद्या के प्रभाव से विद्याधर के साथ युद्ध कर अपने
छुड़ाया । पीछे अपने पराक्रम से सब विद्याधरों को
राजा हुआ । सच है पुण्यशाली को पग पग पर सम
विजय मिलती है ।

एक बार जयन्तस्वामी मुनि की धर्मदेशना सुन
मित्र और स्त्री सहित समकित मूल बारह व्रत ग्रहण
फिर सब शाश्वत और अशाश्वत जिनालयों में जिन
वन्दना कर समकित निर्मल करने लगा । कुछ समय
पूर्वक निर्गमन कर विद्याधर की श्रेणी का राज्य व
सुपुर्द कर मित्र और पत्नी सहित दिव्य विमान
आकाश मार्ग से मणिमन्दिर नगर में आया । माता-पि
खबर मिलते ही उन्होंने हर्ष व उत्साह पूर्वक नगरी
कराया । कुमार ने विनयपूर्वक माता-पिता को
किया । शान्तिमति ने भी विनयपूर्वक सास श्वसुर
स्पर्श किए । माता-पिता पुत्र की सम्पदा को देख हर्षि

पीछे अरुणदेव को राज्यसिंहासन दे राजा ने
गुरू के पास चारित्र लिया । अरुणदेव न्याय पूर्वक
पालन करने लगा । कुछ समय बाद राणी के गर्भ से
उत्पन्न हुवा ।

एक दिन [illegible] । [illegible]
से उन्होंने [illegible] श्मशान में [illegible] वृक्ष पर [illegible]
वानरों को देखा । उनको देखते ही राजा को जातिस्मरण
ज्ञान हुवा जिससे उन्होंने अपना पूर्व भव जिस प्रकार देखा

हस्तिनापुर नगरी में कोई महाधनाढ्य वैद्य रहता था।
वह लोगों को अनेक प्रकार की चिकित्सा करता था । उसके
यहां कोई एक तपस्वी मुनि औषध लेने आये । उसने उनको
औषध दी जिससे उन कृपालु मुनि ने उसे धर्मोपदेश देते
हुए कहा कि-

गृहिणां गृहधर्मस्य, सारमेतत्परं स्मृतम् ।
यथाशक्ति सुपात्रेभ्यो, दानं यच्छुद्धवस्तुनः ॥१॥

अर्थः—गृहस्थी के गृहस्थाश्रम धर्म का यही परम सार रूप
फल बताया है कि शुद्ध वस्तु का यथाशक्ति दान देना।
सारांश यह है कि सुपात्र को शक्ति अनुसार वस्तु का दान
देना। यह गृहस्थो का गृहस्थधर्म का परम साररुप कर्त्तव्य
बताया है।

इस तरह वह मुनि उस वैद्य को हमेशा उपदेश देते जिससे
वह वैद्य मुनि को निरन्तर शुद्ध भाव से शुद्ध औषध देता
और उनका बहुत आदर करता । पीछे वह वैद्य आर्तध्यान से
मर कर जङ्गल में पाँच सौ वानरियों का स्वामी हुवा ।

एक बार अरण्य में क्रीड़ा करते उस वानर ने एक मुनि
पैर में तकलीफ देखी। उन्हें देखते ही वानर को पुर्व भव
द आया। पुर्व के अभ्यास से सब व्याधियों की औषधियों
। जानने लगा। फिर उसने जंङ्गल की किसी वनस्पति को
त से चबाकर पैर में बाँधी। थोड़ी देर में मुनि का दर्द दूर
गया। मुनि ने उसे योग्य जीव समझ उपदेश दिया। इसलिये
नर को समकित हुवा और तीन दिन तक सामायिक व्रत
अनशन कर तीन पल्योपम की आयुष्यवाला सौधर्म कल्प में
। हुआ। वहाँ से चव कर, अरुणदेव कुमार हुआ। इस
कार अपना पूर्व भव जान अरुणदेव ने राजर्षि को प्रणाम
या। इतने में मुनि ने कायोत्सर्ग पूरा कर धर्म लाभ दिया।
र राजा उनके सामने बैठा और मुनि ने देशना आरंभ की।

हे राजा! अत्यन्त कष्ट से प्राप्त यह मानव देह और
नमें भी निरोग शरीर, उत्तम कुल, और जैन धर्म का
लना महा दुर्लभ है। इसमें भी देवादि तीन तत्व पर श्रद्धा
ना और भी कठिन है। उन तीन तत्वों का स्वरुप यह है।
सठ इन्द्रों से सेवित चौतीस अतिशययुक्त सर्वज्ञ जिनेश्वर
।, पंच महाव्रतयुक्त, नवविध ब्रह्मचर्य पालने वाले, सावद्य
ापार से विराम पाए हुए गुणवंत गुरु तथा जिनोदित
ादि दस विध धर्म। इन तीनों को यथार्थ भाव पूर्वक ग्रहण
: तब संसार की अल्पता के हेतुरुप सम्यग्दर्शन की प्राप्ति

उसके लिये क्षमा मांगती हूँ। इस प्रकार मुनि के गुणगान कर विनयपूर्वक वन्दना कर देवी अपने स्थान पर गई।

राजर्षिमुनि निरतिचाररूप से चारित्र का पालन कर, अन्त में अनशन कर बारहवें देवलोक में समृद्धिशाली देव हुए। वहाँ से चव कर महाविदेह में तीर्थङ्कर पद प्राप्त कर मोक्ष जावेंगे।

बारहवीं कथा

राजा चन्द्रवर्मा

जो बारहवें शीलव्रत पद की आराधना से तीर्थंकर हुवे

भरतक्षेत्र में अनेक जिनालयों से भरपूर मनोहर माकंद पुर नगर था। वहाँ पराक्रमी चंद्रवर्मा न्यायपूर्वक प्रजा का पालन करता था। उसके रूपवती और गुणवानचंद्रावली नामकी रानी थी।

एक बार उस नगर के उद्यान में बहुत मुनियों के साथ चार ज्ञान को धारण करनेवाले श्री नन्देश्वर आचार्य पधारे देवताओं ने मेरू शिखर जैसा मनोहर ऊँचा सुवर्ण का सिंहासन बनाया व उस पर गुरू महाराज बैठे। उद्यानपति ने गुरू महाराज के पधारने की सूचना राजा को दी। गुरू का आगमन सुन राजा बड़े ठाट बाट से परिवार सहित वंदना करने चला। आते समय मार्ग में राजा ने समतारस के सिंधु समान, नेत्रों को आनन्द देनेवाले सुवर्ण की कांतिवाले दो मुनियों को कायोत्सर्ग में खड़े देखा। उनको यौवनावस्था में ऐसा दुष्कर व्रत का पालन करते देख राजा को विस्मय हुवा। पीछे गुरू के पास आ विनयपूर्वक वंदना कर योग्य आसन पर बैठ गुरू को पूछने लगा हे करूणानिधि! मैंने मार्ग में दो मुनियों को देखा। सुकुमार देह और योवन वय होने पर भी उन्होंने चारित्र क्यों लिया? आप कृपा कर बताइये?

गुरू ने कहा हे राजन्! उनके वैराग्य का कारण ध्यान से सुन। कुशस्थलपुर नगर में लोक प्रिय और धनाढय मदन सेठ रहता था। उसके कलह करनेवाली और दुर्गुणों की भंडार चँडा और प्रचँडा दो स्त्रियाँ थीं। उन स्त्रियों के कलह से सेठ की लक्ष्मी भी पलायन कर गई। कहा है कलह से लोक में अपयश, अप्रीति और उद्वेग वगैरह अनेक प्रकार के कष्ट उत्पन्न होते हैं। दोनों स्त्रियों के कलह से सेठ कुछ दिन तक प्रचण्डा के घर सुख पूर्वक रहा।

काशीपुर पहुँचा और सोचने लगा कि अब मैं यहां निर्भय होकर रहूंगा। क्योंकि इतनी दूर मैं रहता हूं इसका पता उन दोनों को कहां से लगेगा ! यह सोच मदन सेठ नगर में आया उस नगर में धनाढ्यभानुसेठ रहता था। उसके भानुमति स्त्री के चार पुत्र और एक विद्या और कला को जाननेवाली विद्युत समान कांतिवाली विद्युल्लता पुत्री थी। वह पिता की प्यारी थी। ब्याह करने योग्य होने पर सेठ उसके समान गुणवाले पति की खोज में था। मदन सेठ घूमता २ उसी सेठ की दुकान पर जा पहुँचा। भानुसेठ ने उसे देखा। उसे देख वह विचारने लगा कि यह कोई कुलीन मनुष्य मालूम होता है। ऐसा सोच आदर पूर्वक अपने घर लेगया और सम्मान पूर्वक रखा। रात्रि में भानुसेठ की कुलदेवी ने आकर स्वप्न में कहा कि तेरी पुत्री के योग्य यह वर है, इसके साथ तेरी पुत्री का ब्याह कर देना। देवी के कहने से सेठ ने दूसरे दिन स्वप्न की बात सब कुटुम्बियों को कही। सब की सम्मति से उत्साह पूर्वक मदन सेठ के साथ विद्युल्लता का दान कर दिया।

कुछ दिन तक मदन सेठ श्वसुर के घर सुखपूर्वक रहा। पीछे एक दिन अपने घर जाने की इच्छा हुई। यह बात उसने अपनी प्रिया को बताई। उसने जाने के लिये स्वीकृति दी और मार्ग में भोजन के लिये एक बर्तन में सत्तू रख कर दे दिया। वह से

उस समय उस नगर में वसुदेव सेठ के श्रीदत्तकुमार और श्रीपुंज सेठ की पुत्री श्रीपति का लग्न होनेवाला था । इसलिये दोनों घरों में आनन्द और धाम धूम हो रही थी । उसे देखने के लिए अनेक स्त्री पुरूष इकट्ठे हुए थे । बरात भी ठाट बाट से नगर में घूमती २ श्रीपुंज सेठ के घर आई । वर राजा तोरण पर पहुचा । इतने में क्रूर कर्मों एवम् पूर्व पाप कर्मोदय के कारण वर राजा की वहीं मृत्यु हो गई । अचानक पुत्र के मृत्यु से वसुदेव वड़ा दुखी हुआ । दुल्हन का परिवार भी दुखी हुवा । सब लोग शोकातुर हो अपने २ घर गये । इतने में श्रीपुंज शेठ ने देववाणी सुनी की हे सेठ तू तेरी पुत्री का विवाह तेरे घर के सामने छिपे हुए धनदेव के साथ आज ही कर देना क्योंकि यह कन्या उसी के योग्य है । यह सुनते ही श्रीपुंज सेठ ने धनदेव को ढुंढ निकाला और उसके साथ अपनी कन्या का विवाह कर दिया । उस समय नगर में गई हुई धनदेव की दोनो स्त्रियाँ लग्न समय वहाँ आ पहुची और विवाह मण्डप में अपने पति को देखा । उसे देखते ही आश्चर्य में हो दोनों कहने लगी कि अपना पति यहाँ कैसे आया ! क्या यह अपने को धोखा देकर अपने पीछे २ आया है ? परन्तु ऐसा नहीं हो सकता । बहुत से मनुष्यों की आकृति समान होती है इसलिए अपने को ऐसा लगता है । हजारों कोस दूर अपने नगर से वह यहाँ किस तरह आ सकता है ? इस

तरह दोनो ने अपना समाधान कर, लग्नोत्सव देख घर लौटने लगी।

लग्न पूर्ण होने पर धनदेव ने कन्या के वस्त्र पर कुं कुम से एक श्लोक लिखा।

कुत्र वसती रत्नपुर, कः क्वासौ गगन मंडनश्चूतः।
धनपति सुत धनदेवे, विधेर्वशात्सुखकृतेश्चूतः ॥१॥

अर्थः—रहने का स्थान रत्नपुर कहाँ ? और आकाश का भूषण रूपी यह आम्र कहाँ ? परंतु यह सब धनपति पुत्र धनदेव के लिये दैवयोग से यह आम्र सुख देनेवाला हुवा। यह लिख और किसी बहाने से बहार निकल गुप्त रीति से शीघ्र नगर के बाहर आया। वहाँ उसने स्त्रियों को जल्दी २ जाती हुई देखी। थोड़ी देर में सब आम्र के पास पहुँचे। दोनों स्त्रियाँ जल्दी पेड़ पर चढ़ गई। धनदेव भी पहले की तरह अपनी जगह बैठ गया। इतने में आम्र वृक्ष वायु वेग से गगन मार्ग से होता हुआ अपनी जगह आकर रुक गया। तब धनदेव स्त्रियों के पहुँचने से पहले घर पहुँच सो गया।

दूसरे दिन सवेरे जल्दी दूसरी स्त्री पति को जगाने गई। वहाँ जाकर उसने देखा कि उसके हाथ में लच्छा और मेहंदी और ललाट पर कुंकुम का टीका है इसलिए वह तुरंत पहली स्त्री के पास जाकर कहने लगी कि बहन पति के हाथ में लच्छा, मेहदी और ललाट पर कुं कुम का टीका है।

इसलिये आदमी [illegible] को [illegible] की [illegible]
करनेवाले मारे जाते है। इसमें [illegible] [illegible] । [illegible]
सुन्दर [illegible] से [illegible] जान ली है। अब क्या होगा ?

पहली स्त्री ने कहा इसमें क्या है? ऐसा कह एक और
मंत्र कर सोते हुए धनदेव के सीधे पैर पर बांध दिया। डोर
बांधते ही वह तोता बन गया। उसे पकड़ पींजरे में रख दिया
अब रत्नपुर नगर का हाल सुनिये कि वहाँ क्या हुआ। ज
धनदेव प्रातःकाल तक वापिस नहीं आया तब श्रीमति ने अप
पिता को कहा यह सुन श्रीपुंज सेठ दुखी हुआ। इतने
सेठ की नजर श्रीमति के वस्त्र पर लिखे हुए श्लोक
पड़ी। श्लोक पढ़कर सेठ खुश होकर बोला हे पुत्री! देख ते
वस्त्र पर तेरे पति ने श्लोक लिखा है उससे उसका नाम औ
नगर का पता चलता है। वह हसंतीपुर नगर के धनपति से
का पुत्र धनदेव है। वह किसी कारण वश रात्रि को ही वापि
चला गया है। अब अपने को पता लगाना चाहिये। तू ज
भी चिंता मत कर। उसी दिन सागरदत्त व्यापारी अ
जहाज लेकर हसंतीपुर जानेवाला था। उसके साथ श्री
सेठ ने एक पत्र और बहुमूल्य हार धनदेव को देने के लि
सागरदत्त को दिया। सागरदत्त का जहाज अनुकूल पवन ह
के कारण शीघ्र ही हसंतीपुर पहुँच गया। वहाँ आकर धन
को पता लगा, उसके घर जाकर पूछा कि धनदेव सेठ है क्या

स्त्रियों ने जवाब दिया कि नहीं है, वे तो राज्य
र्य से ताम्रलिप्त नगर गये हैं। आप कहाँ रहते हो और
या काम है?

सागरदत्त ने कहा कि मैं रत्नद्वीप के रत्नपुर नगर का
पारी हूँ। वहाँ से श्रीपुंज सेठ ने धनदेव सेठ को यह पत्र
र हार भेजा है।

स्त्री ने कहा बहुत अच्छा लाओ। सेठ जाते समय कह
ये थे कि यदि कोई रत्नपुर जानेवाला हो तो उसके साथ
ह तोता श्रीमति के पास भेज देना। इसलिये तुम यह तोता
मति, को दे देना। यह कह पत्र व हार लेकर तोते का पींजरा
ागरदत्त को दे दिया।

सागरदत्त पींजरा ले थोड़े दिनों में अपने नगर में आया
र पींजरा सेठ को दे जो कुछ हुआ वह सब कह सुनाया।
ने वह तोता श्रीमति को दे दिया। श्रीमति निरन्तर उसे
ने पास रखती और विनोद करती। एक दिन तोते के पैर
डोरा बंधा देख उसे तोड़ डाला डोरा टूटते ही धनदेव
ने असली रूप में प्रगट हो गया। यह देख सब आश्चर्य
पूछने लगे कि ऐसा होने का क्या कारण है? धनदेव ने
ा कि यह सब कर्मवश हुवा है। ऐसा कह अपनी
यों की बात कहीं। कुछ दिन सुख पूर्वक श्रीपुंज सेठ
यहाँ [illegible] अपने नगर में आया। परन्तु

कर दी और जहाँ २ मुनि गोचरी के लिये जाते वहाँ सब जगह गोचरी को अशुद्ध कर देता। इस तरह रात दिन कष्ट होने लगा। फिर भी समता के सिन्धु राजर्षि मुनि विषाद रहित हो सब सहन करते। छः माह तक देव ने उपसर्ग चालू रखा और मुनि विना आहार के दिन निर्गमन करते। गुरु महाराज ने ज्ञानोपयोग से देवोपसर्ग जान कनककेतु मुनि को दूसरे दिन उसी नगर में ब्रह्मचर्य को पालन करनेवाले धनंजय सेठ के घर गोचरी के लिए भेजा। क्योंकि जो निर्मल शीलवान होते है उनके यहाँ देव भी उपसर्ग नहीं कर सकते। गुरु महाराज की आज्ञा से दूसरे दिन मुनि धनंजय सेठ के घरगोचरी के लिए गये और वहाँ से शुद्ध आहार पाणी ग्रहण किया। यह देख वरुण देव ने उस घर में सुवर्ण की वृष्टि की और प्रत्यक्ष हो मुनिराज की स्तुति कर क्षमा माँ गुरु महाराज के पास आकर पूछने लगा कि हे प्रभु ! कनक मुनि को इस घोर तपस्या का क्या फल मिलेगा ? इस गुरु महाराज ने कहा हे देव ! यह मुनि इस तप के प्र तीर्थङ्कर होंगे। गुरु मुख से यह सुन देव अपने स्थान ओर गया। राजर्षि मुनि वहाँ से चल कर चौथे देवलो सुख भोगकर महाविदेह क्षेत्र में जिनपद प्राप्त कर नि पद प्राप्त करेंगे।

पन्द्रहवीं कथा

राजा हरिवाहन

पंद्रहवें सुपात्रदान पद आराधन से तीर्थङ्कर हुवे

भरतक्षेत्र के कलिंग देश में समृद्धिशाली कंचनपुर नगर था। वहाँ का शौर्यादि गुणालंकृत महान प्रतापी हरिवाहन राजा था। उसके महान बुद्धिशाली सब प्रधानों में मुख्य विरंची नाम का प्रधान था। उसने अपार द्रव्य व्ययकर एक मनोहर देव भुवन समान श्री ऋषभदेव स्वामी का मन्दिर बनवाया। एक दिन मंत्री महाराज हरिवाहन को मन्दिर में भगवान के दर्शन करने के लिए ले गया। उस समय उस मन्दिर के पास धनेश्वर सेठ के घर नाना प्रकार के बाजे बज रहे थे और स्त्रियाँ मङ्गल गीत गा रही थीं। यह देख राजा ने मंत्री से पूछा कि आज यहाँ क्या उत्सव हो रहा है? यह सुन मंत्री ने कहा महाराज आज धनेश्वर सेठ के यहाँ पुत्र जन्म का उत्सव है। इसी कारण यह सब धाम धूम है। पीछे मंत्री सहित जिन मन्दिर में जिनेश्वर के दर्शन कर अपने महल में लौट गया। दूसरे दिन राजा पुनः उसी चैत्य में दर्शन करने

कर दी और जहाँ २ मुनि गोचरी के लिये जाते वहाँ सब जगह गोचरी को अशुद्ध कर देता। इस तरह रात दिन कष्ट होने लगा। फिर भी समता के सिन्धु राजर्षि मुनि विषाद रहित हो सब सहन करते। छः माह तक देव ने उपसर्ग चालू रखा और मुनि बिना आहार के दिन निर्गमन करते। गुरु महाराज ने ज्ञानोपयोग से देवोंपसर्ग जान कनककेतु मुनि को दूसरे दिन उसी नगर में ब्रह्मचर्य को पालन करनेवाले धनंजय सेठ के घर गोचरी के लिए भेजा। क्योंकि जो निर्मल शीलवान होते हैं उनके यहाँ देव भी उपसर्ग नहीं कर सकते। गुरु महाराज की आज्ञा से दूसरे दिन मुनि धनंजय सेठ के घरगोचरी के लिए गये और वहाँ से शुद्ध आहार पाणी ग्रहण किया। यह देख वरुण देव ने उस घर में सुवर्ण की वृष्टि की और प्रत्यक्ष हो मुनिराज की स्तुति कर क्षमा माँग गुरु महाराज के पास आकर पूछने लगा कि हे प्रभु! कनककेतु मुनि को इस घोर तपस्या का क्या फल मिलेगा? इस पर गुरु महाराज ने कहा हे देव! यह मुनि इस तप के प्रभाव से तीर्थङ्कर होंगे। गुरु मुख से यह सुन देव अपने स्थान पर लौट गया। राजर्षि मुनि वहाँ से चल कर चौथे देवलोक के सुख भोगकर महाविदेह क्षेत्र में जिनपद प्राप्त कर चिदानन्द पद प्राप्त करेंगे।

समारम्भ करनेवाले कुगुरु के प्रति गुरु की बुद्धि तथा दयारहित और हिंसा से पूर्ण कुधर्म के प्रति धर्मबुद्धि रखी जो महा मोह के प्रभाव से मिथ्यात्व है। किसी व्याधि से पीड़ित कोई प्राणी उसी जन्म में दुःखी होता है परन्तु मिथ्यात्व रूपी महा व्याधि से पीड़ित प्राणी तो अनेक जन्म पर्यन्त दुःख प्राप्त करता है। यह समझ मिथ्यात्व का त्याग कर शुद्ध देव गुरु और धर्म के प्रति रुचि रखना यही परम श्रेय का कारण है।

इस प्रकार गुरु की देशना श्रवण कर राजाको संवेग हुआ और राजमहल में आकर पुत्र को राज्य दे उत्साह पूर्वक संयम अङ्गीकार किया। समिति, गुप्तियुक्त चारित्र का पालन करते हुए द्वादशांगी का अध्ययन किया।

एक दिन गुरु से देशना में बीस स्थान के बारे में व्याख्यान में सुना कि जो महाभाग्य अन्नपानादि से भक्ति-पूर्वक साधु संविभाग का पालन करता है वह श्री जिनेश्वर की सम्पदा प्राप्त करता है और अन्त में मोक्ष प्राप्त करता है।

यह अधिकार सुन राजर्षि मुनि हरिवाहन ने अभिग्रह लिया कि आज से निरन्तर उत्तम मुनियों को अन्नपानादि देकर उसमें से जो शेष रहेगा वही मैं काम में लूँगा। ऐसा अभिग्रह ले निरन्तर मुनियों की आहार पानी औषधादि से भक्ति करने लगा। एक समय इन्द्र महाराज ने देव सभा में

हरिवाहन मुनि की साधु संविभाग पर अनन्य भक्ति देख प्रशंसा की। इस पर शङ्कित हो सुवेल देव मुनि की परीक्षा करने के लिए कपटी साधु का रूप बनाकर श्रीपुरपत्तन में जहाँ हरिवाहन मुनि थे वहाँ तपस्या से क्षीण देहवाला बन पारणा करने के लिए आया। उस समय अपने काम में आने वाला जो आहार था वह उसको दे दिया। पीछे पुनः अपने लिए आहार ला गुरु के पास आलोची सज्जाय कर गोचरी करने बैठा। इतने में उस मायावी देव ने हरिवाहन मुनि के देह में अत्यन्त दुःसह वेदना उत्पन्न कर दी। यह वेदना देख गुरु आदि साधु अत्यन्त खेद करने लगे। पीछे वैद्य के बताये अनुसार किसी गृहस्थ के घर से जल्दी औषधि ला मुनिराज को लेने के लिए कहा। परन्तु मुनि ने मना कर दिया। इसलिए गुरु ने कारण पूछा। उत्तर में मुनि ने दोनों हाथ जोड़कर कहा कि हे प्रभु! यह औषध किसी सुपात्र मुनि को दिए बिना मैं ग्रहण नहीं करूँगा चाहे इससे भी अनन्तगुणी वेदना हो और कदाचित प्राण भी चले जाय। क्योंकि जो यह अन्य मुनियों के दिये बिना ग्रहण करता हूँ तो मेरे व्रत का भंग होता है और मैं दुर्गति को प्राप्त करनेवाला होता हूँ। इसी संविभाग व्रत के पालन करने से बाहु मुनि समस्त भारतक्षेत्र के स्वामी हुए और नन्दीशेग मुनि ने वासुदेव की ऋद्धि प्राप्त की। इसलिए हे प्रभु मुझे चाहे जितनी असह्य

से विभूषित रति समान स्वरूपवान रानी जयमाला से जीभूतकेतु पुत्र हुवा। कुमार यौवनावस्था में पहुँच सर्व कलाओं में कुशलता प्राप्त कर अपने सद्गुणों से सब लोगों का प्यारा बन गया। इसके सिवा बुद्धि और शौर्यादि गुणों से उसकी कीर्ति सर्वत्र फैल गयी। कुमार के रूप गुणादिक की कीर्ति सुनकर रत्नस्थलपुर के राजा सूरसेन की पुत्री जो विद्या कला में सरस्वती के समान थी कुमार से प्रेम करने लगी और उसने उसी के साथ ब्याह करने का निश्चय किया। सुरसेन राजा ने पुत्री के अभिप्राय को जानकर स्वयंवर मंडप तैयार किया। उसमें सब देशों के राजाओं को आमंत्रित किए। जीभूतकेतु को भी आमंत्रित किया। कुमार पिता की आज्ञा ले थोड़ी सेना सहित रत्नस्थलपुर के लिए रवाना हुवा। मार्ग में सिद्धपुर नगर के पास अचानक कुमार को मूर्छा आ गया। यह देख सब अत्यंत दुःखी हुवे। अनेक प्रकार के मंत्र और औषधियों के उपचार करने पर भी सब कुपात्र को दिए गये दान के माफिक निष्फल हुआ। इतने में वहाँ अनेक गुणों के समुद्र और श्रुत के जानकर आचार्य श्रीअकलँकदेव पधारे। उनके प्रभाव सेकुमार की मूर्छा दूर हुई और तत्काल उनकी वंदना करने के लिए उठा। विनय पूर्वक वंदना कर कुमार गुरु के सामने बैठा। इसलिए उसे प्रतिबोध देने के लिए करुणासिंधु गुरु महाराज ने संसाररूप व्याधि का नाश करने में अमृत समान देशना देनी आरम्भ की।

[illegible] रहता था। वह यतिचर्या में निरन्तर प्रमादी और शातादि-गारंव में लुब्ध था। एक बार गुरु के साथ सांकेतपुर जाते हुए मार्ग में आसनपुर ग्राम के नजदीक गुरु ने दूसरे बाल ग्लानादि मुनियों को तृषातुर देख दुर्विनीत दुर्वासा मुनि को कहा कि तुम इन तृषातुर यतियों के लिए इस पास के गांव से प्रासुक जल ले आओ। वह सुन क्रोध से विवेक शून्य हो वह गुरु को जो मन में आया बोलने लगा। दूसरे स्थविरों के मृदु वचनों से समझाने पर शान्त होने के बजाय वह उलटा सारे गच्छ से द्वेष करने लगा। पीछे वह गच्छ छोड़ वहां से अकेला ही आगे चला गया। आगे अरण्य में रौद्र ध्यान के परिणाम से मर कर सातवीं नरक में तैंतीस सागरोपम आयुष्यवाला नारकी हुवा। बिना कारण मुनि की निंदा और द्वेष करने से बांधे हुए तीव्र कर्मों के विपाक से उसे वहाँ अत्यंत वेदना सहनी पड़ी। आयु पूर्ण होने पर वहाँ से निकल अनेक भव भ्रमण कर अत्यंत कष्ट सहन करते २ बहुत से कर्मों को क्षय किया। पीछे कौटुम्बिक ग्राम में मासोपवासी मुनि हुवा। कुछ समय तपस्या कर, सुख प्राप्त करने की जिज्ञासा से नियाणा कर वहाँ से मर कर तू राजकुमार हुवा है। पूर्व में की हुई तपस्या के पुण्य से यह ऋद्धि प्राप्त हुई है और जो मुनि निंदा का कर्म बांधा था वह भोगते हुए जो अवशेष रहा वह आज तेरे को उदय आया जिससे तुझे मूर्छा आई। मुनि [illegible] से उस कर्म का अब नाश हो गया है।

[illegible] ... मोक्ष जायेंगे । [illegible] ... मोक्ष का सुख प्राप्त करेंगी ।

सतरहवीं कथा

राजा पुरन्दर
जो सतरहवें संयम पद आराधना से तीर्थङ्कर हुवे

वाणारसी नगरी में विजयसेन राजा न्याय पूर्वक प्रजा का पालन करता था। उसके पद्ममाला और मालती नाम की दो रानियां थी। उनमें पटराणी पद्ममाला के कामदेव को भी पराभव करे ऐसा पुरन्दर नामका कुमार था। धीरे २ वह कुमार बड़ा हुआ और समस्त कलाओं में निपुण हो यौवनावस्था में पहुँचा।

एक दिन कुमार अकेला ही अरण्य में घूमने गया। वहाँ उसने एक मुनि को देखा। इसलिए उनके पास जाकर वन्दना

सन्मुख बैठ गया। इसलिये उसे गुणनिधि मुनि ने देशना दी कि सर्व संपदाओं का कारणरूप जो धर्म है उसका मूल बीज पर स्त्री का त्याग करना है। उन पुरुषों को धन्य है जो देवांगना समान स्वरूपवाली और हथनियों की तरह मस्त चाल से चलनेवाली प्रमदाओं को देखकर अपने चित्त में विकार उत्पन्न नहीं होने देते। इसी तरह उस स्त्री को धन्य है जो कामदेव समान अन्य पुरुष को देख जरा भी अपने मन को शिथिल नहीं होने देती और विधाता से मिले पति में ही संतोषवृत्ति रख आनन्द मनाती है। इस तरह जो स्त्री पुरुष शीलव्रत में दृढ़ रहते हैं वे अनेक सम्पदाओं के भोगनेवाले होते हैं।

इस प्रकार मुनि की देशना सुन कुमार पर स्त्री त्याग का व्रत लेकर अपने स्थान पर लौट गया। लिए हुए व्रत को जरा भी अतिचार न लगे इस प्रकार दृढ़ मन से छोटी को बहिन और बड़ी को माता समान गिन निर्मल भाव से व्रत कापालन करने लगा। अनेक मृगलोचनी ललित ललनाएं कुमार को राग से देखती परन्तु कुमार तो उसके सामने दृष्टि भी नहीं डालता।

एक बार कुमार की सौतेली माता मालती राणी अनंग समान अद्भुत रूपवाले कुमार को देख उस पर अनुरक्त हो गई। शशी समान कांतियुक्त यौवनपूर्ण कुमार को जैसे २ सराग से देखती वैसे २ वह उस पर विशेष आसक्त हो विरह

आया और कुमार को पुकार बुलाया। पुन्दर कुमार पिता की कोपित आवाज सुन मन में समझ गया कि अवश्य सौतेली माता के कारण से ही कुछ नई पुरानी बात हुई है। फिर अपने महल से बाहर आकर दोनों हाथ जोड़ कर विनय पूर्वक प्रणाम कर बोला—पिताजी ! क्या आज्ञा है ! राजा कोपित देखकर कुमार नीची गरदन कर खड़ा रहा इस से राजा को विशेष सन्देह हुआ कि अपराधी मनुष्य कर्म सन्मुख नहीं देखता इसलिए अवश्य इसने ही यह कुकर्म किय है। ऐसा समझ राजा अत्यन्त क्रोधित हो कहने लगा। अ नराधम ! नीच कुलांगार कुपुत्र ! मुझे स्वप्न में भी या आशा नहीं थी कि तु ऐसा पिशाच वृत्तिवाला पुरुष है।

कुमार ने कहा—पिताजी। मेरा दोष क्या है वह आ कहो। मैंने कभी आपकी आज्ञा का उलंघन कर कोई अका नहीं किया। राजा ने कहा अरे नीच ! तू मुख से मीठ बोलने वाला परन्तु हृदय में हलाहल जहर भरा हुआ पिशा है। तू आगे बोलना बन्द कर, चाँडाल भी जो काम नह करता वह कार्य कर के सत्यवादी बन कर पाप छिपाना चाहत है। कुमार ने कहा—पिताजी ! आप क्या कहते हैं वह तो मेर समझ में कुछ आता नहीं। चाँडाल से भी अधर्म कार्य करने में मेरी प्रवृत्ति हो ऐसा स्वप्न में भी होना कठिन है। इतना होने पर भी आप स्पष्ट कहो कि मेरे से कौनसा अकार्य हुआ है। राजा ने कहा—अरे पलीत ! क्या तु स्पष्ट कहलवान

हता है । चाँडाल ! तू तेरी सौतेली माता के साथ अगम्य
मन करते हुए भस्मीभूत क्यों नहीं हो गया ? राजा के ये
ब्द सुन कर कुमार कान पर हाथ दे चिल्ला कर बोला
रे प्रभु ! यह मै क्या सुनता हूं । इतने में राजा कहता है
तू क्या सुनता है, तू तेरे किये काले कार्य को सुनता है ।
रे कुलांगागार कुमार ! तू पुत्र होने से अवध्य है इसलिए
त्यु दण्ड नहीं देता हूं परन्तु जहाँ तक मेरी आज्ञा चलती है
हाँ तक की भूमि में तुझे अपना पैर भी नहीं रखना
हिए । कुमार ने कहा—पिता जी ! आप इस विषय में
त्यासत्य तो मालूम कीजिए कारण मै बिल्कुल अपराधी
हीं हूं । राजा ने कहा—अब एक शब्द बोले बिना अभी ही
गर से बाहर चला जा नहीं तो मेरी क्रोधाग्नि में जल कर
स्म हो जायगा । अब कुमार ने सोचा कि विशेष खुशामद
रना व्यर्थ है । ऐसा सोच माता-पिता को प्रणाम कर हाथ
तलवार ले एकदम नगर बाहर निकल गया । पद्ममाला
णी पुत्र के वियोग से दुःखी हो मुर्छित हो गई । पीछे सावधान
रुदन करती हुई विचारने लगी कि अवश्य मेरे पुत्र को
श निकाला दिलाने वाली मेरी सौत मालती का ही यह
ाम है । ऐसा सोच शोक पूर्ण हृदय से दिन व्यतीत
रने लगी ।

कुमार वहाँ से निकल जंगल की तरफ चला । वहाँ एक
के साथ युद्ध हुवा । इस में पल्लिपति को जीत कुमार

एक दिन उसी नगर से समुद्रदत्त सेठ अनेक वस्तुएँ लेकर वाणारसी नगरी में व्यापार करने गया । कुछ दिनों में सेठ ने नगर में विविध प्रकार के किराने का व्यापार कर खूब धन उपार्जन किया । एक दिन वह सेठ राजसभा में राजा को भेंट देने गया । वहां प्रसंगवश बातचीत करते हुए राजा विजयसेन के सामने अपने नगर में रहनेवाले पुरन्दरकुमार की प्रशंसा की । यह सुन राजा को अत्यन्त हर्ष हुआ । क्योंकि कुमार के जाने के कुछ दिनों बाद राजा को मालूम हो गया कि यह सब नाटक मालती राणी का था और कुमार निर्दोष है । ऐसा मालूम होने पर बिना कारण कुमार को देश निकाला देने से राजा को बहुत दुःख था । सेठ के द्वारा कुमार का वृतान्त सुन तुरन्त राजा ने कुमार को बुलाने के लिये पत्र लिखकर आदमी को नन्दीपुर भेजा ।

राजा का पत्र लेकर आदमी थोड़े दिनों में नंदीपुर पहुँचा और राजा का दिया हुआ पत्र कुमार को दिया । कुमार पिता के पत्र को पढ़कर बहुत प्रसन्न हुआ । पिता ने शीघ्र आने को लिखा इसलिए पुरन्दरकुमार अपने श्वसुर की आज्ञा ले पत्नि सहित विद्या के प्रभाव से दिव्य विमान बना उसमें बैठ मार्ग में आने वाले तीर्थों की भावपूर्वक यात्रा करता हुआ पिता की राजधानी वाणारसी नगरी में आया । राजा ने कुमार का उत्सव सहित नगर प्रवेश कराया । कुमार ने विनयपूर्वक माता पिता को नमस्कार किया । मंजुश्री ने

एक दिन उसी नगर से समुद्रदत्त सेठ अनेक वस्तुएँ लेकर वाणारसी नगरी में व्यापार करने गया। कुछ दिनों में सेठ ने नगर में विविध प्रकार के किराने का व्यापार कर खूब धन उपार्जन किया। एक दिन वह सेठ राजसभा में राजा को भेंट देने गया। वहां प्रसंगवश बातचीत करते हुए राजा विजयसेन के सामने अपने नगर में रहनेवाले पुरन्दरकुमार की प्रशंसा की। यह सुन राजा को अत्यन्त हर्ष हुआ। क्योंकि कुमार के जाने के कुछ दिनों बाद राजा को मालूम हो गया कि यह सब नाटक मालती राणी का था और कुमार निर्दोष है। ऐसा मालूम होने पर बिना कारण कुमार को देश निकाला देने से राजा को बहुत दुःख था। सेठ के द्वारा कुमार का वृतान्त सुन तुरन्त राजा ने कुमार को बुलाने के लिये पत्र लिखकर आदमी को नन्दीपुर भेजा।

राजा का पत्र लेकर आदमी थोड़े दिनों में नंदीपुर पहुँचा और राजा का दिया हुआ पत्र कुमार को दिया। कुमार पिता के पत्र को पढ़कर बहुत प्रसन्न हुआ। पिता ने शीघ्र आने को लिखा इसलिए पुरन्दरकुमार अपने श्वसुर की आज्ञा से पत्नि सहित विद्या के प्रभाव से दिव्य विमान बना उसमें बैठ मार्ग में आने वाले तीर्थों की भावपूर्वक यात्रा करता हुआ पिता की राजधानी वाणारसी नगरी में आया। राजा ने कुमार का उत्सव सहित नगर प्रवेश कराया। कुमार ने विनयपूर्वक माता पिता को नमस्कार किया, [illegible] ने

ना सास-श्वसुर को विनयपूर्वक नमस्कार किया। पुत्र वधु और पुत्र की ऋद्धि को देख माता-पिता को बहुत आनन्द हुआ। पीछे राजा ने बड़े ठाठ बाट से कुमार को राज्यासन पर आरूढ कर स्वयं ने श्रीमलयप्रभाचार्य से चारित्र ग्रहण किया।

पुरन्दर कुमार न्याययुक्त प्रजा का पालन करते हुए विद्या के प्रभाव से अनेक गर्विष्ट राजाओं को आधीन कर, जगह २ मनोहर जिनालय बनाकर, भावपूर्वक वीतराग की सेवा भक्ति करता हुआ सुखपूर्वक दिन व्यतीत करने लगा।

इस प्रकार बहुत समय तक राजसुख भोगने पर शरीर का तेज और बल क्षीण करनेवाले बुढ़ापे को आया जानकर बंधुमति से उत्पन्न राजकुमार जयन्त को राज्यासन पर स्थापित कर पाँच सौ राजाओं के साथ उत्साह पूर्वक अपने पिता के पास दीक्षा ली और बन्धुमति ने भी चारित्र लिया। पुरन्दर मुनि के विधि पूर्वक ग्यारह अंग का अध्ययन कर गुरु से बीस स्थानक की महिमा सुन श्रीसंघ की भक्ति करने का कठिन अभिग्रह लिया। फिर निरन्तर यथोचित्त श्रीसंघ की भक्ति भावपूर्वक करने लगा। एकबार किसी नगर से श्रीसिद्धगिरी की यात्रा करने के लिए संघ निकला। उसके साथ पुरन्दर

[illegible] हुआ संघ के मनुष्यों ने देखा । इस प्रकार दोनों प्रकार के संकट से दुःखी हो संघ के मनुष्य [illegible] श्री [illegible] आचार्य को नमस्कार कर कहने लगे—हे प्रभु ! आप कृपा कर [illegible] पड़े हुए संघ के कष्ट को दूर करो। तब आचार्य महाराज ने कहा कि तुम [illegible] लब्धियों से युक्त पुरन्दर मुनि को विनंति करो । वह अपनी लब्धियों से संघ के उपद्रव को दूर करेंगे । आचार्य महाराज के कहने से सब पुरन्दर मुनि से विनंति करने लगे ।

श्रीसंघ की विनंति स्वीकार कर गुरु महाराज की आज्ञा से राजर्षि मुनि ने अपनी लब्धि के प्रभाव से संघ में सुवर्ण की वृष्टि की । उसमें से सब आदमियों ने जितना चाहिए उतना सोना ले लिया । लूटने आने वाले चोरों के समूह को रास्ते में ही स्थंभित कर दिया जिससे वे आगे पीछे चलने में असमर्थ हो गये । धन प्राप्त हो जाने से पास के गाँव से भोजन की व्यवस्था कर संघ आगे यात्रा करता करता तीर्थ के पास पहुँचा । मार्ग में स्थंभित हुए चोरों को प्रतिबोध दे मुक्त किया । इस प्रकार श्री संघ को पुरन्दर मुनि ने उपद्रव रहित किया । यह जान इन्द्र आचार्य महाराज के पास आ प्रगट हो नमस्कार कर बोला—हे करुणा समुद्र ! संघ को संकट में डालने का काम मेरा ही था और यह मैंने पुरन्दर मुनि की परीक्षा लेने के लिए किया था इसलिये आप मुझे क्षमा करें । [illegible]के सिवा

आप यह बतावें कि श्रीसंघ की भक्ति करने से इन मुनि ने कौनसा पुण्य उपार्जन किया ? यह सुन आचार्य महाराज बोले हे सुरेश ! इस मुनि ने संघ की भक्ति करने से त्रैलोक्यपूज्य जिन नाम कर्म उपार्जन किया है । इस प्रकार श्रीसंघ की भक्ति का फल सुन देवेन्द्र मुनि के गुणों की प्रशंसा कर अपने स्थान को गये । राजर्षिमुनि जीवन पर्यन्त सतरहवें स्थानक को भली प्रकार आराधन कर अन्त में महाशुक्र देवलोक में देवता हुए वहाँ से चवकर महाविदेह क्षेत्र में तीर्थंकर होंगे और बंधुमति का जीव उनका प्रथम गणधर होगा ।

अठारहवीं कथा

राजा सागरचन्द्र

जो अठारहवें अपूर्व श्रुत पद आराधन से तीर्थङ्कर हुवे

... क्षेत्र में पुष्पपुर नामक विशाल नगर था ।

छाया में आकर पके हुए आम्र के फल तोड़ खाने लगा। दिन से भूखे होने के कारण कुमार ने आनन्द से वे फल खा खाते २ विचारने लगा कि कहाँ मेरी सुख से पूर्ण राजध और कहाँ यह अपरचित उजाड़ स्थान? कर्म की गति वि है। कुमार मन में इस प्रकार सोचता है इतने में उसकी एक वृक्ष की शाखा पर पड़ी। वहाँ रस्सी बाँध गले में फ खाने की तैयारी करती हुई सौंदर्यवान सुन्दरी को दुःखी ह से इस प्रकार बोलती हुई सुना! हे सब वन देवताओं! आ में रहने वाले ज्योतिषी देवों! आप सब मेरी विनीत एक सुनो। मैं इस जन्म में तो सागरचन्द्रपति को प्र नहीं कर सकी परन्तु पुनर्जन्म में तो मुझे सागरचद्र से ज मिलाना। अपना नाम सुन विस्मित हो कुमार उत्सा सुन्दरी के पास आकर फंदे को काट बोला। हे सुन्द अज्ञान मनुष्य की तरह तू आत्मघात कर महान् पाप भागी किस दुःख से होती है!

कुमार के वचन सुन वह सुन्दरी अपराधी की तरह ला और शर्म से बिना उत्तर दिये नीचा मुंह कर शोक ग्रस्त खड़ी रही। कुमार ने पुनः पूछा। सुन्दरी! बोलती क्यों न क्या अपना वृत्तान्त बताने में कोई आपत्ति है? यदि यह है तो मैं विशेष आग्रह नहीं करूँगा। क्या तुझे अपने स पर जाना है? चल तुझे निर्विघ्न ले चलूँ। कुमार यह क

गा में जाकर पके हुए आम के फल तोड़ खाने लगा। सात
दिन से भूखे होने के कारण कुमार ने आनन्द से वे फल खाये।
खाते २ विचारने लगा कि कहाँ मेरी सुख से पूर्ण राजधानी
और कहाँ यह अपरचित उजाड़ स्थान? कर्म की गति विचित्र
है। कुमार मन में इस प्रकार सोचता है इतने में उसकी दृष्टि
एक वृक्ष की शाखा पर पड़ी। वहाँ रस्सा बांध गले में फाँसी
खाने की तैयारी करती हुई सौंदर्यवान सुन्दरी को दुःखी हृदय
से इस प्रकार बोलती हुई सुना। हे सब वन देवताओं! आकाश
में रहने वाले ज्योतिषी देवों! आप सब मेरी विनीत एक चित्त
से सुनो। मैं इस जन्म में तो सागरचन्द्रपति को प्राप्त
नहीं कर सकी परन्तु पुनर्जन्म में तो मुझे सागरचद्र से जरूर
मिलाना। अपना नाम सुन विस्मित हो कुमार उत्साह से
सुन्दरी के पास आकर फंदे को काट बोला। हे सुन्दरी!
अज्ञान मनुष्य की तरह तू आत्मघात कर महान् पाप की
भागी किस दुःख से होती है?

कुमार के वचन सुन वह सुन्दरी अपराधी की तरह लाचार
और शर्म से बिना उत्तर दिये नीचा मुंह कर शोक ग्रस्त हो
खड़ी रही। कुमार ने पुनः पूछा। सुन्दरी! बोलती क्यों नहीं
क्या अपना वृत्तान्त बताने में कोई आपत्ति है? यदि यह ठीक
है तो मैं विशेष आग्रह नहीं करूँगा। क्या तुझे अपने स्थान
पर जाना है? चल तुझे निर्विघ्न ले चलूँ। कुमार यह कहता
है इतने में कोई एक विद्याधर वहाँ पहुँचा और बोला

हे पराक्रमी पुरुष ! मैं इस कन्या का वृत्तान्त कहता हूँ, सुनो

इस अमरद्वीप में सुरपुर नगर के भुवनभानु राजा की चंद्रानना राणी से उत्पन्न पुत्री यह हेममाला है। यह अमृतचंद राजा के पुत्र सागरचंन्द्र के सदगुणों को सुन उस पर आसक्त हो गई है। एक दिन यह अपनी सखियों सहित उद्यान में क्रीड़ा करने गई वहाँ दुरात्मा सुरसेन विद्याधर ने उसका हरण किया उससे अमित तेज विद्याधर ने द्वन्द युद्ध कर उस पापी का नाश कर अपने घर राजकुमारी को ले गया। इच्छित पति के नहीं मिलने से आज मरने की इच्छा से यहाँ आकर आत्मघात करती थी। हे कुमार तुमने इसे बचाया है। इस प्रकार इसका वृत्तान्त है। अब कृपा कर बताओ कि आप कौन हो ?

विद्याधर के मुख से हकीकत सुन अपनी प्रशंसा अपने मुख से करना ठीक नहीं समझ कुमार मौन रहा। तब हेममाला बिचारने लगी कि कदाचित यही सागरचंन्द्र कुमार तो नहीं है। क्योंकि रूप गुण में उसके समान मालुम होता है। कुमारी यह विचार करती है इतने में विद्याधरों का राजा अमिततेज विद्याधर वहाँ आ पहुँचा और बोला। हे मित्र ! यह राजकुमार अपनी प्रशंसा अपने मुँह से नहीं करता। मैं इसकी पहिचान बताता हूँ।

मैं नदीश्वर द्वीप में शाश्वते जिन की वंदना कर पीछा आता था तब मार्ग में मलयपुर नगर में इस परोपकारी गुणा-कर अमृतचँद नृपति के कुमार सागरचँद को देखा था। फि-

कारण से अथवा इस कुमारी के पुण्य से यह राजकुमार इस अरण्य में आया है । इसलिए हे मित्र भुवनभानु तुम्हारी पुत्री का व्याह इसके साथ करना ठीक ही है । इस पर पाठक गण समझ गये होंगे कि प्रथम आया हुवा विद्याधर हेममाला का पिता भुवनभानु था और पाछे से आया वह हेममाला को दुष्ट विद्याधर के पास से छुड़ाने वाला अमिततेज था । अपने मित्र के द्वारा अपरिचित पुरुष की प्रशंसा और परिचय मिलने से भुवनभानु बहुत प्रसन्न हुआ । पीछे कुमार, पुत्री और अमित तेज को अपने नगर में ले गया । वहाँ बड़े हर्ष से उत्साहपूर्वक हेममाला का पाणीग्रहण सागरचन्द्र के साथ किया । सागरचन्द्र हेममाला के साथ आनन्दपूर्वक सुख भोगता हुआ श्वसुर के दिये दिव्य भुवन समान महल में अपने दिन आनन्द में व्यतीत करने लगा ।

एक दिन महल में रात्रि को कुमार निश्चितता से सो रहा था, इतने में पूर्व भव के वैरी देव ने द्वेष से उसे वहाँ से उठा कर ऐसे पर्वत पर फेंका जहाँ अनेक शिकारी पशु रहते थे । परन्तु पुण्य प्रभाव से वह पर्वत पर न गिरकर किसी सरोवर में गिरा । वहाँ से तैरता २ सूर्योदय होते २ बाहर निकला ।

थोड़ी देर विश्राम ले जंगल में भ्रमण करता हुवा विचारने लगा कि देखो अभी एक दुःख का अन्त नहीं हुवा और दुसरा दुःख सामने आ गया । कर्म की बड़ी विचित्र गति है । वज्र

